स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, मंगलवार
10 मार्च, 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष 07
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 198 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net


बौखलाए शोएब अख्तर बोले भारत के दबदबे ने क्रिकेट को नुकसान पहुंचाया



# ईरान : मोजतबा खामेनेई बने सुप्रीम लीडर

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को उनका उत्तराधिकारी घोषित किया गया है। इसी बीच

- भड़क उठे ट्रंप, कहा मैं इससे खुश नहीं
- तेहरान में लोगों ने मनाया जश्न

मोजतबा खामेनेई के चयन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहली प्रतिक्रिया में कहा कि वह इस से खुश नहीं हैं। उन्होंने फॉक्स न्यूज के एंकर ब्रायन किल्मीड से बात करते हुए कहा, ईरान ने मोजतबा खामेनेई को अपना नया सर्वोच्च नेता चुना है। मैं खुश नहीं हूं।



**कभी किसी सरकारी पद के लिए चुनाव नहीं लड़ा**

ईरानी सरकारी टीवी ने सोमवार को सर्वोच्च नेता का एलान किया। यह निर्णय ऐसे समय लिया गया, जब अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद युद्ध शुरू हुआ और अब एक नाटकीय मोड़ पर पहुंच गया है। मोजतबा खामेनेई को लंबे समय से इस पद का संयुक्त अनुमोदन माना जा रहा था। उल्लेखनीय है कि मोजतबा ने इससे पहले भी कभी किसी सरकारी पद के लिए चुनाव नहीं लड़ा था और न ही उन्हें किसी पद पर नियुक्त किया था।

ईरान की 88 सदस्यीय धार्मिक विशेषज्ञ सभा ने मोजतबा को देश का नया सुप्रीम लीडर चुना। ईरान की धार्मिक विद्वान सभा, धार्मिक विद्वानों का समूह है, जो सर्वोच्च नेता का चयन करता है। सरकारी टीवी ने एक बयान पढ़कर सुनाया जिसमें कहा गया कि उन्हें मजबूत समर्थन के आधार पर चुना गया है और देशवासियों से उनके पीछे एकजुट होने की अपील की गई। साथ ही तेहरान के सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के जश्न मनाने के दृश्य भी दिखाए गए। लगभग आधी सदी पहले हुई इस्लामी क्रांति के बाद से सर्वोच्च नेता के पद पर सत्ता का यह केवल दूसरा हस्तांतरण है।

मोजतबा खामेनेई पिछले कई दिनों से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे। अब वह ईरान की सत्ता व्यवस्था के केंद्र में होंगे और राज्य के सभी महत्वपूर्ण मामलों पर अंतिम निर्णय उन्हीं का होगा। वे सेना और शक्तिशाली अर्धसैनिक संगठन रिवोल्यूशनरी गार्ड के सर्वोच्च कमांडर भी होंगे।

## दावा- इजराइली हमले में मुजतबा खामेनेई घायल

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, वे मौजूदा युद्ध के दौरान घायल हुए हैं। सरकारी टीवी ने उन्हें जानबाज बताया, जिसका मतलब है कि वे दुश्मन के हमले में घायल हुए हैं। हालांकि रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि मुजतबा किस घटना में घायल हुए। इससे पहले 28 फरवरी को उनकी पत्नी, बेटी और पिता की मौत हो गई थी। जंग शुरू होने के बाद से मुजतबा सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिए हैं। उन्हें बीती रात ईरान का नया सुप्रीम लीडर घोषित किया गया था। वहीं अली खामेनेई की मौत के बाद इजराइल और अमेरिका ने बिना इजाजत सुप्रीम लीडर चुनने पर खोज कर मारने की धमकी दी थी। इजराइल ने कहा था कि जो भी ईरान का सुप्रीम लीडर बनेगा उसे खत्म कर दिया जाएगा, चाहे वो कहीं भी छुपा हो।

### पुतिन ने मोजतबा खामेनेई को दी बधाई

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने बताया कि पुतिन ने खामेनेई के नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने ईरान को रूस के अटूट समर्थन का आश्वासन भी दिया है। पुतिन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मोजतबा खामेनेई अपने पिता की विरासत को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इससे दोनों देशों के रिश्ते और भी मजबूत होंगे। पुतिन ने ईरान को भरोसा दिलाया कि इस मुश्किल समय में रूस तेहरान के साथ मजबूती से खड़ा है।

# ईरान जंग पर विपक्ष का दोनों सदनों में हंगामा

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन लोकसभा और राज्यसभा में अमेरिकी-इजराइल और ईरान जंग पर जमकर हंगामा

- सरकार बोली- स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर बहस के लिए तैयार

हुआ। विपक्ष जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालात पर चर्चा की मांग कर रहा था।

उधर, विदेश मंत्री ने पहले राज्यसभा में और फिर लोकसभा में खाड़ी देशों से भारतीयों की वापसी और ऊर्जा संकट को लेकर तैयारियों के बारे में बताया। राज्यसभा में विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने राज्यसभा में पश्चिम एशिया के हालात पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में बढ़ते तनाव को लेकर काफी गंभीर है। भारत ने 20 फरवरी को ही एक बयान जारी कर अपनी चिंता जाहिर कर सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की थी।



विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार नए घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहे हैं। संबंधित मंत्रालय आपस में तालमेल बिठाकर काम कर रहे हैं ताकि सही कदम उठाए जा सकें। उन्होंने बताया कि यह विवाद भारत के लिए बड़ी चिंता की बात है। खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं। ईरान में भी हजारों भारतीय छात्र और कर्मचारी मौजूद हैं। यह इलाका भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि यहां तेल और गैस के मुख्य सप्लायर हैं। सप्लाई चेन में रुकावट आना एक गंभीर मुद्दा है।

जयशंकर ने कहा यह विवाद लगातार बढ़ रहा है जिससे इलाके की सुरक्षा की स्थिति खराब हो गई है। इसका असर आम जिंदगी और कामकाज पर पड़ रहा है। इस संकट में भारत ने अपने दो नाविकों को खो दिया है और एक नाविक अभी भी लापता है। भारतीयों की सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि तेहरान में भारतीय दूतावास छात्रों को सुरक्षित जगहों पर भेजने में मदद कर रहा है। ईरान में मौजूद व्यापारियों को आर्मेनिया के रास्ते भारत लौटने में सहायता दी गई है। तेहरान में भारतीय दूतावास पूरी तरह सक्रिय और हाई अलर्ट पर है। अब तक लगभग 67,000 भारतीय नागरिक वापस लौटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर चुके हैं। सरकार अपने लोगों को वापस लाने की पूरी कोशिश कर रही है।

विदेश मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल ईरान के बड़े नेताओं से संपर्क करना मुश्किल है। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्री ने भारत का शुक्रिया अदा किया है। भारत ने मानवीय आधार पर ईरानी युद्धपोत लवन को कोच्चि पोर्ट पर रुकने की इजाजत दी थी, जिसके लिए ईरान ने आभार जताया है।

**रमज़ान मुबारक**

इफ्तार मंगलवार
सुन्नी : 6:14 P.M.
शिया : 6:24 P.M.

सहरी मंगलवार
सुन्नी : 4:58 P.M.
शिया : 4:51 P.M.

## विमान के शौचालय में बीड़ी पीने लगा यात्री, हड़कंप

**पणजी।** अकासा एयर की दिल्ली से गोवा जा रही एक फ्लाइट में एक यात्री ने कथित तौर पर शौचालय में बीड़ी पीकर विमान की सुरक्षा को खतरे में डाला। इस मामले में पुलिस ने यात्री के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि यह घटना शनिवार को फ्लाइट [illegible]625 में हुई, जब दिल्ली निवासी आशीष नाम का यात्री राष्ट्रीय राजधानी से गोवा जा रहा था। विमानन कंपनी की शिकायत के अनुसार, यात्री ने उड़ान के दौरान विमान के शौचालय में बीड़ी पी। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लाइटर भी बरामद हुआ।

# कूनो में चीते के पांच शावक जन्मे

**श्योपुर।** श्योपुर जिले स्थित कूनो नेशनल पार्क से वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में बड़ी खुशखबरी सामने आई है।

- भारत में संख्या पहुंची 53

नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने पांच शावकों को जन्म दिया है। ज्वाला तीसरी बार मां बनी है और उसके इन नए शावकों के साथ कूनो में चीता परिवार और भी बड़ा हो गया है। पांच शावकों के जन्म के बाद भारत में जन्मे स्वस्थ चीतों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। यह भारत की धरती पर चीतों का दसवां सफल जन्म समूह है, जिसे प्रोजेक्ट चीता के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।



## इटावा सफारी में गूंजी किलकारी शेरनी नीरजा ने चार शावकों को दिया जन्म

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में रविवार रात किलकारी गूंजी। शेरनी नीरजा ने चार शावकों को जन्म दिया है। उनकी निगरानी की जा रही है। निदेशक डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि एशियाटिक बब्बर शेर कान्हा और शेरनी नीरजा की मेटिंग 18 नवंबर से 21 नवंबर 2025 के मध्य हुई थी। आईवीआरआई बरेली से शेरनी नीरजा की गर्भ ठहरने की पुष्टि होने के बाद उसे ब्रीडिंग सेंटर में शिफ्ट किया गया था। शेरनी नीरजा की संभावित प्रसव तिथि होली त्योहार के आसपास (तीन से आठ मार्च के बीच) थी। ऐसे में त्योहार पर भी अधिकारी और कर्मचारी सतर्क थे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शाम 08.25 बजे शेरनी नीरजा ने पहले शावक को जन्म दिया। इसके बाद 09.07 बजे दूसरे, 09.43 बजे तीसरे और 09.59 बजे चौथे शावक का जन्म दिया। सफारी प्रशासन ने इनकी नियमित निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जा रही है। शेरनी नीरजा अपने चारों शावकों का देखरेख अच्छे से कर रही है। यह तीसरी बार मां बनी है। इटावा सफारी पार्क में इसके 05 शावक (पहली बार के 02 और दूसरी बार के 03) सफलता पूर्वक पल रहे हैं।

# गर्मी के तेवर हुए तीखे, पहाड़ों पर छाई धूप

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में मार्च की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। उत्तर भारत के कई शहरों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मैदानी इलाकों में राजस्थान के झुंझुनूं

- उत्तर में 35 डिग्री के पार पहुंचा पारा

जिले के पिलानी में सबसे अधिक 40.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार राजस्थान, दक्षिण हरियाणा, दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य भारत और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। वहीं देश के अधिकतर अन्य हिस्सों में अधिकतम तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि कई क्षेत्रों में तापमान सामान्य से काफी अधिक चल रहा है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में तापमान सामान्य से 5 से 8 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। तीखी धूप के कारण पहाड़ी इलाकों में भी स्थानीय लोगों और पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत में शुष्क हवाएं चलने के कारण तापमान तेजी से बढ़ रहा है। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। उत्तर-पश्चिम भारत में रात का तापमान 14 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में यह 18 से 22 डिग्री सेल्सियस और दक्षिण भारत में 22 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से आने वाले दिनों में पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम बदल सकता है। जम्मू-कश्मीर में 7 से 12 मार्च के बीच हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी इसी अवधि के दौरान हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है।



## भारत इनोवेशन वाली इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत अब तेजी से एक इनोवेशन-ड्रिवन इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है। हमारे एजुकेशन सिस्टम को रियल-वर्ल्ड इकोनॉमी की जरूरतों के साथ और मजबूती से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल इकोनॉमी को भविष्य के लिए



- एआई-ऑटोमेशन पर फोकस
- बेटियों को नए मौकों से पीछे नहीं रहने देंगे

जरूरी बताया। पीएम मोदी ने कहा कि लंबे समय की ग्रोथ बनाए रखने के लिए भारत को एआई, ऑटोमेशन, डिजिटल इकोनॉमी और डिजाइन-बेस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे उभरते सेक्टरों पर ध्यान देना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि ग्लोबल लेवल पर प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए इन विषयों को प्राथमिकता देना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने शिक्षा और रोजगार के बीच सीधा संबंध बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'हमें अपने एजुकेशन सिस्टम को रियल इकोनॉमी से जोड़ने की प्रोसेस को और तेज करना होगा।' पीएम के मुताबिक, आने वाले समय में वर्कफोर्स के लिए फ्यूचर रेडी स्किल्स यानी भविष्य की जरूरतों के हिसाब से कौशल होना सबसे जरूरी होगा। समावेशी विकास का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि नई टेक्नोलॉजी के इस दौर में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे हम भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार हो रहे हैं, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि अवसरों की कमी के कारण कोई भी बेटी पीछे न छूटे।' पीएम ने हेल्थ सेक्टर पर बात करते हुए कहा कि सरकार एक प्रिवेंटिव और होलिस्टिक हेल्थकेयर सिस्टम पर काम कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर का काफी विस्तार हुआ है। इसके साथ ही स्पोर्ट्स को अब राष्ट्रीय विकास का एक प्रमुख स्तंभ माना जा रहा है, जिसके लिए देशभर में खेल सुविधाओं को मजबूत किया गया है।

# 'आधी रात में याचिका लिखी थी क्या?'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक वकील की तरफ से दायर किए गए पांच याचिकाओं को 'असंगत और बेवजह' बताते हुए पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (पीआईएल) खारिज कर दिए। इनमें से एक याचिका में मांग की गई थी कि यह जांच की जाए कि प्याज और लहसुन में 'तामसिक' यानी नकारात्मक ऊर्जा होती है या नहीं। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने वकील सचिन गुप्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि क्या आप आधी रात को ये सारी याचिकाएं तैयार करते हो? सीजेआई ने इन याचिकाओं को अस्पष्ट, असंगत और बिना आधार वाली बताया। इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची भी शामिल थे। उन्होंने वकील को कई

- पीआईएल को लेकर वकील पर बिफरा सुप्रीम कोर्ट, लगा दी फटकार

पीआईएल दायर करने पर फटकार लगाई। बता दें कि प्याज और लहसुन वाली याचिका में यह भी कहा गया था कि जैन धर्म के लोग इसे 'तामसिक' भोजन मानते हैं और इन्हें नहीं खाते। इसपर सीजेआई ने पूछा कि आप जैन समुदाय की भावनाओं को क्यों आहत करना चाहते हैं?

सीजेआई के फटकार के बाद वकील ने जवाब दिया कि यह आम समस्या है और गुजरात में किसी ने खाने में प्याज इस्तेमाल करने पर तलाक भी लिया। इस पर सीजेआई ने सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर अगली बार आप ऐसी बेवजह याचिका लाएंगे, तो आप देखेंगे कि हम क्या करेंगे। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने गुप्ता की तरफ से दायर चार अन्य पीआईएल भी खारिज कर दीं।

# नेपाल की राजनीति में बड़ा बदलाव

**काठमांडू।** नेपाल में पांच मार्च को हुए आम चुनाव के नतीजों ने देश की राजनीति में बड़ा बदलाव ला दिया है। इस चुनाव में पुरानी राजनीतिक पार्टियों को बड़ा झटका

- दो पूर्व पीएम हारे, प्रचंड ही बचा पाए अपनी सीट

लगा है, जबकि नई पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। घोषित नतीजों के अनुसार, आरएसपी ने अब तक घोषित 156 सीटों में से 120 सीटें जीत ली हैं और वह दो-तिहाई बहुमत की ओर बढ़ रही है। इस जीत को नेपाल की राजनीति में नई पीढ़ी के उभार के रूप में देखा जा रहा है। खास बात यह रही कि इस चुनाव में नेपाल के तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों ने हिस्सा लिया था, लेकिन उनमें से केवल पुष्प कमल दहल प्रचंड ही अपनी सीट जीतने में सफल रहे। उन्होंने रुकुम ईस्ट सीट से चुनाव जीता। प्रचंड हर चुनाव में अलग सीट से चुनाव लड़ने के लिए भी जाने जाते हैं। पहले वे रोल्पा, काठमांडू, सिराहा, चितवन और गोरखा जैसी सीटों से चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार उन्होंने माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्र रुकुम ईस्ट को चुना था।

इस चुनाव का सबसे बड़ा उलटफेर तब हुआ जब आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेंद्र शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को भारी मतों से हरा दिया। कोशी प्रांत के झापा-5 सीट से हुए इस मुकाबले में 35 वर्षीय बालेन शाह को 68,348 वोट मिले, जबकि 74 वर्षीय ओली को केवल 18,734 वोट ही मिले।

# बढ़ती उम्र में मानसिक गिरावट जरूरी नहीं

**न्यूयॉर्क।** बढ़ती उम्र के साथ याददाश्त कमजोर होना या शरीर का साथ छोड़ देना अब तय नहीं माना जाएगा। येल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की स्टडी में सामने आया

- 12 साल में 65 पार के 11 हजार बुजुर्गों को किया ट्रैक, 45 प्रतिशत बुजुर्गों की सेहत में सुधार

है कि करीब 45 प्रतिशत बुजुर्गों में उम्र बढ़ने के बावजूद मानसिक या शारीरिक क्षमता में सुधार हुआ। इनमें 31.9 प्रतिशत की कॉग्निटिव क्षमता बेहतर हुई, जबकि 28 प्रतिशत लोगों की शारीरिक ताकत बढ़ी। जिन लोगों की स्थिति स्थिर रही, उन्हें भी जोड़ें तो कुल 51 प्रतिशत बुजुर्गों में गिरावट का कोई संकेत नहीं मिला। संयुक्त राज्य अमेरिका के येल स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की प्रोफेसर बेक्का लेवी की अगुआई में 65 साल से ज्यादा उम्र के 11 हजार से अधिक लोगों को 12 साल तक ट्रैक किया गया। इस दौरान 13 चरणों के कॉग्निटिव टेस्ट और चलने की गति के जरिए उनकी दिमागी और शारीरिक स्थिति जांची गई।



वैज्ञानिकों के अनुसार, बुढ़ापे के प्रति सकारात्मक और उत्साहपूर्ण नजरिया रखने वाले बुजुर्ग मानसिक व शारीरिक रूप से अधिक मजबूत रहते हैं। इसके उलट, नकारात्मक सोच रखने वालों में याददाश्त की कमी, हृदय रोग और अल्जाइमर का खतरा अधिक पाया गया। अध्ययन स्पष्ट करता है कि खुद को उपयोगी मानना बेहतर स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है।

मसल्स को अक्सर लोग जिम और बॉडीबिल्डिंग से जोड़कर देखते हैं, लेकिन रिसर्च बताती है कि मांसपेशियां शरीर का एक एक्टिव अंग हैं। ये हमें चलने-फिरने में मदद करती हैं, ब्लड शुगर कंट्रोल करने में रोल निभाती हैं और शरीर में सूजन घटाने वाले मायोकाइन्स जैसे प्रोटीन छोड़ती हैं। स्टडीज के मुताबिक मसल्स दिल और दिमाग के साथ लगातार संवाद करती हैं। यानी लंबी और हेल्दी जिंदगी के लिए मांसपेशियों की देखभाल किसी महंगी दवा से ज्यादा असरदार हो सकती है। यूनिवर्सिटी ऑफ बफेलो के डॉ. माइकल ला मोंटे ने 63 से 99 साल की 5,000 से ज्यादा महिलाओं पर रिसर्च की। नतीजों में सामने आया कि मांसपेशियों की मजबूती का सीधा संबंध लंबी उम्र से है। उम्र बढ़ने के साथ मसल्स का साथ बने रहना मौत के जोखिम को कम करता है।

# दिल्ली शराब नीति केस : हाइकोर्ट का सभी 23 आरोपियों को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट ने सोमवार (9 मार्च) को दिल्ली शराब नीति केस में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को

- सीबीआई अफसर के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक

नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग (पीएमएलए) मामले में ट्रायल कोर्ट आगे की सुनवाई तब तक टाल दे, जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर आगे सुनवाई न कर ले। ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को इस मामले में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। इसी आदेश को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीबीआई ने अपनी 974 पेज की याचिका में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने चार्ज फ्रेमिंग के चरण में ही मिनी-ट्रायल जैसा व्यवहार किया। कोर्ट ने पूरे सबूतों को विस्तार से जांचना शुरू कर दिया, जैसे कि पूरा केस चल रहा हो। जबकि इस स्तर पर केवल सरसरी नजर से मामला देखा जाता है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एजेंसी फिलहाल डिस्चार्ज आदेश पर रोक नहीं चाहती, लेकिन यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ट्रायल कोर्ट का फैसला ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच को प्रभावित न करे।

## आरसी के विरोध में लामबंद हुए दुकानदार

**आनन्दनगर।** आदर्श नगर पंचायत आनन्दनगर के 42 दुकानदारों ने सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय पर नगर प्रशासन का जमकर विरोध प्रदर्शन किया। दुकानदारों को थमाया गया आर सी में लगभग 24 लाख रुपए का नोटिस बताया जा रहा हैं।इसके बाद वह लोग (ईओ) को ज्ञापन सौंपकर किराया जमा होने के बावजूद आरसी जारी किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई हैं।दुकानदारों ने अपने पत्र में बताया कि आदर्श नगर पंचायत आनन्दनगर की दुकानों का किराया वर्ष 2024 तक जमा किया जा चुका है। इसके बावजूद 9 मार्च को उन्हें आरसी थमा दी गई,जिससे दुकानदारों में दहशत का माहौल बन गया है।दुकानदारों का आरोप है कि यह कार्रवाई नगर पंचायत आनंद नगर कार्यालय की घोर लापरवाही का परिणाम हैं। उनका कहना है कि आरसी जारी होने के बाद प्रशासनिक टीम द्वारा उन्हें धमकाया जा रहा हैं ,और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा हैं।

# घरेलू गैस के लिए हो रही मारा मारी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**सिसवां, महराजगंज।** डीएम महराजगंज द्वारा सोशल मीडिया पर गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं होने की घोषणा और अफवाहों पर ध्यान ना देने के आग्रह के बावजूद ग्राउंड जीरो पर स्थिति नहीं बदल रही।

सोमवार को सिसवा नगर के सबया स्थित सिंह गैस एजेंसी के गोदाम पर रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए महिला और पुरुष ग्राहकों की स्थिति यह है कि कितने महिला और पुरुष रात से ही गैस एजेंसी गोदाम के बाहर लाइन में लग गए। सुबह भीड़ अधिक होने के कारण कई बार धक्का-मुक्की की स्थिति भी देखने को मिली। बताया जा रहा है कि इजरायल और ईरान के बीच संभावित युद्ध को लेकर गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की कमी की अफवाह तेजी से फैल रही है। इसी वजह से कई लोग बिना जरूरत के भी गैस सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंच रहे हैं। जबकि वही गैस रीफिलिंग की दुकानों पर मनमाने रेट पर गैस मिल जा रहा है, जो प्रशासन की नाकामी बताने के लिए काफी है। वहीं एजेंसी संचालक का कहना है कि गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से हो रही है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।

## ढ़ोल नगाड़ों के बीच निकली कलश यात्रा

**पुरैना।** विकास खंड घुघली के ग्राम भरवलिया से गाजे बाजे एवं धार्मिक उदघोष के बीच सोमवार को श्री विष्णु महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में वाहनों में देवताओं की सुंदर झांकी भी निकाली गई। इनमें भगवान शंकर की आकर्षक झांकी सभी के मन को मोह रही थी। कलश यात्रा में में भारी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं नवयुवकों ने हिस्सा लिया। महिलाएं सिर पर कलश रखकर कतारबद्ध होकर रामपुर मोड़ होते हुए काफवा, जोगिया एवं घुघली घुघली नगर का भ्रमण करते हुए की छोटी गंडक नदी के बैकुंठी घाट पहुंची। सभी महिलाओं ने वहां पर ब्राह्मण पुरोहितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा। घाट पर विधिवत पूजन किया गया। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से तिवारी चौक, चैनपुर होते हुए घुघली के छोटी गंडक नदी के बैकुंठी घाट पहुंचा।

# विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**महाराजगंज।** जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज महाराजगंज के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों एवं मेरा युवा भारत केन्द्र महाराजगंज के संयुक्त तत्वाधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के अनुपालन में जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया जिसमें विकसित भारत 2047 की परिकल्पना एवं आपातकाल के 50 वर्ष लोकतंत्र के लिए सीख विषय पर परिचर्चा हुई जिसमें अधिकतम छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया और उपरोक्त विषय पर पक्ष एवं विपक्ष में विचार प्रस्तुत किया निर्णायक मंडल के द्वारा प्रथम स्थान अंशु चौधरी, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से प्रांजल यादव एवं प्रियांशु पटेल,तृतीय स्थान संयुक्त रूप से अर्चना वर्मा और किरण गुप्ता को प्राप्त हुआ इनके अतिरिक्त दिव्यांशु जैसवाल ,लक्ष्मी चौरसिया ,उदित नारायण शर्मा, संदीप ,प्रीति



वर्मा, अरुणेश इत्यादि के प्रयास सराहनी रहे जिन्होंने अपने सुझाव एवं विचार परिचर्चा में व्यक्त किया प्रतिभागियों ने इंफ्रास्ट्रक्चर ,स्मार्ट सिटी, लोकतांत्रिक मूल्य ,विज्ञान की प्रगति इत्यादि के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने का माध्यम माना
कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व भारत माता की तस्वीर पर पुष्पार्चन से हुई कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर घनश्याम शर्मा पूर्व विभाग अध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग एवं श्री निरंकार चौधरी जिला अर्थ एवं सांख्य अधिकारी उपस्थित रहे जिन्होंने प्रतिभागियों के विचारों को सुना तथा अपने संबोधन में भारत के नित नई तकनीकी विकास, वैज्ञानिक प्रगति ,जीडीपी ,साक्षरता इत्यादि को स्पष्ट करते हुए विकसित भारत में उनके योगदान को सविस्तर स्पष्ट किया निर्णायक मंडल के रूप में प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार सोनकर श्री दिवाकर सिंह डॉक्टर प्राची कुशवाहा डॉ पीयूष कुमार जायसवाल एवं डॉ विपिन यादव उपस्थित रहे ।

# बाल विवाह मुक्त भारत का लिया संकल्प

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**कुशीनगर।** कसया ब्लॉक के विश्वभरपुर में पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति (पीजीएसएस) के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प लिया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकार साथ सरकार की योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाया जा रहा है। मुख्य वक्ता पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती शांति सिंह ने कहा कि महिलाएं आज विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य, अध्यात्म, अंतरिक्ष, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहरा रहीं है। हमारी कोशिश हो कि महिलाओं के स्वावलंबन और सम्मान के लिए सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाय। विशिष्ट अतिथि डीडीएम नाबार्ड राहुल यादव कौशल विकास और समूह पर चर्चा की।पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति गोरखपुर के सहनिदेशक फादर लिज्जो ने संस्था के कार्यक्रमों को बताया। वक्ताओं ने




महिला सशक्तिकरण, हक अधिकार एवं पंचायतीराज में भागीदारी, बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प, सरकारी योजना में महिलाओं और उनके परिवार का जुड़ाव सुनिश्चित करने, जागरूकता पर चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व जिपंस जान मोहम्मद, सामुदायिक केंद्र समन्वयक सिस्टर रानी, सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मी, अतुल चौबे, मंजीत कुमार, अरुण, रीना, सुधा, शशिबाला, नंदू प्रसाद, इसरावती, महिला मंडल अध्यक्षा, मस्तराज सहित 30 ग्राम पंचायतो से 410 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

## अफवाहों से बचें : कृष्ण

**कुशीनगर।** जिलापूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय ने जनपद के समस्त गैस उपभोक्ताओं को अवगत कराया है कि वर्तमान में जनपद की सभी गैस एजेंसियों पर एलपीजी रिफिल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अतः किसी भी प्रकार की अफवाह में आकर गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न बढ़ायें। उपभोक्ता अपने गैस कनेक्शन पर रिफिल प्राप्त करने के लिए संबंधित एजेंसी/कंपनी के माध्यम से गैस की बुकिंग अवश्य कराएं। बुकिंग के उपरान्त नियमानुसार गैस रिफिल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। समस्त गैस एजेंसियों के प्रोपराइटर/संचालकों को निर्देशित किया है कि वे अपने प्रतिष्ठान पर सभी श्रेणियों के एलपीजी रिफिल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें, ताकि किसी भी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी गैस एजेंसी अथवा गोदाम में अनाधिकृत अथवा अवैध भण्डारण पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध प्रचलित नियमों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# आरोग्य मेले का डीएम व सीडीओ ने किया निरीक्षण, दिखे नाराज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**महाराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महदेवा में आयोजित आरोग्य मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेले में आए मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

इस दौरान कुल 35 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। अस्पताल में डायरिया से पीड़ित महिला रितु, निवासी पतरपुरवा महदेवा दुबे भर्ती पाई गईं, जिनका स्वास्थ्य संतोषजनक बताया गया। निरीक्षण के दौरान पीएचसी परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी डॉ. सी.बी. पाण्डेय के प्रति नाराजगी जताते हुए उन्हें फटकार लगाई और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित ग्राम प्रधान के साथ समन्वय स्थापित कर परिसर की साफ-सफाई तत्काल बेहतर कराने को कहा।

जिलाधिकारी ने परिसर में स्थित डॉक्टर आवास के जर्जर अवस्था में होने पर उसे निष्प्रयोज्य घोषित कर गिराए जाने के निर्देश दिए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। साथ ही अस्पताल भवन में रंग-रोगन कराने के भी निर्देश दिए।

कोरोना काल में ऑक्सीजन प्लांट के लिए बनाए गए भवन के वर्तमान में अनुपयोगी पाए जाने पर उसे साफ कराकर उपयोग में लाने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान कार्ड की स्थिति तथा दवाओं की एक्सपायरी की भी जांच की गई।



इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवनाथ प्रसाद, एसडीएम शैलेन्द्र कुमार गौतम, तहसीलदार वशिष्ठ वर्मा, रामप्रवेश सिंह सहित अस्पताल के कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नौतनवां।** पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति एवं नवज्योति महिला संघर्ष मंडल नौतनवा के संयुक्त तत्वाधान में नौतनवा रतनपुर ब्लॉक सभागार मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका नौतनवा के भूतपूर्व अध्यक्षा श्रीमती नायला खान, विशिष्ट अतिथि बी एम एम श्रीमती अस्मिता सिंह, विशिष्ट अतिथि मिशन शक्ति प्रभारी सुश्री प्रिया रही। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मुद्दा है कि पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा मिले, महिलाएं सम्मानजनक एवं सतत आजीविका से जुड़े, सरकारी योजनाओं से महिलाओं एवं उनके परिवारों का प्रभावी जुडाव सुनिश्चित हो, बाल विवाह मुक्त भारत के सकल्प को समाज में और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। समारोह में नौतनवा रतनपुर ब्लॉक के ग्राम खैराटी छपवा जारा पैसिया बाबू बरवाकला चंडीथान जारा बुद्ध नगर जगन्नाथपुर कोहटवाल करमहवा भारिय आदि गांव के सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

## महिला जनसुनवाई व समीक्षा बैठक 13 को

**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा तथा महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 13 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे जनपद कुशीनगर के सर्किट हाउस / राजकीय अतिथि गृह में महिला जनसुनवाई / समीक्षा बैठक आयोग की सदस्य जनक नंदिनी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनके द्वारा नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, संबंधित थानों के क्षेत्राधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# प्रशासन व समाजसेवियों ने की संयुक्त बैठक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**बस्ती।** मनोरमा नदी की सफाई को लेकर चल रहे जनजागरण अभियान के क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी के निर्देश पर डीसी मनरेगा संजय शर्मा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेता चन्द्रमणि पांडेय सुदामा तथा उनके सहयोगियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में डीसी मनरेगा ने श्री पांडेय को बताया कि आपके द्वारा भेजे गए पत्र के क्रम में पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी के प्रयासों से एक सप्ताह पूर्व दो दिनों के लिए आई केन्द्रीय जल आयोग/ गंगा समिति की टीम द्वारा मनोरमा नदी का सर्वेक्षण कराया गया है।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी चन्द्रमणि पांडेय ने स्पष्ट रूप से कहा कि मनोरमा नदी केवल जलधारा नहीं बल्कि जनपद की आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इसके संरक्षण और स्वच्छता के लिए समाज और



प्रशासन दोनों की संयुक्त जिम्मेदारी है।यह बैठक केवल केंद्र सरकार या गंगा समिति की कार्यवाही जानने के लिए नहीं है, बल्कि 5 फरवरी को दिए गए मांगपत्र के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले ठोस कदमों पर चर्चा के लिए है। भाजपा नेता जगतबली सिंह ने नदी में मलवे के कारण हुई दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की।

जिला पंचायत सदस्य विनोद चौधरी और डा प्रेम त्रिपाठी ने नदी किनारों पर बढ़ते अतिक्रमण पर रोक लगाने की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री पांडेय ने कहा कि यदि बैठक में ठोस निर्णय नहीं निकलता तो प्रशासन को अगली बैठक बुलाकर स्पष्ट कार्ययोजना बनानी चाहिए।

बैठक के अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि चैत्र रामनवमी से पूर्व मखौड़ा धाम, शिवाला घाट, तपसीधाम, झुंगीनाथ, पंडूल घाट सहित नदी तट पर स्थित लगभग एक दर्जन प्रमुख घाटों और करीब 10ङ्क12 किलोमीटर नदी क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

साथ ही मूर्ति विसर्जन के लिए नदी किनारे सुरक्षित स्थान तैयार किया जाएगा।

बैठक में सिंचाई एवं बाढ़ खंड के अधिकारियों के साथ-साथ महेंद्र प्रताप सिंह, राहुल शर्मा, रामधीरज चौधरी,गिरजा शंकर द्विवेदी, देवशरण शुक्ल, विशाल मिश्र सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व क्षेत्रीय प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता ने बांटी मिठाई

**बस्ती।** टी- 20 क्रिकेट वर्ल्ड कप का फाइनल भाजपा नेता के सहयोगी अतिउत्साहित दिखे, मैच जीतने पर शास्त्री चौक पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष आलोक पांडेय के नेतृत्व में पटाखा फोड़कर एक दूसरे



को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया, इस मौके पर सभासद सोनू पांडेय, विवेक पांडेय, विकास चौधरी, दिव्यांश दुबे, सचिन तिवारी, माता प्रसाद निषाद, अवनीश पांडेय, सूर्या उपाध्याय, शौर्य प्रताप सिंह, अनिकेत, सौरभ पांडेय, दुर्गेश पांडेय, अवधेश उपाध्याय, प्रियांशु त्रिपाठी, शिवम पांडेय, शिवम श्रीवास्तव के साथ ही अन्य लोग भी अतिउत्साहित रहे।

# नशा उन्मूलन अभियान पर आयोजित हुई संगोष्ठी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**बस्ती।** एपीएन पीजी कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाइयों रानी लक्ष्मीबाई और स्वामी विवेकानंद के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन में नशा उन्मूलन अभियान और दहेज प्रथा निषेध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने शिविर की साफ सफाई और जलपान के बाद ग्राम महरीपुर में ग्राम वासियों से बातचीत की और उन्हें नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। इसके साथ ही साथ यह भी बताया कि वे नशे से दूर रहे और दूसरों को भी इससे दूर रखें, क्योंकि नशे से जीवन के साथ-साथ परिवार भी नष्ट हो जाते हैं तथा उन्होंने नशा मुक्ति के लिए नारा भी लगाया। शिविरार्थियों ने ग्रामवासियों विशेष कर महिलाओं के बीच जाकर उनसे बातचीत की और समस्याओं को सुना अपने परिजनों को नशे से दूर रखने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

सत्र के मुख्य अतिथि रामजी सिंह सहाय कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापक डा कृष्ण कुमार प्रजापति ने दहेज प्रथा पर अपने विचार रखने के साथ ही शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बात की आवश्यकता है कि हमें दहेज लेने और दहेज देने दोनों ही बुराइयों के प्रति आवाज उठानी चाहिए। इस कार्यक्रम में अनेक छात्र छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार दुबे ने किया तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्र मिलन वर्मा ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर सभी शिविरार्थी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**सिद्धार्थनगर।** मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत मानव संसाधन एवं महिला संस्थान द्वारा बर्डपुर विकास खंड के सभागार में सोमवार को ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के सचिवों (आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों) के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों के प्रति कार्यकत्रियों को जागरूक करना तथा उन्हें बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी देना था।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के डिस्ट्रिक्ट लीड प्रसून कुमार शुक्ला, खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश सिंह यादव, सीडीपीओ प्रदीप कुमार श्रीवास्तव तथा जिला सलाहकार जय प्रकाश गुप्ता, अमृता त्रिपाठी, शिव शंकर भारती ने प्रतिभागियों को बाल



संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बताया कि यदि किसी बच्चे के साथ शोषण, उपेक्षा या हिंसा की स्थिति सामने आती है तो उसकी सूचना संबंधित विभागों को तत्काल देना आवश्यक है। साथ ही बाल संरक्षण तंत्र, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई की कार्यप्रणाली के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर ब्लाक कोऑर्डिनेटर मन्तोष श्रीवास्तव, मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के रामशंकर, विजय कुमार गहलौत सहित ब्लाक क्षेत्र की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# बैंक व एटीएम बूथों पर चला चेकिंग अभियान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**महराजगंज।** अवकाश के बाद बैंक खुलने के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा विभिन्न बैंक शाखाओं में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंक शाखाओं, एटीएम बूथों तथा उनके आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। चेकिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों, अलार्म सिस्टम, गार्ड की तैनाती, प्रवेश एवं निकास द्वार तथा अन्य सुरक्षा प्रबंधों की गहनता से जांच की। बैंक में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी गई तथा एटीएम बूथों के आसपास भी सतर्कता बरती गई।

इस दौरान बैंक प्रबंधकों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा गार्डों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। साथ ही बैंक में आने वाले ग्राहकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि वे अपने एटीएम कार्ड, पासबुक, ओटीपी व अन्य बैंकिंग जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें तथा किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की आशंका होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

पुलिस टीमों ने बैंक के बाहर खड़े संदिग्ध वाहनों की भी जांच की तथा आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। जनपद पुलिस ने आमजन से अपील की कि बैंक से बड़ी धनराशि निकालने या जमा करने के दौरान विशेष सावधानी बरतें तथा आवश्यकता होने पर पुलिस की सहायता लें।

# छात्राओं ने निकाली जनजागरूकता रैली

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**बस्ती।** महिला पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो सुनीता तिवारी के मार्ग दर्शन में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में आज छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान हेतु जन जागरूकता रैली महाविद्यालय से निकाली गई, रैली को सिविल लाइन चौकी इंचार्ज अजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, इस दौरान हरी झंडी दिखाने से पूर्व चौकी इंचार्ज सिविल लाइन बस्ती अजय सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने जन जागरूकता के माध्यम से यातायात के नियमो को उपस्थित लोगों को बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय सत्र बौद्धिक सत्र में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रभारी निरीक्षक यातायात बस्ती




अवधेश तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया, मुख्य वक्ता प्रभारी निरीक्षक यातायात अवधेश ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह जीवन में अनुशासन जीवन की सफलता हेतु आवश्यक है उसी तरह यातायात के नियमो का पालन करना भी आवश्यक है।

मुख्य आरक्षी केएन पांडेय ने कहा कि यातायात के नियमों पालन कर के हम दुर्घटनाओं को रोक सकते है। क्योंकि दुर्घटनाओं से परिवार और समाज पर भी गहरा असर होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना रक्षा जीवन रक्षा अभियान कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की डा कमलेश कुमारी पाण्डेय के साथ ही प्रख्यात समाजशास्त्री डा रघुवर पांडेय ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डा सीमा सिंह, नेहा परवीन, डा प्रियंका मिश्रा, अरुण मणि त्रिपाठी, डा नेहा श्रीवास्तव, डा मोनी पांडेय, दुर्गेश गुप्ता, इंद्रजीत, एनएसएस की स्वयं सेविकाएं उपस्थित रही।

# योगी सरकार करेगी व्यापारियों के सहयोग का सम्मान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महानगर के व्यस्ततम पुराने कारोबारी क्षेत्र में जाम की समस्या का समाधान करने के लिए सड़क चौड़ीकरण की विशेष परियोजना विरासत गलियारा को तेजी से आगे बढ़ाने के साथ ही योगी सरकार चौडीकरण से प्रभावित दुकानदारों का भी पूरा ध्यान रख रही है। सड़क चौड़ीकरण में सरकार का सहयोग करने वाले विरासत गलियारा के प्रभावित दुकानदारों को सम्मान स्वरूप नई दुकान मिल आवंटित की जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर घंटाघर में बन रहा कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स पूर्ण होने के करीब है जबकि नार्मल परिसर में बनने वाले एक अन्य कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) को भी शासन से मंजूरी मिल गई है। यह कॉम्प्लेक्स 36.47 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा।

कारोबार और जीवन सुगमता के लिहाज से गोरखपुर में धर्मशाला बाजार से लेकर पांडेयहाता तक विरासत गलियारा के नाम से सड़क का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। यह शहर का काफी पुराना व्यापारिक क्षेत्र है इसलिए यहां आज के दौर में लोगों और व्यापारियों की आमद के लिहाज से सड़कें काफी संकरी नजर आ रही थीं। सड़क चौड़ीकरण की परियोजना शुरू होने के बाद कई दुकानदारों की दुकानों का स्वरूप प्रभावित हुआ, हालांकि सभी ने सरकार की पहल का स्वागत करते हुए चौड़ीकरण में सहयोग किया। सीएम योगी ने पहले से स्पष्ट कर कर दिया था कि विकास प्रक्रिया में किसी को उजड़ने नहीं दिया जाएगा बल्कि उन्हें व्यवस्थित पुनर्वास का अवसर दिया जाएगा।

विरासत गलियारा के प्रभावित दुकानदारों के समायोजन लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम को निर्देशित किया था। इस क्रम में घंटाघर स्थित बंधु सिंह पार्क में मल्टीलेवल पार्किंग के साथ कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। 27.26 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में करीब 90 प्रतिशत कार्य हो चुके हैं। इस माह के अंत तक यह पूर्ण हो जाने की उम्मीद है। मल्टीलेवल पार्किंग सह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में 42 दुकानें होंगी।

इसके अलावा अब सीएम योगी के ही निर्देश पर नगर निगम विरासत गलियारा निर्माण से प्रभावित दुकानदारों के लिए नार्मल परिसर में एक अन्य कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनवाने जा रहा है। 36.47 करोड़ रुपये की इस नई परियोजना में बेसमेंट पार्किंग भी होगी। इसे राज्य स्तरीय तकनीकी कमेटी से स्वीकृति मिल गई है। इस कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में कुल चार फ्लोर के जरिये अलग अलग आकार की 64 दुकानों का निर्माण कराया जाएगा।

## गोरखपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**गोरखपुर।** गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब अध्यक्ष ओंकार धर द्विवेदी के नेतृत्व में पदाधिकारियों व वरिष्ठ पत्रकारों ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संगठन की आगामी योजनाओं और पत्रकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। भेंट के दौरान प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में सम्मलित होने का आग्रह किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओंकार धर द्विवेदी के साथ उपाध्यक्ष धनेश निषाद, कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव, मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के उपाध्यक्ष गजेन्द्र त्रिपाठी तथा पूर्व उपाध्यक्ष अजित यादव उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से संगठन के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा की।



### चारफाटक हादसे की सुर्खियों में दब गया विपिन जायसवाल के परिवार का दर्द

# तेज रफ्तार कार ने ली विपिन की जान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** रंगों का पर्व होली आपसी भाईचारे और खुशियों का त्योहार माना जाता है, लेकिन कभी-कभी यही उत्सव लापरवाही और हुड़दंग की वजह से दर्दनाक हादसों में बदल जाता है। ऐसा ही एक हादसा 4 मार्च 2026 को गोरखपुर में हुआ, जिसमें एक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छिन गईं।

4 मार्च 1996 को जन्मे विपिन कुमार जायसवाल को शायद यह अंदाजा भी नहीं था कि 4 मार्च 2026 का दिन उनकी जिंदगी का आखिरी दिन बन जाएगा। होली के दिन दोपहर करीब 2.30 बजे वह अपने दोस्त सुमित श्रीवास्तव के साथ स्कूटी से धर्मशाला ओवरब्रिज से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार मारुति वेगनर कार ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विपिन ओवरब्रिज से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके साथी सुमित श्रीवास्तव भी बुरी तरह घायल हो गए।

दोनों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान विपिन कुमार जायसवाल ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत से परिवार में मातम छा गया, जबकि घायल सुमित श्रीवास्तव का अभी भी इलाज चल रहा है। उसी दिन रात में चारफाटक मोहद्दीपुर इलाके में हुए एक अन्य सड़क हादसे में एमबीबीएस छात्र आकाश पांडे और उमेश शर्मा की मौत हो गई थी। आरोपी के एक राजनीतिक दल से जुड़े होने की वजह से यह मामला मीडिया में सुर्खियों में छाया रहा। लेकिन उसी दिन दोपहर धर्मशाला ओवरब्रिज पर हुए हादसे में जान गंवाने वाले विपिन जायसवाल के परिवार की पीड़ा कहीं दबकर रह गई।

परिजनों का कहना है कि चारफाटक हादसे में मृतकों के परिवारों के घर जनप्रतिनिधि और अधिकारी पहुंचे तथा सरकार की ओर से मुआवजे की घोषणा भी की गई, लेकिन विपिन जायसवाल के परिवार की सुध लेने वाला कोई नहीं पहुंचा। परिजनों के मुताबिक विपिन एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते थे, शायद यही वजह रही कि उनकी मौत को लेकर न तो किसी अधिकारी ने संज्ञान लिया और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने परिवार से मिलकर सांत्वना दी।

घटना के अगले दिन मृतक के पिता राजेंद्र कुमार जायसवाल की तहरीर पर शाहपुर थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। हालांकि परिवार का आरोप है कि हादसे के बाद कार चालक और उसके साथियों को मौके पर पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# स्क्रीन टाइम से एक्टिविटी टाइम विषय पर कार्यशाला आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सहजनवां।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आईटीएम) गीडा, गोरखपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री (पूर्वी उत्तर प्रदेश) घनश्याम शाही उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए घनश्याम शाही ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं का अत्यधिक समय मोबाइल और डिजिटल स्क्रीन पर व्यतीत हो रहा है, जिससे उनकी शारीरिक गतिविधियां और सामाजिक सहभागिता प्रभावित हो रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्क्रीन टाइम को कम कर खेल, योग, अध्ययन और रचनात्मक गतिविधियों में समय लगाना चाहिए, जिससे व्यक्तित्व का समग्र विकास संभव हो सके।



संस्थान के निदेशक डॉ. एन. के. सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने एबीवीपी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को डिजिटल अनुशासन के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बनाए रखना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. दीपेंद्र मोहन सिंह, अभिषेक नौरिया, पुनीत अग्रवाल, राज्यवर्धन जी, दिव्यांश चौधरी, समीर उपाध्याय, डॉ. ए. आर. त्रिपाठी, डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, विनीत राय, प्रदीप कुमार चौधरी, सुब्रत श्रीवास्तव, आलोक सिंह निषाद, नितेश राय सहित संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एसडीएम पर आदेश न मानने का लगा आरोप

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी दीपक मीणा अपने कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित समाधान कर रहे थे। इसी दौरान चौरीचौरा तहसील क्षेत्र की एक गंभीर समस्या को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता मुन्नीलाल यादव ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने चौरीचौरा तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि शासन और जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद संबंधित अधिकारी आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वरिष्ठ अधिवक्ता मुन्नीलाल यादव ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि गोरखपुर जनपद के 43 गांवों को लेकर शासन द्वारा पहले नोटिफिकेशन जारी किया गया था और बाद में इन गांवों को सर्वे से तहसील में आने के लिए डी-नोटिफिकेशन करते हुए संबंधित तहसीलों को भेज दिया गया। शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि सर्वे के दौरान जिन मुकदमों में जो भी आदेश और निर्णय दर्ज किए गए हैं, उन्हें संबंधित तहसीलों की कंप्यूटराइज्ड खतौनी में दर्ज किया जाए, ताकि राजस्व अभिलेखों में वास्तविक स्थिति परिलक्षित हो सके।

उन्होंने बताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश ने शासन के आदेशों का पालन करते हुए जनपद की सभी तहसीलों को इस संबंध में लिखित निर्देश जारी किए थे। इसके बाद जनपद की अधिकांश तहसीलों—सदर, गोला, कैंपियरगंज, खजनी, सहजनवा और बांसगांव—ने सर्वे के दौरान चले मुकदमों में दिए गए आदेशों और निर्णयों को कंप्यूटराइज्ड खतौनी में दर्ज करने का कार्य पूरा कर लिया।

लेकिन चौरीचौरा तहसील प्रशासन पर आरोप लगाते हुए मुन्नीलाल यादव ने कहा कि वहां के एसडीएम शासन और जिलाधिकारी के आदेशों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डी-नोटिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी संबंधित मुकदमों के आदेश और निर्णय खतौनी में दर्ज नहीं किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को लगातार परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चौरीचौरा तहसील के अंतर्गत आने वाले कई गांवों के लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। विशेष रूप से ग्राम खैरजुटा, सरार, मझगांवा, सिहोड़वा, सेमरोना और बौठा सहित कई गांवों के ग्रामीण सालों से तहसील के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी भी बढ़ती जा रही है।

मुन्नीलाल यादव ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि जब जनपद की अन्य तहसीलों में शासन के निर्देशों का पालन हो चुका है तो चौरीचौरा तहसील में इस कार्य को लंबित रखना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और शासन के आदेशों का तत्काल पालन सुनिश्चित कराया जाए।

इसी दौरान जिलाधिकारी कार्यालय में एक अन्य मामला भी सामने आया। खजनी तहसील क्षेत्र की एक महिला निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिलाधिकारी से मिलने पहुंची थी। महिला ने बताया कि उसने कई बार आवेदन किया, लेकिन अभी तक उसका निवास प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है।

महिला की शिकायत सुनते ही जिलाधिकारी दीपक मीणा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए खजनी के एसडीएम को फोन पर कड़ी फटकार लगाई।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित महिला का निवास प्रमाण पत्र आज शाम तक बनाकर उपलब्ध कराया जाए और इसकी सूचना उन्हें मोबाइल पर भेजी जाए।

## महिलाओं को किया गया जागरूक

**गोरखपुर।** एसएसपी गोरखपुर के निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक अपराध/नोडल मिशन-शक्ति गोरखपुर के पर्यवेक्षण में मिशन-शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जागरूक करने हेतु जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति टीम, पीआरवी व अन्य पुलिस बल द्वारा विभिन्न स्थानों पर जाकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं/महिलाओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों यथा- घरेलू हिंसा से संरक्षण अधि, दहेज प्रतिषेध अधि, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधि, अनैतिक व्यापार निवारण अधि, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधि, बाल श्रम कानून एवं भारतीय दण्ड संहिता में महिलाओं की गरिमा के विरूद्ध विभिन्न अपराधों आदि के संबंध में जानकारी दी गई ।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलायें जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह थाना शाहपुर के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 90/2026 धारा 64(1),351(3) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त रहमत अली पुत्र रहूफ निवासी मुल्तानपुर थाना मितौली लखीमपुर खीरी हाल मुकाम किराये का मकान भरतपुरवा थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।



# विद्यार्थियों को नवाचार व शोध में आगे बढ़ने की जरूरत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सहजनवां।** केआईपीएम टेक्निकल कैंपस, गीडा, गोरखपुर में भारत के वैज्ञानिक वैभव की गौरव गाथा विषय पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की समृद्ध वैज्ञानिक परंपरा, अनुसंधान एवं नवाचार की उपलब्धियों से विद्यार्थियों को अवगत कराना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनीत वत्स त्यागी, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी, भाजयु मोर्चा एवं हिमाचल प्रदेश युवा मोर्चा के प्रभारी रहे। उन्होंने कहा कि भारत की वैज्ञानिक परंपरा प्राचीन काल से ही विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत रही है और आज के युवा विज्ञान, अनुसंधान तथा नवाचार के माध्यम से देश को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश्वर कांत दुबे (राष्ट्रीय सह संयोजक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद), नितीश पांडेय (राज्य कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश), राहुल तिवारी (टीम सदस्य, राष्ट्रीय कार्यालय भाजपा युवा मोर्चा) तथा कौशलेंद्र नाथ तिवारी उपस्थित रहे।

संस्थान की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवांश विक्रम सिंह, संस्थान के अध्यक्ष आर. डी. सिंह , प्रबंध निदेशक विनोद सिंह, प्रबंधक सुनीता सिंह, निदेशक डॉ. जाहिद खान, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, विवेक पटेल, नीतेश जायसवाल, मनीष दुबे, विवेक सिंह, प्रतीक शाही, हिमांशु सिंह, पुनीत विश्वकर्मा तथा मार्तंड राम त्रिपाठी सहित सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।



वक्ताओं ने भारत के महान वैज्ञानिकों की उपलब्धियों तथा आधुनिक तकनीकी विकास पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नवाचार और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

अंत में संस्थान की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया गया।

# भारतीय टीम की जीत पर बटीं मिठाईयां, हर्ष

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** भारतीय क्रिकेट टीम के आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब अपने नाम कर लेने के बाद पूरे देश में हर्ष का माहौल है, बड़हलगंज में लोगों ने मिठाई बाटा पटाखे फोड़ कर हर्ष जताया।

बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम ने टी 20 वर्ल्ड कप फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। भारत ने तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीता। विश्व कप जीतने के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है।

इस जश्न के माहौल में बड़हलगंज के क्रिकेट प्रेमियों ने भी सहभागिता निभाया और देर रात तक सड़कों पर विजय का जश्न चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर के नेतृत्व में चलता रहा।लोगों ने तिरंगा लहरा कर जमकर पटाखे जला खुशी मनाई। यह विजय महेश उमर ने कहा कि यह विजय क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक यादगार और उत्साहपूर्ण क्षण बन गई है। यह विजय न केवल क्रिकेट जगत के लिए, बल्कि पूरे भारत के लिए एकता और हर्ष का एक बड़ा अवसर है। इस अवसर पर सभासद दीपक शर्मा, गंगा शर्मा, राजेश उमर, डॉ बी बी मिश्रा, गिजेश शर्मा, रचित उमर, पवन उमर, अमरनाथ उमर, अश्विनी सोनी, रिंकू शर्मा, पृथ्वी विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, मिथिलेश, शर्मा, दीपक गुप्ता, गोलू, पवन, अवधेश, गोपी, शिवम् उमर, अनुराग शर्मा, गोलू, रजत, आदित्य, सक्षम, साहिल, अंश, अमन, अभी उमर, कान्हा, वेद, पुनीत, श्रेय जायसवाल, अहमद, मोहम्मद, देव, शिवा, सूरज रामप्रवेश जायसवाल, उमेश यादव, हिमांशु गौड़, मनोज निगम, विकास गौड़ आदि मौजूद थे।



# सतर्क होमगार्ड ने नाकाम की किडनैपिंग की साजिश

### एसएसपी ने होमगार्ड को दिया 10 हजार इनाम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** ड्यूटी के दौरान एक होमगार्ड की सतर्कता और सूझबूझ से अपहरण की संभावित घटना टल गई। संदिग्ध गतिविधि देख होमगार्ड ने ऑटो रोकने की कोशिश की तो उसमें सवार दो युवक मौके से भाग निकले। बाद में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया। घटना 09 मार्च 2026 की है। ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड विजय प्रताप सिंह को एक ऑटो में सवार लोगों का आचरण संदिग्ध लगा। शक होने पर उन्होंने ऑटो को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान ऑटो में बैठे दो युवक अचानक भाग निकले। होमगार्ड विजय प्रताप सिंह ने तत्काल इसकी सूचना अपने उच्चाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए ऑटो चालक और ऑटो को हिरासत में ले लिया। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों की मदद से फरार हुए दोनों युवकों को भी पकड़ लिया गया।



पुलिस के अनुसार होमगार्ड की सतर्कता और तत्परता के कारण अपहरण की घटना को समय रहते रोक लिया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने होमगार्ड विजय प्रताप सिंह को 10,000 के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस मौके पर एसपी सिटी अभिनव त्यागी भी मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी भवन निर्माण का कार्य शुरू, हर्ष

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बडहलगंज।** बड़हलगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैरियाखास में लंबे समय से प्रतीक्षित आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य आखिरकार प्रारंभ हो गया है। भवन निर्माण शुरू होने की खबर से गांव के लोगों में खुशी का माहौल है। ग्राम प्रधान सुरेंद्र यादव ने बताया कि इस भवन के निर्माण के लिए काफी समय से प्रयास किए जा रहे थे और लगातार प्रशासन से संपर्क कर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराई गईं। उनके प्रयासों और प्रशासन के सहयोग से अब यह महत्वपूर्ण कार्य शुरू हो सका है।

ग्राम प्रधान सुरेंद्र यादव ने कहा कि आंगनवाड़ी भवन बनने से गांव के छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। अब तक आंगनवाड़ी केंद्र के संचालन में स्थान की कमी और अन्य कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन नए भवन के निर्माण से इन सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अब अधिक प्रभावी ढंग से लाभार्थियों तक पहुंचाया जा सकेगा।



आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा देवी, विन्दू सोनकर, अनिता यादव एवं निशा देवी ने भवन निर्माण शुरू होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक केंद्र के संचालन में कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। कभी बच्चों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होती थी तो कभी अन्य आवश्यक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने में दिक्कत आती थी। नए भवन के निर्माण से बच्चों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा, जिससे उनके पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियां बेहतर ढंग से संचालित की जा सकेंगी।

उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र गांव के नौनिहालों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ पोषण आहार और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी जाती है। भवन निर्माण से इन सभी कार्यों को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा। वहीं गांव के अभिभावकों और ग्रामीणों ने भी इस पहल पर खुशी जताते हुए ग्राम प्रधान सुरेंद्र यादव के प्रयासों की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से गांव में आंगनवाड़ी भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी और अब इसका निर्माण शुरू होना गांव के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने प्रशासन और ग्राम प्रधान का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा, जिससे गांव के बच्चों और महिलाओं को इसका लाभ जल्द से जल्द मिल सके।

# होली मिलन समारोह 17 को

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** जायसवाल समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन 17 मार्च, दिन मंगलवार को बड़हलगंज स्थित ऐतिहासिक चरण पादुका कुटी पर सम्पन्न होगा।

रविवार को जायसवाल समाज के गणमान्य जनों की बैठक के बाद उक्त निर्णय लिया गया। होली मिलन समारोह आयोजन के लिए समाज के लोगों ने 17 लोगों की कोर कमेटी बनाई गई। अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल के संयोजन में बनी कोर कमेटी में नन्द लाल जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, सन्तोष जायसवाल, अशोक जायसवाल, राजीव जायसवाल, विंध्याचल जायसवाल, आशीष जायसवाल, मनोज उर्फ डब्बू जायसवाल, विनोद कुमार, अनूप जायसवाल, सन्नी जायसवाल, अमन जायसवाल, डा नवनीत जायसवाल, विनय मंटू जायसवाल, डा विजय जायसवाल, संजय जायसवाल को सदस्य बनाया गए। यह टीम जायसवाल समाज के सभी लोगों से मुलाकात कर होली मिलन समारोह का आयोजन करेगी। संयोजक राजकुमार जायसवाल ने बताया कि समारोह के प्रमुख अतिथि पूर्व मंत्री श्रीमती अनुपमा जायसवाल विधायक बहराइच, मनीष जायसवाल विधायक पड़रौना, मुख्य अतिथि अटल कुमार गुप्ता , राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र राज्य, अखिल भारतीय जायसवाल सर्वेवर्गीय महासभा, विशिष्ट अतिथि के रूप में अजितेश जायसवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रवादी सहस्त्रबाहु मंच रमाशंकर जायसवाल, उपसभापति उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव फेडरेशन लखनऊ, रामकुमार जायसवाल, प्रधानाचार्य बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर, विजय कुमार जायसवाल, उपखंड अधिकारी विद्युत विभाग, गोरखपुर मौजूद रहेंगे। कोर कमेटी के लोगो ने बताया कि समाज के सभी लोगों से मिल कर समारोह में सपरिवार शामिल होने का निवेदन किया जाएगा और समारोह को ऐतिहासिक बनाया जाएगा।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत



**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** बाबा हौदेश्वरनाथ धाम झंडा-निशान लेकर जा रहे एक नवयुवक की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और खुशी का माहौल देखते ही देखते मातम में बदल गया।कुंडा नगर व कोतवाली के नरसिंहगढ़ महुआतर मे सोमवार को झंडा-निशान लेकर जा रहे लोगों के साथ चल रहा एक युवक उस समय हादसे का शिकार हो गया,जब हरा बांस का झंडा अचानक ऊपर से गुजर रही 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई।तेज करंट लगने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया।मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।मृतक की पहचान अरविंद सोनी पुत्र श्याम लाल सोनी निवासी महुआतर के रूप में हुई।युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है,वहीं पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए।सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी मनोज पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

# प्रेमानंद महराज के दर्शन को 600 किलो मीटर दौड़ेगा युवक



**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** सच्ची श्रद्धा व दृढ़ संकल्प हो तो लम्बी दूरी भी छोटी लगने लगती है।कुंडा कोतवाली के नंदा का पुरवा मजरा मीपुर निवासी नवयुवक मुलायम यादव ने अपने आराध्य संत प्रेमानंद महराज के दर्शन के लिए 600 किलो मीटर की लम्बी दौड़ लगाने का दृढ़ संकल्प लिया है। मुलायम यादव 11 मार्च बुधवार की दोपहर 3 बजे कुंडा मेन चौराहा से अपनी दौड़ का शुभारंभ करेगा।वह प्रतिदिन करीब 50 किलो मीटर दौड़ते हुए राधा रानी की नगरी वृंदावन पहुंचने का प्रयास करेगा।ताकि अपने पूज्य संत प्रेमानंद महराज जी का दर्शन आशीर्वाद प्राप्त कर सके।मुलायम यादव इंटर मीडिएट तक शिक्षित है और इन दिनों भारतीय सेना मे भर्ती होकर देश की सेवा करने के लिए तैयारी कर रहे है।उनके पिता लाल बहादुर यादव पेशे से किसान है।मुलायम अपने माता पिता की इकलौती संतान है।बताया जा रहा है कि मुलायम यादव पिछले एक साल से महराज जी के प्रवचनों मार्ग दर्शन आदि से खासा प्रभावित है।

# महिला दिवस के अवसर पर निःशुल्क शिविर का आयोजन



**बलिया।** बताया जाता है कि अपूर्वा मदर एंड चाइल्ड केयर एंड ढ्ढङ्क्स्न सेंटर जगदीशपुर बलिया उत्तरप्रदेश द्वारा निःशुल्क महिला दिवस पर निःशुल्क परामर्श, निःशुल्क अल्ट्रासाउंड, निःशुल्क दवाइयां, व्यक्तिगत उपचार योजना, ढ्ढङ्क्स्न पैकेज पर विशेष छूट खून जांच 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है।डॉक्टरों की जानकारी- डॉ. दीपक सिंह एम. बी. बी. एस.डी. नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज् डॉ. अपूर्वा सिंह एमबीबीएस एमएस स्त्री एवं बासपन रोग विशेषज्ञसेंटर की सेवाएं-निःशुल्क परामर्श निःशुल्क अल्ट्रासाउंड निःशुल्क दवाइया - व्यक्तिगत उपचार योजना - ढ्ढङ्क्स्न पैकेज पर विशेष छूट खून जांच 50त्न छूट डॉक्टरों के बयान-डॉ. दीपक सिंह- महिला दिवस पर हम महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं, ताकि वे स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें। डॉ. अपूर्वा सिंह- ÷हमारी टीम महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए समर्पित है और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## खबर एक नजर

### महिला जनसुनवाई दिवस 11 को

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश के विभिन्न जनपदों में द्वितीय बुधवार को आयोजित होने वाले ''महिला जनसुनवाई दिवस'' कार्यक्रम के अन्तर्गत 11 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लो.नि.वि. निरीक्षण भवन में आयोग की सदस्य श्रीमती एकता सिंह की अध्यक्षता में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में महिला जनसुनवाई तथा समीक्षा बैठक का कार्यक्रम प्रस्तावित है। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

### जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक आज

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी तेज, उपभोक्ता परेशान

**रूपईडीहा बहराइच।** अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर फैली अफवाहों के बीच सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी तेज हो गई है। गैस की कमी की चर्चा फैलते ही कुछ बिचौलियों ने इसका फायदा उठाते हुए सिलेंडरों को ऊंचे दामों पर बेचना शुरू कर दिया है, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं। नगर पंचायत रूपईडीहा में विभिन्न कंपनियों के गैस सिलेंडरों के बड़े उपभोक्ता मौजूद हैं, जिसके कारण यहां घरेलू गैस की खपत भी काफी अधिक रहती है। कस्बे में इंडियन गैस कंपनी की एजेंसी तो है, लेकिन भारत गैस कंपनी की एजेंसी नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को अक्सर गैस सिलेंडर प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे ही एलपीजी गैस की कमी की अफवाह फैली, वैसे ही कालाबाजारी करने वाले सक्रिय हो गए और घरेलू गैस सिलेंडरों को अधिक कीमत पर बेचकर भारी मुनाफा कमाने लगे। मजबूरी में उपभोक्ताओं को महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है। कस्बे के लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा उपभोक्ताओं को निर्धारित दर पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### राष्ट्र का चतुर्दिक विकास सामाजिक समरसता से संभव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** श्री भट्ट ब्राह्मण सभा के तत्वाधान मे साई पैलेस सरोज चौराहा मे होली मिलन समारोह पूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री बृजेश शर्मा व संचालन शिक्षक नेता अशोक राय ने किया।मुख्य अतिथि अखिलेश शर्मा महासचिव हाईकोर्ट बार एसोशिएशन व विशिष्ट अतिथि अंजनी शर्मा रहे।लोक गायक रवि शंकर मिश्रा की टीम ने फगुआ लोकगीत प्रस्तुत कर मन मोह लिया।कवियों मे सुनील प्रभाकर डॉ श्याम शंकर शुक्ला लोक गायक निराला अनूप उपाध्याय व राजन शुक्ला ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।सहायक प्रोफेसर पद पर चयनित सूर्यांश राय का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया।कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व मंत्री बृजेश शर्मा ने कहा किसी राष्ट का विकास सामाजिक समरसता से ही संभव है।

### घर में घुसकर चोरी व आगजनी का आरोप

**स्वतंत्र भारत संवाद परियांवा प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना के झोकवारा गांव निवासी पिंटू सिंह उर्फ सुजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रविवार की रात जब वह अपने घर में सो रहा था। कुछ संदिग्ध व्यक्ति उनके मकान में घुस गए।उन्होंने घर से सामान चोरी किया और फिर आग लगा दी। संदिग्धों ने उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।पिंटू सिंह ने तहरीर में चार संदिग्धों को नामजद किया है।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### कॉलेज के लिए घर से निकली युवती लापता

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना के प्रतापपुर चेरगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी पुत्री 7 मार्च की सुबह नरई स्थित एक महाविद्यालय मे पढ़ने के लिए सुबह घर से निकली।युवती के घर वापस नही आने पर परिजन कालेज जाकर पूछताछ किए लेकिन वहां भी कुछ पता नहीं चला।परिजनों को लोगों के द्वारा पता चला कि गांव के किशन लाल का भांजा आदित्य पुत्र दिनेश निवासी कुशुवापुर ने लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### रामपुर ब्लॉक के 11 ग्राम पंचायत में खुलेगी लाइब्रेरी

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** ब्लॉक रामपुर संग्रामगढ़ के 11 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना को मंजूरी मिली है।यह जानकारी एडीओ पंचायत सुभाष सिंह ने दी।ग्राम पंचायत बीर सिंहपुर,केदौरा, संग्रामगढ़,प्रताप रुद्रपुर, पूरे सेवक राय,पूरे बसंत राय,उमरपुर,मोठीन, अशोगी,जसमेड़ा,ढ़ींगौसी समेत 11 ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी खोले जाने की स्वीकृति सरकार से प्राप्त हुई। पंचायत भवनों के अंदर डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी।

# क्षेत्र पंचायत निधि से लाखों की लूट मामले में गिरोह को नोटिस



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** मांधाता ब्लॉक के रामनगर ग्राम पंचायत निधि से वित्तीय वर्ष 2021-22 मे बने खड़ंजा पर क्षेत्र पंचायत निधि से वित्तीय वर्ष 2024-25 मे लाखों रुपए भुगतान कर बंदरबांट मामले की सीडीओ से की गई शिकायत मे गठित जांच कमेटी मे जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग अधिशाषी अभियंता सुजीत कुमार रॉय द्वारा गहन छानबीन किया जा रहा है।उक्त क्षेत्र पंचायत निधि से लाखों के भुगतान तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र नाथ पांडेय व जेई आदर्श कुमार शर्मा तथा वर्तमान लेखाकार मोती लाल के द्वारा कागजी कोरम पूरा करके किया गया। वर्तमान समय में खंड विकास अधिकारी राजेन्द्र नाथ पांडेय ब्लॉक बाबागंज मे स्वच्छंद होकर सेवाएं दे रहे है और जेई आदर्श कुमार शर्मा ब्लॉक लालगंज समेत मांधाता के इंचार्ज बताए जा रहे है और लेखाकार मोती लाल अभी भी ब्लॉक मांधाता में जमे हुए है।जानकारी के मुताबिक गठित जांच कमेटी ने अप्रत्यक्ष कागजी लूट गिरोह को नोटिस जारी किया है।जांच कमेटी अग्रिम जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# होली के विवाद में घायल की ईलाज दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय थाना के कंचनपुर मे होली के दिन हुए विवाद मे जमकर हुई मारपीट में गंभीर घायल सुरेन्द्र कुमार पुत्र रग्घू की एसआरएन प्रयागराज मे ईलाज दौरान सोमवार को मौत हो गई।मौत की खबर परिजनों को मिलते ही चीख पुकार मच गई।मृतक का शव घर पहुंचने पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी,एफआईआर दर्ज होने के बाद परिजनों ने शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।बताया जा रहा है कि 4 मार्च को होली के दिन शराब के नशे मे गांव के ही लल्लू सरोज,छोटकू मिलन,राज,मिथुन आदि ने गंगा सागर से किसी बात पर विवाद हो गया और उसके बाद उक्त लोगों ने लाठी डंडा से लैस होकर परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमे सुरेन्द्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।मृतक सुरेन्द्र कुमार अपने पीछे पत्नी समेत पांच बच्चों मे सूरज 18,शीतल 15,आरती 12,विनीता 3 और कुमकुम 5 माह को छोड़ गए।

# पारिवारिक विवाद में हुई मारपीट

**लालगंज प्रतापगढ़।** पारिवारिक विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने दर्जन भर आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मादामई हनुमानपुर गांव निवासी छोटेलाल गुप्ता पुत्र रामसुख ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ मार्च को सुबह सा? सात बजे अपने भतीजे विजय गुप्ता पुत्र रामऔतार गुप्ता से अपना मकान खाली करने के लिए कहा तो वह मारपीट पर अमादा हो गया। पी?ित का आरोप है कि विरोध करने पर विजय गुप्ता की पत्नी पिंकी व गांव के राकेश गुप्ता उर्फ सेठई पुत्र सुंदरलाल व उसकी पत्नी संगीता, मगन गुप्ता पुत्र गुरूदीन, राहुल गुप्ता पुत्र कल्लू गुप्ता, माताबदल पुत्र रामनेवाज व चार पांच अज्ञात आरोपियों ने एकराय होकर उसे मारने पीटने लगे। बचाव में पहुंचे परिवार के लालचंद्र गुप्ता, मंजू, नेहा को भी मारापीटा। आरोपियों ने घर में घुसकर भी परिवारीजनों के साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मां बेटे के साथ मारपीट का केस दर्ज

**लालगंज प्रतापगढ़।** मां बेटे के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के तिवरानन का पुरवा पहाड़पुर गांव की मालकिन सरोज पत्नी परसूराम सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ मार्च को सुबह करीब सात बजे उसका पुत्र सूरज घर से शौच के लिए निकला था। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान रंजिशन गांव के चंदन कोरी पुत्र लोकनाथ कोरी, नंचू पुत्र कमलेश कोरी व बिटटू पुत्र लोकनाथ ने उसे मारापीटा। जानकारी होने पर उलाहना देने पीड़िता आरोपी के घर गयी तो वहां आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए पीड़िता को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एसआईआर सुनवाई का कार्य 3 दिवस में पूर्ण करें : एडीएम

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** विशेष प्रगा? पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को जारी की जा रही नोटिसों, मतदाताओं की सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि 03 दिवस में सुनवाई का कार्य पूर्ण कराया जाय।उल्लेखनीय है कि 80 प्रतिशत से कम सुनवाई वाले 24 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में एडीएम श्री कुमार ने निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में नियुक्त किये गये 74 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से सहयोग प्राप्त कर नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं की सुनाई का कार्य 03 दिवस में पूरा कर लिया जाय। श्री कुमार ने नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व से तैनात अधिकारियों, बूथ लेबिल अधिकारियों तथा सुपरवाई?र्स के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर नो मैपिंग के सम्बन्ध जारी की गई नोटिस की सुनवाई तथा तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं के सत्यापन का कार्य मासान्त मार्च 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। एडीएम ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से प्रगा? पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते रहें। उन्होंने सभी अधिकारियों का आहवान किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रुटि रहित तरीके से प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत नोटिस की सुनवाई व तार्किक विसंगतियों के सत्यापन का कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाय।

# विश्वकर्मा समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर नगर स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण मे विश्वकर्मा समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में बड़ी संख्या मे समाज के लोग एकत्रित हुए।एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।पूरे मंदिर परिसर में रंग,उमंग और फाग गीतों की गूंज सुनाई देती रही।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली के उद्योगपति राम विशाल विश्वकर्मा शामिल हुए।उन्होंने सभी को होली की बधाई देते हुए समाज में प्रेम और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।कलाकारों ने पारंपरिक फगुआ गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को उत्सवपूर्ण बना दिया।ढोलक और हारमोनियम की मधुर धुनों पर गाए गए होली गीतों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।विश्वकर्मा,भृगु कुमार आदि उपस्थित रहे।

# इंडियन बैंक प्रबंधक से समाजसेवियों की औपचारिक भेंट



**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** कस्बे के प्रसिद्ध व्यापारी, समाजसेवी एवं पत्रकार तथा उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति बहराइच के उपाध्यक्ष शेर सिंह कशौधन ने अपने साथियों के साथ इंडियन बैंक शाखा रूपईडीहा के प्रबंधक पवन सिंह से औपचारिक भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।इस दौरान कस्बे के विकास, बैंकिंग सुविधाओं तथा व्यापार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। शेर सिंह कशौधन ने बताया कि शाखा प्रबंधक पवन सिंह व्यवहार कुशल और उत्कृष्ट प्रबंधन क्षमता वाले अधिकारी हैं। उनके कार्यभार संभालने के बाद से शाखा का कार्य सुचारु और तीव्र गति से संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बैंक के उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती। खाता धारकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाता है, जिससे ग्राहकों का विश्वास बैंक के प्रति लगातार बढ़ रहा है। साथ ही बैंक का कारोबार भी पहले की अपेक्षा काफी बढ़ा है और कस्बे के कई व्यापारी इस बैंक से जुड़कर अपने व्यापार को आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर कस्बे के समाजसेवी जगदीश कौशल और विजय सिंह सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# ईद को लेकर बाजार में रौनक, महिलाओं की खरीदारी से बाजार गुलजार




**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** पवित्र रमज़ान महीने के अंतिम दौर के साथ ही ईद के त्यौहार की तैयारियां तेज हो गई हैं। नानपारा बाजार इन दिनों पूरी तरह से रौनक से भरा हुआ है। खासकर मुस्लिम समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में बाजार पहुंचकर जमकर खरीदारी कर रही हैं, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। शाम ढलते ही नानपारा का मुख्य बाजार रोशनी और चहल-पहल से जगमगाने लगता है। कपड़ों की दुकानों, जूते-चप्पल, कॉस्मेटिक और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। महिलाएं अपने और बच्चों के लिए नए कपड़े, चूड़ियां, मेहंदी, इत्र और अन्य श्रृंगार सामग्री खरीद रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस वर्ष ईद को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। दिन से लेकर देर रात तक बाजार में ग्राहकों की भीड़ बनी रहती है, जिससे कारोबार में भी अच्छी बढ़ोतरी हुई है। कपड़ा बाजार में खास तौर पर नई डिज़ाइन के सूट, कुर्ता-पायजामा और बच्चों के परिधानों की मांग सबसे ज्यादा है। वहीं, बाजार में लगने वाले अस्थायी स्टॉलों पर भी लोगों की अच्छी भीड़ उमड़ रही है। मेहंदी लगाने वाली महिलाओं और चूड़ी विक्रेताओं के पास भी ग्राहकों की कतार लगी हुई है। ईद के करीब आते ही नानपारा बाजार पूरी तरह से उत्सव के रंग में रंग गया है। चारों ओर खरीदारी, हंसी-खुशी और रौनक का माहौल देखने को मिल रहा है, जिससे यह साफ है कि इस वर्ष ईद का त्योहार क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा।

# रामपुरखास के सर्वश्रेष्ठ विकास की मुहिम होगी तेज : मोना

**स्वतंत्र भारत,लाल गंज प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सोमवार को यहां नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। वहीं विधायक मोना ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों की भी समीक्षा की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक मोना ने कहा कि रामपुरखास मे विकास तथा भाईचारे के वातावरण को सदैव मजबूत बनाया रखा जाएगा। उन्होने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह क्षेत्र मे जनसम्पर्क अभियान के तहत पार्टी की नीतियो के साथ साथ क्षेत्र में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में संचालित हो रही विकास योजनाओं को लेकर जनता के बीच जागरूक माहौल तैयार करें। उन्होने कहा कि प्रदेश में सत्तारू? भाजपा विकास की जगह उन्माद की राजनीति किया करती है। उन्होने कहा कि मंहगाई और कानून व्यवस्था तथा रोजगार के क्षेत्र मे भाजपा की सरकार पूरी तरह से विफल है। विधायक मोना ने कार्यकर्ताओं का हौंसला ब?ाते हुए कहा कि उनके मान सम्मान पर कभी आंच नही आने पाएगी। वहीं उन्होने कैम्प कार्यालय पर आये क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं की भी सुनवाई की। उन्होने लोगों को समस्याओं के समाधान कराए जाने का भरोसा भी दिलाया। इसके बाद विधायक आराधना मिश्रा मोना नगर पंचायत के जलेशरगंज रोड पर नंदलाल कौशल के संयोजन में हो रही श्रीमदभागवत कथा में कथा श्रवण को पहुंची। यहां सभासद आशीष कौशल आदि के संयोजन में विधायक मोना को आध्यात्मिक सम्मान भी प्रदान किया गया। इसके पहले अगई मोड पर पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा विधायक आराधना मिश्रा मोना का जोरदार स्वागत भी हुआ दिखा। क्षेत्रीय दौरे में उन्होने कई स्थानों पर हाल ही में हुई आकस्मिक मौंतो पर स्वजनों से मिलकर संवेदना भी जतायी। इसके बाद वह बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंची। यहां दर्शन पूजन कर पर्यटन विकास से जु?ी परियोजनाओं के संचालन का भी अवलोकन किया। क्षेत्रीय दौरे में विधायक मोना ने देउम पश्चिम, सांगीपुर, आहरबीहर, बैजलपुर, पूरे लोका, सेमरा, अमावां में भी पहुंचकर लोगों से मुलाकात करते हुए रामपुरखास के सर्वश्रेष्ठ विकास में सहयोग मांगा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 237 जोड़े वैवाहिक बन्धन में बधें



**स्वतंत्र भारत सिराथू कौशाम्बी।** जनपद में विधायक चायल पूजा पाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने बाबू सिंह डिग्री कालेज मैदान, सयांरा में आयोजित भव्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 237 जोड़े वैवाहिक बंधन में बधें, जिसमें 04 मुस्लिम जोड़े सम्मिलित हैं। समारोह में वैदिक मन्त्रोच्चार एवं सभी धर्मो के पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया।

विधायक चायल व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं निवर्तमान विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए ईश्वर से सुखमय, समृद्ध एवं सफल वैवाहिक जीवन की मंगल कॉमना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत प्रति जोड़ा एक लाख रूपए का प्राविधान किया गया है। जिसमें 60 हजार कन्या के खाते में हस्तान्तरित किया जाता है, 25 हजार रूपए से घरेलू सामान दिया जाता है एवं 15 हजार रूपए आयोजन पर व्यय किया जाता है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यन्त लाभकारी है।

# मूरतगंज में धड़ल्ले से चल रहा झोलाछाप डॉक्टर का अवैध क्लीनिक

## नोटिस के बाद भी नहीं रुका खेल

**स्वतंत्र भारत कौशाम्बी।** जनपद के मूरतगंज क्षेत्र में अवैध क्लीनिक और झोलाछाप डॉक्टर का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। ताजा मामला मूरतगंज स्थित इब्राहिमपुर नौगिरा रोड का है।जहां पर एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा बिना किसी मान्यता और रजिस्ट्रेशन के क्लीनिक संचालित किये जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों और सूत्रों के अनुसार क्लीनिक संचालक राहुल कुमार के पास न तो कोई मान्य डॉक्टरी डिग्री है और न ही चिकित्सा क्षेत्र का पर्याप्त अनुभव इसके बावजूद वह खुलेआम क्लीनिक चलाकर भोली-भाली जनता का इलाज करने के नाम पर धन उगाही करता कर रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों की सेहत के साथ गम्भीर खिलवाड़ होने की आशंका जताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि इस अवैध क्लीनिक को लेकर पहले भी स्वास्थ्य विभाग को शिकायत मिली थी, जिसके बाद सीएमओ कौशाम्बी की टीम द्वारा सम्बन्धित व्यक्ति को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। हालांकि नोटिस के बावजूद आज तक क्लीनिक का संचालन बन्द नहीं हुआ और झोलाछाप डॉक्टर के हौसले बुलन्द दिखाई दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे अवैध क्लीनिकों पर कार्रवाई नहीं की गई तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर बिना डिग्री और रजिस्ट्रेशन के कोई व्यक्ति कैसे क्लीनिक खोलकर लोगों की जिन्दगी से खिलवाड़ कर रहा है।

अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले को कितनी गम्भीरता से लेते हुए कार्रवाई करता है या फिर झोलाछाप डॉक्टरों का यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

## केंद्रीय चिकित्सालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन



**प्रयागराज।** सोमवार को केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज में चिकित्सा निदेशक डॉक्टर एस के हंडू के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य चिकितसा अधीक्षक डॉ सुरेंद्रनाथ उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलवे अस्पताल के महिला डॉक्टरों ने जैसे डॉक्टर कल्पना मिश्रा डॉक्टर उषा यादव डॉक्टर रीना अग्रवाल डॉक्टर मंजू लता हंडू ने महिला सशक्तिकरण के संबंध में अपने विचार को प्रकट किया। इस समारोह में सभी डॉक्टरों ने महिलाओं और लड़कियों को आगे बढ़ाने के लिए उदारता सहयोग और संसाधनों के आदान-प्रदान पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर महिला कर्मचारी एवं महिला आश्रित ने अपने अनुभव को भी साझा किए। समारोह में लगभग 250 पैरामेडिकल स्टाफ एवं रेलवे महिला आश्रित शामिल हुए।

## बारात में मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई थाना क्षेत्र के थरवई बाजार में लड़की पक्ष वालों के रिश्तेदार के पिटाई के मामले में पुलिस ने तांडव करने वाले लड़कों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थरवई बाजार निवासी सुरेश कुमार पाल ने थाना में तहरीर देकर आरोप लगाया कि शनिवार को मेरी बेटी की शादी थी हम लोग घर से कुछ दूर पर सीमा पैलेस गेस्ट हाउस में कार्यक्रम में बिजी थे इसी दौरान गांव के सूरजपाल आकाश पाल तुषार पाल अपने दर्जनों साथियों के साथ मेरे घर पहुंच कर मारपीट किया और घर पर रिश्तेदार की गाड़ियों को तोड़-फोड़ किया मेरे रिश्तेदार को भी मारे पीटे हैं जिसमें सचिन पाल श्रेयांश पाल दिव्यांश पाल के सिर हाथ कंधे में गंभीर चोट आई जिसकी सूचना मैंने थाने में दिया पुलिस ने सभी घायलों का इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस आरोपियों के खिलाफ मारपीट बलवा इत्यादि गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है।

## महिला दिवस फिल्म रसोई में साझा जिम्मेदारी का संदेश देती है

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पूर्व अदाणी विल्मर के प्रमुख खाद्य तेल ब्रांड फॉर्च्यून ने एक डिजिटल फिल्म जारी की है, जो घर में साझा जिम्मेदारियों के महत्व को उजागर करती है। यह फिल्म पति-पत्नी के बीच के एक सहज और परिचित पल के जरिए रोजमर्रा की लैंगिक भूमिकाओं पर बातचीत शुरू करने का प्रयास करती है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एडब्ल्यूएल एग्रीबिजनेस लिमिटेड के सेल्स और मार्केटिंग के जॉइंट प्रेसिडेंट श्री मुकेश मिश्रा ने कहा, ‟फॉर्च्यून में हमने हमेशा ‟घर का खाना" को परिवारों के बीच अपनापन, स्नेह और सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ाने का माध्यम माना है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल महिलाओं का उत्सव मनाने का दिन नहीं है, बल्कि उन रोजमर्रा की जिम्मेदारियों को पहचानने का भी अवसर है जिन्हें वे निभाती हैं।

## मंझनपुर पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद के थाना मंझनपुर पुलिस को ग्राम टेनशाह अलमाबाद के एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर सूचना दी गयी कि 02 व्यक्ति अवैध तमंचा लेकर गांव में आये हुये हैं और राजकुमार के पास कहासुनी कर रहे है इस सूचना पर तत्काल थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर देखा गया तो 02 व्यक्ति कहासुनी कर रहे थे, पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये तो उन्हे घेर कर पकड़ लिया गया। पूंछताछ करने पर उनके द्वारा अपना नाम 1. राजेश पुत्र झब्बू निवासी बरौला थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी 2. आदित्य कुमार पुत्र कालू पासी निवासी धाता थाना धाता जनपद फतेहपुर बताया गया गिरफ्तार अभियुक्तों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 02 अदद तमंचा 315 बोर, 03 अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा 315 बोर तथा 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मंझनपुर पर मु0अ0सं0 93/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया है।विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## अक्षय कुमार की दमदार परफॉर्मेंस ने बांधा समा

**प्रयागराज।** अक्षय कुमार ने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस भव्य समारोह में उन्होंने घोड़े पर सवार होकर एरिना में एंट्री की, जिसे देखकर दर्शक उत्साह से झूम उठे। अपनी ऊर्जा और शानदार अंदाज से अक्षय कुमार ने मंच पर ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा माहौल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। उनकी इस खास एंट्री और परफॉर्मेंस ने अवॉर्ड शो की शाम को और भी यादगार बना दिया।

# जिलाधिकारी ने की नलकूप, जल निगम एवं सिंचाई विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत कराए जा रहें कार्यों में तेजी लाने के निर्देश**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने कार्यालय कक्ष में नलकूप, जल निगम एवं सिंचाई विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने नलकूप विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता नलकूप से कहा कि यान्त्रिक/ विद्युत दोष के कारण बंद 05 नलकूपों को शीघ्र क्रियाशील कराया जाय, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होने कार्य में लापरवाही/शिथिलता पाये जाने पर अधिशासी अभियन्ता से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता नलकूप को अपने कार्यों को गम्भीरता से लेकर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि रोस्टर के अनुसार सभी नहरों में टेल तक पानी अवश्य पहुँचें।



जिलाधिकारी ने जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों- ओवरहेड टैण्क का निर्माण, पाइप लाइन बिछाने व कनेक्शन कार्य आदि की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए फर्म बाबा एवं जे.एम.सी. को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि पाइप-लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को शीघ्र मोटरेबल करा दिया जाय। उन्होंने कहा कि जहॉ पर कार्य पूर्ण हो चुके है, वहॉ पर मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सड़क को ठीक कराया जाय। जिन परियोजनाओं में कार्य 80 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुके हैं।प्राथमिकता के आधार पर उन परियोजनाओं का शत-प्रतिशत कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाय। उन्होंने सभी सहायक अभियंता, जल निगम का वेतन तब तक रोकने के निर्देश दिये, जब तक पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सभी सड़कें मोटरेबल नहीं हो जाती है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को कन्ट्रोल रूम स्थापित कराकर प्रतिदिन जल-जीवन मिशन के कार्यों की मॉनीटरिंग करने के भी निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 15 मार्च को होली एवं बसंतोत्सव कार्यक्रम का होगा आयोजन

**भाजपा प्रयागराज महानगर, गंगापार एवं यमुनापार के संयुक्त तत्वाधान में होगा आयोजन**

**डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य होंगे मुख्य अतिथि**

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** भाजपा प्रयागराज महानगर, गंगापार एवं यमुनापार के संयुक्त तत्वाधान में होली एवं बसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का भव्य आयोजन रविवार 15 मार्च को परेड ग्राउंड में किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय पर मंडल अध्यक्षों प्रभारियों की आहुत बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कार्यकताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वाहन करते हुए कहा कि उक्त कार्यक्रम भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम ,फूलों की होली व सहभोज के साथ आयोजन का समापन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में किसी बड़े गायक कलाकार को बुलाने पर विचार किया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। पार्टी के सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ, सभी वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, वर्तमान एवं पूर्व पार्षद, बूथ से लेकर मंडल व महानगर पदाधिकारी कार्यकर्ता, पूर्व प्रत्याशी, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ विशिष्ट व विचार परिवार के लोग भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम सुबह साढ़े दस(10:30) बजे से शुरू होगा। आयोजन को लेकर पार्टी कार्यकताओं पदाधिकारियों की टीम भी बनाई गई है जो विभिन्न व्यवस्थाओं को देखेगी। कुंज बिहारी मिश्रा, शशि वार्ष्णेय, रमेश पासी, मुरारीलाल अग्रवाल, रवि केसरवानी, प्रमोद मोदी, विवेक अग्रवाल, राजू पाठक, गिरिजेश मिश्रा, राजेश गोंड, डॉ शैलेश पांडेय, प्रवक्ता पवन श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, विजय लक्ष्मी, शिखा रस्तोगी, शोभिता श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, मनोज श्रीवास्तव, अजय सिंह आदि उपस्थित रहे।




## ससुर दामाद में मारपीट, कई घायल

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई थाना क्षेत्र के भटनी गांव मे सोमवार को फरसे से हुई मारपीट मे महिला सहित कई लोग घायल हों। पुलिस ने फरसा सहित दो लोगों को हिरासत मे लें लिया। थाने पहुंची दर्जनों महिलाएं पुलिस के सामने एक दूसरे से विवाद करती रही। भटनी गांव मे ससुराल आए महेंद्र कुमार और ससुर अजय कुमार के बीच मारपीट हों गईं। मारपीट मे फरसे से हमला करने का आरोप लगा। मारपीट मे कई महिला भी घायल हों गईं। अजय कुमार का आरोप था की दामाद महेंद्र कुमार फरसा से हमला कर दिया था। महेंद्र कुमार कई महिलाओ के साथ फरसा लेकर थाने पहुंचा और फरसे को पुलिस को सौंप दिया। वही अजय कुमार का आरोप था की हमको और हमारी पत्नी की पिटाई की गई और मेरा सिर फट गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है।



## भारतीय अब अपनी भाषा में यात्रा की खोज करने लगे हैं : मेकमायट्रिप

**वाराणसी।** भारत की प्रमुख ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप ने आज अपने जेन-एआई आधारित ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट मायरा से मिले कुछ शुरूआती रुझान साझा किए हैं। ये संकेत देते हैं कि भारतीय यात्री अब वॉइस के माध्यम से किस तरह से इंटरैक्ट करना शुरू कर रहे हैं और इसमें एक नया व्यवहारिक रुझान उभर रहा है। मायरा का यूजर बेस अभी बढ़ रहा है और इस पर रोजाना 50,000 से अधिक बातचीत हो रही है, लेकिन शुरूआती आंकड़े बताते हैं कि वॉइस सर्च लोगों को अपनी बात ज्यादा खुलकर, संदर्भ के साथ और अपनी पसंदीदा भाषा में रखने का मौका दे रहा है। यह तरीका टेक्स्ट के जरिए सर्च करने के पारंपरिक तरीके से काफी अलग और स्वाभाविक है।मेकमायट्रिप के सह-संस्थापक और ग्रुप सीईओ, राजेश मागो ने कहा मायरा के जरिए हमें जो शुरूआती संकेत मिल रहे हैं, वे काफी उत्साहजनक हैं। वॉइस सर्च अब उन लोगों को यात्रा खोजने और उसकी योजना बनाने का एक अधिक स्वाभाविक तरीका दे रहा है, जो अपनी भाषा में ज्यादा सहज महसूस करते हैं।

# जिलाधिकारी ने की कृषि विभाग एवं कृषि एलाइड विभागों की योजनाओं/कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने उदयन सभागार में कृषि विभाग एवं कृषि एलाइड विभागों की योजनाओं/कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड की समीक्षा के दौरान उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी से मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद सम्बन्धित किसान के खेत की उर्वरता में क्या सुधार हुआ एवं उत्पादकता में वृद्धि आदि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने ए-आर-




कोआपरेटिव को आगामी दिनों में मॉग को दृष्टिगत रखकर जनपद में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने परम्परागत कृषि विकास योजना, एग्री जंक्शन, पीएम कुसुम योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान उप कृषि निदेशक को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने निराश्रित गोवंशो की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ॰ अशोक कुमार को गौशालाओं में संवर्धन कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने पं.दी.द.उ. किसान समृद्धि योजना एवं पी.एम.के.एस.वाई. की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि कराये गये पक्के कार्यों का सत्यापन करा लिया जाय। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी अवधेश कुमार मिश्रा को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना व पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के अन्तर्गत आवन्टित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण की बड़ी यूनिट जनपद में स्थापित किए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय, इस सम्बन्ध में जिला उद्यान अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, उपायुक्त उद्योग व एल.डी.एम. की टीम गठित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधांशु शेखर चौबे से कहा कि गेहूँ खरीद के सम्बन्ध मे सभी आवश्यक तैयारियॉ समय से सुनिश्चित कर लिया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों से हो रहा अवैध बालू परिवहन, विभागीय कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

**स्वतंत्र भारत सिराथू कौशाम्बी।** जनपद में मानक विहीन ट्रैक्टर ट्रालियों में ओवरलोड अवैध बालू ढुलाई का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। आरोप है कि परिवहन और राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ऐसे कारोबार में संलिप्तता है लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय मौन बने हुये हैं।बताया जा रहा है कि नियमों की खुलेआम अनदेखी करते हुए दर्जनों ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियां सड़कों पर दौड़ रही हैं। खासतौर पर ठल्-19 टांडा रोड, अटसराय, ऊंचरावा और करेंटी जैसे क्षेत्रों में यह वाहन लगातार फरार्टा भरते देखे जा सकते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार ये ओवरलोड वाहन फतेहपुर और कौशाम्बी से होते हुए प्रतापगढ़ की ओर निकलते हैं। आरोप यह भी है कि इन वाहनों को सुरक्षित पास कराने के लिये तथाकथित ‟पासर गैंग" भी सक्रिय है, जो अधिकारियों की लोकेशन की जानकारी लेकर ओवरलोड वाहनों को रास्ता दिलाने का काम करते हैं।




ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि सड़क सुरक्षा और राजस्व नुकसान पर रोक लग सके।

## मामूली विवाद में युवक की पिटाई

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई थाना क्षेत्र फतेहगंज तारडीह गांव मे मामूली विवाद मे कुछ लोगों एक युवक की पिटाई कर सिर फोड़ दिया। कई घंटे चली पंचायत के बाद भी घायल की पत्नी समझौता करने को तैयार नही हुई। पत्नी घायल पति को मेडिकल कराने की गुहार लगती रही। फतेहगंज तारडीह गांव के मनोज कुमार को मामूली विवाद पर सोमवार की सुबह परिवार के लोगों ने पिटाई करके सिर फोड़ दिया। पत्नी शकुंतला घायल पति को थाने लेकर पहुंची तो पुलिस ने दोनों पक्ष को थाने बुलाकर कई घंटे पंचायत कराई मगर घायल मनोज और उसकी पत्नी किसी भी सूरत मे समझौता के लिए राजी नही थे। घायल पति को लेकर बैठी पत्नी शकुंतला देवी बार बार पुलिस से पति का मेडिकल कराने की गुहार लगाती रही। उधर पुलिस समझौता करने का दबाव बनाती रही।

# प्रयाग शक्ति परिषद द्वारा होली मिलन एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** प्रयागराज में प्रयाग शक्ति परिषद ने हिमांशु त्रिपाठी के नेतृत्व में ‘रंग-ए-प्रयाग फाग होली मिलन’ के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. शिखा दरबारी, पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त एवं सुरेविन फाउंडेशन सोसाइटी की संरक्षक रहीं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर डॉ कृतिका अग्रवाल एवं वैदिक ज्योतिषाचार्य डॉ. विनोद ओखा तथा न्यायाधीश नंदनजी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. सुधा त्रिपाठी, पूनम संत, डॉ. अंशुका श्रीवास्तव, प्रतिमा श्रीवास्तव और मिसवाह अल्लाहाबादी को सम्मानित किया गया।

इसके बाद आयोजित ‘रंग-ए-प्रयाग होली मिलन’ में कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ, जिसमें डॉ. श्लेष गौतम, रविकांत और मिसबह अल्लाहाबादी ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, संस्कृति और होली के उल्लास का सुंदर संगम देखने को मिला।



स्वतंत्र भारत


यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## पड़ोस में परिवर्तन


पिछले करीब दो दशकों से सियासी जोड़ तोड़ से पैदा होते रहे हालात की शिकार नेपाल की जनता ने आखिरकार खुद को इससे आजाद कर लिया। तीन-चार घाघ राजनेताओं की सत्ता के लिए चलती रही कुर्सी दौड़ पर पूर्ण विराम लग चुका है। रैपर से राजनेता बने काठमांडू के पूर्व मेयर बालेंद्र शाह (बालेन शाह) महानायक के रूप में उभरे हैं। आम चुनाव में खड्ग प्रसाद (केपी) शर्मा 'ओली', पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और शेर बहादुर देउबा जैसे तीन-तीन चार-चार बार के प्रधानमंत्री अब अपने अवसान का प्रहसन देख रहे हैं। श्रीलंका और बांग्लादेश की तरह नेपाल में भी युवा आक्रोश को देश का राजनीतिक स्वरूप बदलने में निर्णायक सिद्ध हुआ। ऐसी फिजाओं बदली कि देश पर लंबे समय तक राज करने वाले त्रिगुट के भविष्य के बारे में निश्चित रूप से अब कुछ कहा ही नहीं जा सकता। हां मतदाता ने इन्हें इतनी इज्जत जरूर बख्शी कि नेपाली संसद में विपक्ष के नाम पर शून्यता न रहने पाए। बालेन शाह की यही असली परीक्षा होगी। ओली प्रचंड और देउबा सत्ता की उठा पटक के माहिर रहे हैं। अठारह साल में चौदह बार और उसमें भी ज्यादातर गठबंधन के भरोसे सरकार बनना ही इस बात की तस्दीक कर देता है। अब चुनाव के बाद भी अपनी फितरत से वे बाज नहीं आएंगे। दूसरी बात शाह के सामने सबसे बड़ा तात्कालिक महत्व का विषय भारत के साथ संबंध रहेगा। अपने-अपने कार्यकालों के दौरान और ओली और प्रचंड द्वारा भारत के खुले विरोध और चीन की गोद में बैठकर उसे नेपाल में आकर साजिशें रचने के मौके देने की नीति खुला रहस्य थी। इसी पृष्ठभूमि में अपनी सियासी जमीन को मजबूती देने के लिए बालेन शाह ने सीधे चार बार के पीएम ओली से ही भिड़ने का रास्ता चुना। ओली को भी अंदाजा नहीं रहा होगा कि बार-बार उन्हें सिर माथे बिठाने वाला वोटर इस बार किस कदर बेरुखी भरा बर्ताव करेगा। इन बातों को ध्यान में रखते हुए कहा जा सकता है कि नेपाल का इस बार का आम चुनाव अपने इतिहास में सबसे अलग और महत्वपूर्ण इसलिए था क्योंकि वह अपने भले और भविष्य के लिए पूरी गंभीरता के साथ चिंतित हैं। उसकी इसी उत्कट आकांक्षा ने जेन-जी क्रांति के लिए आवश्यक खाद-पानी दिया जिससे पैदा ज्वार अपना उद्देश्य हासिल करके ही शांत हुआ। इस नई गाथा में अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की भूमिका विशेष रूप से स्मरण की जाएगी जिन्होंने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए दूरदर्शी सोच के साथ सुगठित आधार तैयार किया। अब देखना यह है कि नए प्रधानमंत्री घरेलू और विदेशी नीतियों का किस प्रकार निर्धारण कर उन्हें मूर्त स्वरूप देंगे। प्रेक्षकों की नजर सबसे ज्यादा इस पर रहेगी कि भारत और चीन के साथ संबंधों में वह किस तरह का संतुलन बैठाते हैं।

## जीवन के लिए

दूषित पर्यावरण और बेढंगे खानपान के बीच आज के समय में स्वस्थ रह पाना बड़ी समस्या है। छोटी-मोटी दिक्कतों से लेकर बड़ी और गंभीर बीमारियों का प्रकोप हो जाने को लेकर कोई इंसान आश्वस्त नहीं रह सकता। इलाज कराना भी काफी मुश्किल होता जा रहा है क्योंकि चिकित्सा को विशुद्ध रूप से पैसा कमाने का जरिया बना लिए जाने के बाद मामूली रोगों की दवाएं भी अब काफी महंगी हो चुकी हैं। प्रतिष्ठित सरकारी अस्पतालों के ज्यादातर डॉक्टर भी बाहर की महंगी दवाएं लिखते हैं। नतीजा यह है कि इलाज थोड़ा भी लंबा खिंचे तो मरीज-तीमारदार के घर का बजट ही गड़बड़ा जाता है। बीमारी अगर गंभीर और जटिल हुई तब तो सामान्य वर्ग के लोगों को इलाज के लिए कर्ज लेना ही पड़ता है, कभी-कभी घर-जमीन-जेवर जैसी मूल्यवान चीजें बेचने की मजबूरी भी आ जाती है। ऐसे में लोगों को सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र बहुत सहायक सिद्ध हुए हैं। पचास से नब्बे प्रतिशत तक कम दामों पर मिलने वाली इन दावों की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले डेढ़ साल के दौरान उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या दोगुनी हो गई है? और अब प्रदेश में इनकी साढ़े तीन हजार से अधिक दुकानें हैं। इसका मतलब है कि इन केदो की दवाओं से सभी तरह के रोगियों को फायदा पहुंच रहा है और ये उनके बजट के दायरे में भी हैं। बीमारियों में जकड़ते जा रहे हैं समाज के लिए आज स्वास्थ्य सेवा इतनी महत्वपूर्ण है कि उसकी तुलना किसी अन्य से नहीं की जा सकती। आखिर यह इंसान के जीवन का से भी तो जुड़ी होती है। तब जन औषधि केंद्रों का महत्व और बढ़ जाता है। अच्छी बात है कि इनकी संख्या बढ़ रही है जिससे जटिल रोगों के इलाज के लिए भी सस्ती कीमत में अच्छी दवाई मिल जाती हैं। निजी और सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों को भी मरीज के लिए ऐसी दवाई लिखनी चाहिए जो इन केंद्रों पर उपलब्ध हों। कुछ अत्यंत जटिल बीमारियों के उपचार में महंगी दवा ही एकमात्र उपाय हो सकती होंगी लेकिन जेनेरिक मेडिसिन को प्रोत्साहन मिलता रहे तो महंगी दवाओं का विकल्प भी इन्हीं में सुलभ होने लगेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि जन औषधि केंद्रों को सरकार की तरफ से भरपूर प्रोत्साहन मिलना जारी रहेगा।



## काँव-काँव



◆◆◆

**देश में पेट्रोल डीजल की कमी नहीं होगी-रिपोर्ट**
अलबत्ता महंगाई में उछाल के लिये तैयार रहें!
**फाग गीतों के साथ खेली गयी फूलों की होली**
खाड़ी देशों में इस समय दीवाली का माहौल है!
**नीतिश कुमार ने ज्यों की त्यों धर दीनी चदरिया**
पलटू कुमार का तमगा बोनस में मिल गया!
**बेटियों को मिले समान अवसर-मुख्यमंत्री योगी**
बृजभूषण शरण सिंह ने तमाम अवसर दिये!
**मच्छरों के बढ़ते प्रकोप पर फागिंग की बढ़ी मांग**
खून चूसने के अधिकारी सिर्फ हमारे नेता हैं!
**भाजपा ने देश को कमजोर कर दिया -अखिलेश**
मजबूत रहते तो हमारी छतों पर मिसाइलें गिरतीं

◆◆◆

# एक यक्ष प्रश्न बालेंद्र शाह और भारत

– अरविंद जयतिलक

हिमालय की उपत्यका में बसा देश नेपाल के आम चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ऐतिहासिक जीत के नायक 35 वर्षीय बालेन्द्र शाह (बालेन शाह) नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की राह में है। वह देश के पहले मधेशी प्रधानमंत्री तो होंगे ही साथ ही देश के इतिहास में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री होने का तमगा भी उनके सिर सजेगा। बालेंद्र शाह की पार्टी 'राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी' दो तिहाई बहुमत का आंकड़ा छू ली है। आनुपातिक मतदान प्रणाली में भी उनकी पार्टी 40 लाख वोट हासिल कर ली है। मतलब साफ है कि नेपाल की जनता ने देश चलाने की कमान बालेंद्र शाह को सौंप दी है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ रैपर से देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे बालेंद्र शाह के समक्ष अब नेपाली जनता की उन सभी आकांक्षाओं को पूरा करने की बड़ी चुनौती होगी जिसे पूरा करने में के पी शर्मा ओली की सरकार पूरी तरह विफल रही। याद होगा कि गत वर्ष सितंबर में नेपाली युवाओं के नेतृत्व वाले जेन-जी विरोध प्रदर्शन के कारण ओली सरकार को इस्तीफा देना पड़ा था। अब उम्मीद किया जाना चाहिए कि लंबे समय की अस्थिरता के बाद अब नेपाल को एक मजबूत और टिकाऊ बहुमत वाली स्थाई सरकार मिलेगी जो वहां की समस्याओं से निपटने में सफल होगी। आज की तारीख में नेपाल में सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार और भ्रष्टाचार का है। देश की एक-तिहाई युवा आबादी रोजगार की तलाश में विदेश जाने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार के कारण देश की अर्थव्यवस्था रसातल में है। नेपाल की अर्थव्यवस्था मुख्य रुप से कृषि, पर्यटन और विदेश में काम कर रहे नागरिकों द्वारा भेजे गए रकम पर टिकी है। देश की अर्थव्यवस्था में लगभग 50 फीसदी तक विदेशी मुद्रा भंडार का मुख्य स्रोत है। भारत में तकरीबन 50 से 60 लाख नेपाली नागरिक काम कर रहे हैं। नेपाल की लगभग 20 फीसदी आबादी अपनी आजीविका के लिए भारत पर निर्भर है। किंतु दुखद पहलू यह है कि विगत कुछ वर्षों में भारत-नेपाल के बीच संबंधों में खटास उत्पन हुआ है। के पी ओली के प्रधानमंत्री रहने के दौरान दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है। वर्ष 2020 में सीमा विवाद के कारण दोनों देशों के रिश्ते तल्ख हुए हैं। याद होगा तब नेपाल ने नया नक्शा जारी करते हुए भारतीय इलाकों मसलन कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को अपना हिस्सा बताया था। तब भारत ने कड़ा विरोध जताया था। अब मौंजू सवाल यह है कि नेपाल के नए प्रधानमंत्री बनने की राह में खड़े बालेंद्र शाह का भारत के प्रति रुख क्या होगा? फिलहाल वे एक कलाकार हैं और उनके पास पारंपरिक कुनीतिक अनुभव की कमी है। ऐसे में वह भारत और चीन जैसे शक्तिशाली पड़ोसी देशों के बीच किस तरह संतुलन साधेगें? गौर करें तो भारत के संदर्भ में उनके पुराने विचार बहुत उत्साहित करने वाले नहीं हैं। वे राजनीतिक मंचों के जरिए कई बार भारत विरोधी रुख प्रकट कर चुके हैं। वर्ष 2025 में एक पोस्ट में उन्होंने भारत, चीन और अमेरिका सहित बड़ी शक्तियों की मुखर आलोचना की। उनके समर्थकों ने नेपाल के विस्तारित नक्शे जिसमें भारतीय क्षेत्र दिखाए गए थे, को बढ़ावा दिया और मेयर के तौर पर अपने कार्यालय में जगह दी। देखें तो 1806 की सुगौली संधि के विरुद्ध आवाज उठाने वाले लोगों में भी बालेंद्र शाह शामिल रहे हैं। कई भारतीय फिल्मों को लेकर भी उन्होंने कड़ी टिप्पणी की। देखना दिलचस्प होगा कि अगर देश की कमान बालेंद्र शाह के हाथ आती है तो भारत को लेकर उनका रुख क्या रहता है। लेकिन बालेंद्र शाह को इस कटु सच्चाई को समझना होगा कि नेपाल का भारत से ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंध रहा है। विगत दशकों में दोनों देशों के बीच कुछ मसलों पर दूरियां बढ़ी हैं जिसकी वजह से चीन को नेपाल के निकट जाने का मौका मिला। चीन द्वारा तिब्बत को हस्तगत किए जाने के बाद से ही भारत-चीन संबंधों में नेपाल की सामरिक स्थिति का महत्व बढ़ा है। यही कारण है कि चीन भारत के खिलाफ नेपाल को अपने पाले में खड़ा करने की हरसंभव कोशिश करता रहा है। वक्त आ गया है कि बालेंद्र शाह भारत से रिश्ते सुधारें और इस सच को स्वीकार करें कि नेपाल को लेकर भारत की भूमिका सदैव बड़े भाई की रही है। आजादी के बाद से ही भारत नेपाल को हर तरह का प्रशिक्षण, तकनीकी और गैर तकनीकी सहयोग देता आ रहा है। भारत ने नेपाल की कई परियोजनाओं में बढ़ चढ़कर सहयोग दिया है। इनमें देवी घाट, त्रिशुल करनाली और पंचेश्वर जल विद्युत परियोजनाएं अति महत्वपूर्ण हैं। भारत त्रिभुवन गणपथ, काठमांडु त्रिशुली मार्ग तथा त्रिभुवन हवाई अड्डा के निर्माण में भी सहयोग किया है। इसके अलावा भारत नेपाल के भू वैज्ञानिक अनुसंधान तथान खनिज खोजबीन के काम में भी



मदद कर रहा है। भारत ने काठमांडु घाटी के एक उप नगर पाटन में एक औद्योगिक बस्ती की स्थापना कर रिश्ते को उर्जा से भर दिया है। लेकिन यह विडंबना है कि नेपाल के मन में कुछ आशंकाएं हैं। मसलन वह अब भी भारत के संदर्भ में जूनियर भागीदार के मनोविज्ञान से ग्रसित है तथा दक्षिण के पड़ोसी के आधिपत्य की आशंका का भूत उसे सताता रहता है। नेपाल भारत और चीन के साथ समदूरी सिद्धांत के आधार पर संबंधों का निर्वहन करना चाहता है। देखें तो यह उसकी परंपरागत नीति भी है। 1769 में आधुनिक नेपाल की स्थापना के साथ ही उसके निर्माता पृथ्वी नारायण शाह ने नेपाल की विदेश नीति निर्धारित कर दी थी। उन्होंने कहा था कि नेपाल देश दो चट्टानों के बीच खिले हुए फूल के समान है। हमें चीनी सम्राट के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने चाहिए तथा हमारे संबंध दक्षिणी सागरों के सम्राट से भी संबंध मधुर होना चाहिए। नेपाल आज भी उसी पुरानी नीति पर कायम है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी लगातार दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के तीन महीने के भीतर नेपाल की पहली यात्रा की और हिट फॉर्म्युला (हाईवे, आई-वे और ट्रांस-वे) दिया। उन्होंने नेपाल की संसद को संबोधित करते हुए विश्वास दिलाया था कि वह भारत के सवा सौ करोड़ लोगों की ओर से दोस्ती और सद्भावना का संदेश लेकर आए हैं। उनकी इच्छा है कि भारत और नेपाल विकास की डगर पर कंधा से कंधा मिलाकर चले। वर्ष 2023 में जब नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड की भारत यात्रा हुई तब दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते हुए। इन समझौतों में नेपाल के शिरशा एवं जुलाघाट में दो पुल का निर्माण, मोतिहारी अमलेहगंज पाइपलाइन को चितवन तक ले जाने का प्रस्ताव, रुपईडीहा और नेपालगंज में एकीकृत जांच चौकियों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन, पनबिजली में सहयोग, चितवन और झापा में नए स्टोरेज टर्मिनल, नेपाल के लोगों के लिए नए रेलमार्ग, अंतरदेशीय जलमार्ग सुविधा का प्रावधान, भारतीय रेल संस्थानों में नेपाली रेलकर्मियों को प्रशिक्षण, रामायण सर्किट से संबंधित परियोजानाओं में तेजी लाना इत्यादि प्रमुख रहा। अच्छा होगा कि देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेंद्र शाह संबंधों को और ऊंची उड़ान देंगे। लेकिन बदलते परिदृश्य पर गौर करें तो नेपाल में एक ऐसा वर्ग तैयार हो गया है जो अपने यहां चीन की दखलादांजी को बिल्कुल ही अनुचित नहीं मान रहा है। नेपाल में चीन की बढ़ती दखलादांजी को वहां के माओवादियों का खुला समर्थन हासिल है। यह भारत की संप्रभुता के लिए खतरनाक है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### सप्तम् अध्याय

(गतांक से आगे)

है तो; परन्तु जानेंगे कब? जब (इसी अध्याय के प्रथम श्लोक के अनुसार) अनन्य आसक्ति (भक्ति) से मेरे परायण होकर योग में उसी रूप से लग जाय। इसके बिना नहीं। योग में लगना आवश्यक है।

रसोऽहमप्सु कौन्तेय प्रभास्मि शशिसूर्ययोः ।
प्रणवः सर्ववेदेषु शब्दः खे पौरुषं नृषु ।।8।।

कौन्तेय ! जल में मैं रस हूँ, चन्द्रमा और सूर्य में प्रकाश हूँ, सम्पूर्ण वेदों में ओंकार हूँ- (ओ+अहं+कार) स्वयं का आकार हूँ, आकाश में शब्द और पुरुषों में पुरुषत्व हूँ। तथा मैं-

पुण्यो गन्धः पृथिव्यां च तेजश्चास्मि विभावसौ ।
जीवनं सर्वभूतेषु तपश्चास्मि तपस्विषु ।।9।।

पृथ्वी में पवित्र गन्ध और अग्नि में तेज हूँ। सम्पूर्ण जीवों में उनका जीवन हूँ और तपस्वियों में उनका तप हूँ।

बीजं मां सर्वभूतानां विद्धि पार्थ सनातनम्।
बुद्धिर्बुद्धिमतामस्मि तेजस्तेजस्विनामहम् ।।10।।

पार्थ! तू सम्पूर्ण भूतों का सनातन कारण अर्थात् बीज मुझे ही जान। मैं बुद्धिमानों की बुद्धि और तेजस्वियों का तेज हूँ। इसी क्रम में योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हैं-

बलं बलवतां चाहं कामरागविवर्जितम्।
धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ ।।11।।

हे भरतश्रेष्ठ अर्जुन ! मैं बलवानों की कामना और आसक्तिरहित बल हूँ। संसार में सब बलवान् ही तो बनते हैं। कोई दण्ड-बैठक लगाता है, तो कोई परमाणु इकट्ठा करता है; किन्तु नहीं, श्रीकृष्ण कहते हैं- काम और राग से परे जो बल है वह मैं हूँ। वही वास्तविक बल है। सब भूतों में धर्म के अनुकूल कामना में हैं। परब्रह्म परमात्मा ही एकमात्र धर्म है, जो सबको धारण किये हुए है। जो शाश्वत आत्मा है वही धर्म है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवं परिषेवते।**
**ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति चाध्रुवं नष्टमेव हि॥**

जो मनुष्य निश्चित यानी सही को छोड़कर अनिश्चित यानी गलत का सहारा लेता है, उसका सही भी नष्ट हो जाता है। इसलिए जब भी कोई निर्णय लें तो सही और गलत की परख अवश्य करें।

◆◆◆

# मौसम का बदलता मिजाज खतरे का संकेत



– रोहित माहेश्वरी

भारत में ग्लोबल वार्मिंग का असर अब साफ नजर आने लगा है। अभी मार्च माह की शुरुआत ही हुई है और गर्मी ने अभी से ही अपने रिकॉर्ड तोड़ना शुरू कर दिया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, मार्च के महीने में ही पसीने छूटने की मुख्य वजह तापमान में अचानक हुई बढ़ोतरी है। मौसम के ताजा आंकड़ों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में अधिकतम तापमान लगभग 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। यह तापमान इस समय के लिए सामान्य से अधिक माना जा रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी तेज गर्मी मार्च के शुरुआती दिनों में कम ही देखने को मिलती है। ऐसे में यह भी कहा जा रहा है कि पिछले कई दशकों में मार्च के दौरान इतनी गर्मी कम ही दर्ज की गई है। कई लोग इसे पिछले करीब 50 वर्षों में सबसे ज्यादा गर्म मार्च की शुरुआत में से एक मान रहे हैं। हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन का असर मौसम पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इसी वजह से मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है और गर्मी पहले की तुलना में जल्दी शुरू हो रही है। इसका असर यह है कि अब तापमान तेजी से बढ़ रहा है और गर्म दिनों की संख्या भी बढ़ रही है। कभी-कभी लू की अवधि भी पहले से अधिक लंबी हो जाती है। पिछले कुछ वर्षों में, देश के कई शहरों ने गर्मी के पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कुछ स्थानों पर तापमान 48 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। यदि यह स्थिति बनी रहती है, तो आने वाले वर्षों में गर्मी और भी तीव्र हो सकती है।

भारत की पारंपरिक पहचान उसके विविध ऋतु-चक्र से रही है, लेकिन अब यह चक्र पूरी तरह से टूट चुका है। ''सेंटर फार साइंस एंड एनवायरनमेंट'' (सीएसई) एवं ''डाउन टू अर्थ'' की नई रिपोर्ट - ''इंडिया क्लाइमेट 2025'' ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां ''चरम मौसम'' कोई अपवाद नहीं बल्कि रोजमर्रा की हकीकत बन गया है। सीएसई ने मौसम विभाग, गृह मंत्रालय के आपदा प्रबंधन विभाग एवं विभिन्न राज्यों की एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर विश्लेषण किया है। साथ ही साल 2022 से सितंबर 2025 तक लगभग 1500 दिनों की भारत की मौसम संबंधी आपदाओं का एक नया नक्शा तैयार किया है। अध्ययन का सबसे चौंकाने वाला निष्कर्ष यह है कि भारत में ऋतुओं का आपस में विलय हो रहा है। सर्दी, गर्मी और वर्षा के बीच की स्पष्ट रेखाएं अब धुंधली पड़ चुकी हैं। आंकड़े बताते हैं कि साल 2025 के पहले नौ महीनों (जनवरी से सितंबर) के दौरान देश ने लगभग 99 प्रतिशत दिन चरम मौसम की मार झेली है। इसका मतलब है कि इन 273 दिनों में से शायद ही कोई ऐसा दिन रहा हो, जब भारत के किसी न किसी हिस्से में भारी वर्षा, लू, ओलावृष्टि या चक्रवात जैसी आपदा न आई हो।

उत्तर प्रदेश में भी गर्मी का असर तेजी से बढ़ने लगा है। तीन साल बाद मार्च के पहले सप्ताह में ही तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस महीने तापमान 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। 2025 में, मार्च के पहले सप्ताह के दौरान, उत्तर प्रदेश के अधिकांश शहरों में दिन का तापमान 29 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान लगभग 14 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1 मार्च 2026 को दिन का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले तीन वर्षों में मार्च की शुरुआत का उच्चतम तापमान है। इससे पहले 2023 में, 1 मार्च को दर्ज किया गया अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, मार्च की शुरुआत में इतना अधिक तापमान इस बात का संकेत है कि आने वाले दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ सकती है।

जाहिर है मौसम के मिजाज में आ रहे इस असामान्य बदलाव का हमारे जीवन और आजीविका पर गहरा प्रभाव आने वाले दिनों में नजर आएगा, जिसको लेकर देशव्यापी चर्चा जारी है। विशेषकर उत्तर भारत के कृषि क्षेत्र में इसके नकारात्मक आर्थिक परिणामों को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। वास्तव में, मौसमी बदलाव फ्लों के नाजुक जैविक चक्र को बाधित कर रहा है, जिसके चलते उपज में भारी नुकसान के साथ-साथ गुणवत्ता में गिरावट की आशंका व्यक्त की जा रही है। कृषि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मार्च का महीना किसानों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। तापमान में वृद्धि से रबी की फसलों, विशेषकर गेहूं पर असर पड़ेगा। गर्मी के कारण अनाज का पूर्ण विकास नहीं हो पाएगा, जिससे पैदावार कम होगी। गर्म हवाओं से सरसों, चना और मटर जैसी फसलों को नुकसान हो सकता है। बढ़ते तापमान के कारण खेतों की मिट्टी जल्दी सूख जाती है। इससे सिंचाई की लागत बढ़ जाती है और फसलों पर दबाव पड़ता है। चिंता की बात यह भी है कि हिमाचल प्रदेश के सेब के बागों में, कम होती ठंडक से उत्पादकता में गिरावट देखी जा रही है। इससे बचने के लिए अनुकूलन उपायों में जलवायु अनुरूप बागवानी पद्धतियों को अपनाने और दीर्घकाल में सेब पट्टी को ऊंचे क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की जरूरत होगी। आवश्यकता होगी कि हम सूखा-सहिष्णु फसलों को अपनाएं। कम जल के बेहतर उपयोग के प्रयास हों।

मौसम के बदलने के दौरान बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर असर पड़ता है, जिससे उन्हें श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा अधिक हो जाता है। सुबह-शाम की ठंडी हवा, धूल-मिट्टी और प्रदूषण भी बच्चों में एलर्जी और अस्थमा की समस्या को बढ़ा रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों को लेकर इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक देने से परहेज करें, उन्हें धूल और धुएं से बचाकर रखें। इसके साथ ही बच्चों को मौसम के अनुसार कपड़े पहनाना भी जरूरी है।

कई स्टडी के द्वारा यह साफ हुआ है कि भारत में ग्रीष्म ऋतु में आने वाले लू के दिनों की संख्या 1980 के बाद से दोगुनी से भी अधिक हो गई है। हमारे देश में तीव्र शहरीकरण, सघन निर्माण और हरित क्षेत्रों के लगातार जारी क्षरण के चलते भी तापमान में वृद्धि हुई है। ऐसे में बढ़ते तापमान से उत्पन्न जल व ऊर्जा संकट से निपटने के लिए तत्काल कारगर योजनाओं की जरूरत है। इसके साथ ही शीत ऋतु से ग्रीष्म ऋतु में तेजी से होने वाले परिवर्तन के इस नये असामान्य परिदृश्य के लिए नागरिकों की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के लिए भी एक नया चार्टर बनाने की आवश्यकता होगी। सरकारों की तैयारियों को लेकर भी स्पष्ट रीति-नीति का निर्धारण जरूरी है।

## प्रेरक प्रसंग

## अहंकार

बहुत समय पहले की बात है। एक गांव में एक मूर्तिकार (मूर्ति बनाने वाला) रहता था। वह ऐसी मूर्तियां बनता था, जिन्हें देख कर हर किसी को मूर्तियों के जीवित होने का भ्रम हो जाता था। आस-पास के सभी गांव में उसकी प्रसिद्धि थी, लोग उसकी मूर्तिकला के कायल थे। इसीलिए उस मूर्तिकार को अपनी कला पर बड़ा घमंड था। जीवन के सफर में एक वक्त ऐसा भी आया जब उसे लगने लगा कि अब उसकी मृत्यु होने वाली है, वह ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाएगा। उसे जब लगा कि जल्दी ही उसकी मृत्यु होने वाली है तो वह परेशानी में पड़ गया। यमदूतों को भ्रमित करने के लिए उसने एक योजना बनाई। उसने हुबहू अपने जैसी दस मूर्तियां बनाई और खुद उन मूर्तियों के बीच जा कर बैठ गया। यमदूत जब उसे लेने आए तो एक जैसी ग्यारह आकृतियों को देखकर दंग रह गए। वे पहचान नहीं कर पा रहे थे कि उन मूर्तियों में से असली मनुष्य कौन है। वे सोचने लगे अब क्या किया जाए। अगर मूर्तिकार के प्राण नहीं ले सके तो सृष्टि का नियम टूट जाएगा और सत्य परखने के लिए मूर्तियों को तोड़ा गया तो कला का अपमान हो जाएगा। अचानक एक यमदूत को मानव स्वाभाव के सबसे बड़े दुर्गुण अहंकार को परखने का विचार आया। उसने मूर्तियों को देखते हुए कहा, कितनी सुन्दर मूर्तियां बनी हैं, लेकिन मूर्तियों में एक त्रुटी है। काश मूर्ति बनाने वाला मेरे सामने होता, तो मैं उसे बताता मूर्ति बनाने में क्या गलती हुई है। यह सुनकर मूर्तिकार का अहंकार जाग उठा, उसने सोचा, मेने अपना पूरा जीवन मूर्तियां बनाने में समर्पित कर दिया, भला मेरी मूर्तियों में क्या गलती हो सकती है? वह बोल उठा कैसी त्रुटी झट से यमदूत ने उसे पकड़ लिया और कहा बस यही गलती कर गए तुम अपने अहंकार में कि बेजान मूर्तियां बोला नहीं करती। इस कहानी की शिक्षा यही है कि अहंकार ने हमेशा इन्सान को परेशानी और दुःख के सिवा कुछ नहीं दिया।

## आपका पत्र मिला

# ट्रंप के मूड की तलवार

इस दौर में अमेरिका के साथ हुए हर समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा राष्ट्रपति ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है। फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप के कदमों पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है। अमेरिका ने अब भारत से सौर ऊर्जा से संबंधित पाट-पुर्जो के आयात पर 126 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इसे भारत के फूलते-फलते सौर उद्योग पर घातक प्रहार समझा गया है। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने ये कदम उस समय उठाया, जब अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद टैरिफ वॉर के स्वरूप को लेकर अनिश्चय है। ट्रंप ने जिस कानून के तहत दंडात्मक आयात शुल्क लगाए थे, सुप्रीम कोर्ट ने उसे अवैध ठहरा दिया। उसके बाद ट्रंप ने दूसरे कानून के तहत सभी देशों पर दस फीसदी टैरिफ लगाया। बाद में कहा गया कि वे इसे 15 फीसदी तक ले जाएंगे। अब बताया गया है कि आम टैरिफ 10 फीसदी रहेगा और ट्रंप बाकी पांच फीसदी का इस्तेमाल विभिन्न देशों के रुख के हिसाब से करेंगे।

इस बीच अलग-अलग उत्पादों (मसलन स्टील) पर लगाए गए शुल्क जारी रहेंगे और नए शुल्क भी ट्रंप लगाते रहेंगे, जैसाकि अब उन्होंने सौर ऊर्जा से संबंधित पाट-पुर्जो पर लगाया है। ऐसे में भारत सहित हर देश के सामने यह प्रश्न है कि ट्रंप प्रशासन से द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने का क्या औचित्य है? किसी समझौते के तहत हुई लेनदेन से देश के अधिकांश उद्योगों और अर्थव्यवस्था के ज्यादातर क्षेत्रों को लाभ ना हो रहा हो, तो वैसा समझौता करने की ललक क्यों दिखाई जानी चाहिए? मुद्दा यह भी है कि इस दौर में अमेरिका के साथ हुए समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है। फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप जो कर रहे हैं, उस पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय जाहिर हुआ है कि शासन की सभी संस्थाओं के बीच उन कदमों की वैधानिकता पर आम समझ का अभाव है। इसलिए भारत सरकार को ताजा स्थितियों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। अभी भी समय है कि वह पहले इस बारे में देश को भरोसे में ले और राजनीतिक आम सहमति तैयार करे। वरना, समझौते के प्रति उसके उत्साह पर सवाल उठते रहेंगे। उसे याद रखना चाहिए कि ट्रंप के हर मूडी एक्शन के साथ ऐसे सवाल और संगीन होते जाएंगे।

एक पाठक
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
**E-mail : swatantrabharat77@gmail.com**

## डोली में होगा माता का आगमन

# नवरात्रि व नव संवत्सर 19 मार्च से शुरू

नवरात्रि के नौ पवित्र दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती हैं। इस दौरान सभी भक्तजन श्रद्धा और भक्ति के साथ पूरे नौ दिनों तक व्रत रखते हैं और देवी से सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हैं। आइए जानते हैं कि, चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ कब होने वाला है।



**चैत्र नवरात्रि** – इस साल चैत्र नवरात्रि व नव संवत्सर 19 मार्च से शुरू होगा। वहीं नवरात्रि का समापन 27 मार्च को होगा। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा की पूजा-उपासना बड़ी ही श्रद्धा के साथ की जाती है। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर होगा। इसलिए इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च को घटस्थापना के साथ होगी। इस दिन गुड़ी पड़वा के साथ हिंदू नववर्ष मनाया जाएगा। वहीं नवरात्रि का समापन 27 मार्च को होगा।

**विक्रम संवत**– हिंदू परंपरा में नव संवत्सर को नए आरंभ, नई ऊर्जा और नए संकल्प का प्रतीक माना जाता है। हर साल की तरह इस बार भी नया संवत्सर अपने साथ नई संभावनाएं और कुछ चुनौतियां लेकर आएगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विक्रम संवत 2083 का नाम 'रौद्र' संवत्सर है, जिसका प्रभाव साल भर देखने को मिलेगा। इस साल चैत्र नवरात्र कुछ खास ज्योतिषीय संयोग में शुरू होंगे। प्रतिपदा तिथि अमावस्या में मिलने के कारण पहली तिथि टूटने का योग बन रहा है, लेकिन इसके बावजूद नवरात्र पूरे नौ दिनों के ही रहेंगे। प्रतिपदा तिथि 19 को सूर्योदय के बाद प्रारंभ होगी और अगले दिन 20 मार्च को सूर्योदय से पहले ही समाप्त हो जाएगी। शास्त्रों के अनुसार जिस दिन प्रतिपदा तिथि होती है, उसी दिन नवरात्र घटस्थापना करना श्रेष्ठ माना गया है।

**शुभ संयोग**– नवरात्रि के पहले दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, शुक्ल योग का संयोग भी रहेगा। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना और घटस्थापना की जाती है। इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर सुबह 10 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। यदि इस मुहूर्त में घट (कलश)स्थापना न कर पाएं तो घटस्थापना का मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में भी रहेगा, जिसका मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 52 मिनट से लेकर 12 बजकर 41 मिनट तक रहेगा।

**कलश स्थापना का महत्व** – धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश (घट) को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानि उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है और यहां सर्वाधिक सकारात्मक ऊर्जा रहती है। इसलिए पूजा करते समय माता की प्रतिमा या कलश की स्थापना इसी दिशा में करनी चाहिए। देवी पूजा-अनुष्ठान के दौरान मुख्य द्वार पर आम या अशोक के पत्तों की बंदनवार लगाने से घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करती हैं।

**देवी के नौ स्वरूप**– चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। पहले दिन मां शैलपुत्री, दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन मां चंद्रघंटा, चौथे दिन मां कूष्मांडा, पांचवें दिन मां स्कंदमाता, छठे दिन मां कात्यायनी, सातवें दिन मां कालरात्रि, आठवें दिन मां महागौरी और नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। प्रत्येक स्वरूप का अपना विशेष महत्व है और भक्त इनकी पूजा करके अलग-अलग प्रकार के आशीर्वाद की कामना करते हैं। नवरात्रि के अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। इस दिन छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया जाता है और उन्हें भोजन तथा उपहार दिए जाते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं।

**मां दुर्गा का वाहन**– हर बार नवरात्र में देवी अलग-अलग वाहन पर आती हैं, और उस वाहन के हिसाब से अगले छह महीने की स्थिति का अनुमान लगाया जाता है। इस बार मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आएंगी। देवी भागवत में पालकी में माता के आगमन का फल ÷ढोलायां मरणं धुवम्÷ बताया गया है जो जन हानि रक्तपात होना बताता है। अर्थात पालकी (डोली) पर माता का आगमन शुभता का संकेत नहीं है। माता का डोली पर आगमन सामाजिक-राजनीतिक उथल-पुथल व महामारी का परिचायक माना गया है।

## घड़ी लगाते समय वास्तु के इन नियमों का करें पालन



सनातन धर्म में भूमि खरीदारी से लेकर गृह निर्माण और गृह प्रवेश के समय वास्तु नियमों का पालन किया जाता है। वास्तु नियमों के पालन करने से घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है। अनदेखी करने से जीवन में नाना प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही आर्थिक विषमता का भी सामना करना पड़ता है। इसके लिए ज्योतिष वास्तु नियमों का पालन करने की सलाह देते हैं।

**वास्तु नियम**– पूर्व दिशा में सूर्य देव का वास होता है। इस दिशा में घड़ी लगाने से व्यक्ति को करियर और कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलती है। व्यक्ति अपने जीवन में तरक्की के मार्ग पर अग्रसर रहता है। पेंडलूम वाली घड़ी लगाना उत्तम माना जाता है। इसके लिए पूर्व दिशा में पेंडलूम वाली घड़ी लगाएं। वास्तु जानकारों की मानें तो दक्षिण दिशा में पितरों का वास होता है। इसके लिए दक्षिण दिशा में भूलकर भी घड़ी न लगाएं। इस दिशा में घड़ी लगाने से विकास में अवरोध पैदा होता है। साथ ही गृह स्वामी पर बुरा असर पड़ता है। अगर गलती से लगा देते हैं, तो उतार लें। घर पर कभी बंद घड़ी न रखें। अगर घड़ी चलने वाली है, तो बैटरी लगा दें। अगर घड़ी खराब पड़ी है, तो घड़ी को घर से निकाल दें। घर में चलने वाली घड़ी जरूर लगाएं। इससे घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है। साथ ही समय भी सही रहता है। अगर आप किसी को कोई गिफ्ट देना चाहते हैं और आप अपने प्रिय को घड़ी देने की सोच रहे हैं, तो ऐसा बिल्कुल न करें। गिफ्ट में घड़ी देना सही नहीं है। ऐसा करने से वक्त ठहर जाता है। ऐसा भी होता है कि आपके हाथ से सही वक्त निकल जाता है।घर पर सफेद रंग की घड़ी लगाएं। इसके अलावा, अन्य रंगों की घड़ी लगाते समय वास्तु एक्सपर्ट की अवश्य सलाह लें। अनदेखी करने से वास्तु दोष लग सकता है। वास्तु जानकारों की मानें तो रात में सोते समय अपने पास में घड़ी बिल्कुल न रखें।

# नवरात्रि सनातन धर्म में आस्था का महापर्व

चैत्र नवरात्रि सनातन धर्म का एक प्रमुख पर्व है जिसमें शक्ति की पूजा की जाती है । इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से प्रारम्भ होकर 27 मार्च तक मनाई जाएगी। नवरात्रि के अवसर पर प्रति दिन देवी दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा होती हैं।



– राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री

दुर्गा सप्तशती के कवच स्तोत्र में वर्णित देवी के इन रूपों में सबसे पहला स्थान 'शैलपुत्री' का है। हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। देवी का वाहन वृषभ अर्थात बैल है , दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएँ हाथ में कमल है।

देवी के इस स्वरूप को धैर्य और करुणा दोनों का सम्मिलित स्वरूप माना जाता है। पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण उनमें पर्वत जैसी दृढ़ता और धैर्य का समावेश है। वाहन के रूप में वृषभ की व्याख्या भी शक्ति, दृढ़ता और संकल्प के रूप में की जाती है, जबकि त्रिशूल इच्छाशक्ति, कर्म एवं ज्ञान का प्रतीक है। उनके बाएं हाथ में सुशोभित कमल के पुष्प की व्याख्या पवित्रता और आध्यात्मिक जागृति के अर्थ में की जाती है। पुराणों में उन्हें जीवनदायिनी भी कहा गया है, जो प्राकृतिक संतुलन बनाये रखती हैं। देवी दुर्गा की शक्तियों पर आधारित कई ग्रंथों में शैलपुत्री का उल्लेख चौंसठ योगिनियों में से एक के रूप में किया गया है ।

शास्त्रों के अनुसार पूर्वजन्म में देवी शैलपुत्री ने दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के रूप में जन्म लिया था। इनका विवाह महादेव से हुआ। जब दक्ष प्रजापति की पुत्री विवाह योग्य हुई तो उनके लिए स्वयंवर का आयोजन किया गया, लेकिन उसमें शिवजी को आमंत्रित नहीं किया गया क्योंकि वे उन्हें अपनी पुत्री के योग्य ही नहीं मानते थे। और सती मन ही मन महादेव को पति रूप में स्वीकार कर चुकी थीं, इसलिए उन्होंने शिवजी का स्मरण करके पृथ्वी पर वरमाला रख दी। उसी समय शिवजी प्रकट हुए और उन्होंने वह माला पहन ली। उन्होंने पत्नी रूप में सती को स्वीकार कर लिया और उन्हें लेकर कैलाश चले गये। इस घटना के बाद से दक्ष शिवजी से क्रोधित रहने लगे।

### शैलपुत्री, शक्ति का पहला स्वरूप




एक बार प्रजापति दक्ष ने विशाल यज्ञ का आयोजन किया। इस आयोजन में शिवजी को छोड़कर सभी देवताओं को आमंत्रित किया गया। सती ने जब महायज्ञ के बारे में सुना तो उनका मन पीहर जाने के लिए व्याकुल हो उठा। उन्होंने अपने मन की बात महादेव को बतायी तो उन्होंने समझाते हुए कहा, वहाँ हमें जानबूझकर नहीं बुलाया गया है। ऐसे में तुम्हारा वहाँ जाना ठीक नहीं। मगर सती के मन में अपनी बहनों और माँ से मिलने की इच्छा इतनी बलवती हो गयी कि वे जिद कर बैठीं और शिवजी को उन्हें अनुमति देनी पड़ी। सती जब पीहर पहुँची तो वहाँ उनका घोर तिरस्कार हुआ। वे समझ गयीं कि शिवजी की बात न मानकर उन्होंने गलती कर दी। उन्होंने देखा सभी देवताओं को यज्ञ का भाग दिया गया परन्तु उनके पति को नहीं। इतना ही नहीं उनके पिता ने शिवजी को लेकर उन्हें कई कठोर बातें भी कही। अपने पति का अपमान देवी सती सहन न कर सकीं। उन्होंने उसी समय योगबल से शरीर में अग्नि प्रज्ज्वलित कर आत्मदाह कर लिया। सती ने पुनः हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया और कठोर तप के पश्चात् शिवजी को पति के रूप में पाया। परम शिव से एकाकार होकर वे चेतना स्वरूप में पूजित हैं। नवदुर्गाओं में शैलपुत्री को अनंत शक्ति की स्वामिनी कहा जाता है। पार्वती, हिमावती एवं अद्रिजा इनके अन्य नाम हैं। देवी शैलपुत्री की उपासना में साधक अपने चित्त को मूलाधार चक्र में स्थापित करता है। योग साधना का प्रारंभ यही से होता है। मूलाधार चक्र की ऊर्जा से जीवन में स्थिरता, मानसिक शान्ति आदि की प्राप्ति होती है। देवी भागवत पुराण के अनुसार देवी शैलपुत्री की पूजा ब्रह्ममुहूर्त में करना चाहिए। देवी की प्रतिमा या चित्र की स्थापना के बाद पूजन में देवी को पुष्प चढ़ाया जाता है। फिर संकल्प लेकर उनके मंत्र का पाठ किया जाता है, जो इस प्रकार है वंदे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम् । वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम ।।

मान्यता है कि देवी शैलपुत्री को श्वेत बहुत ही पसंद है, इसलिए उनको श्वेत पुष्प ही अर्पित करना चाहिए और भोग में भी दूध से बने मिष्ठान चढ़ाना शुभ माना जाता है ।

देवी शैलपुत्री के कुछ ही मंदिर हैं, जिनमें वाराणसी में वरुणा नदी के पास एक प्राचीन मंदिर है, जिसे स्वयं भू मंदिर कहा जाता है। जम्मू-कश्मीर के बारमूला में भी एक प्राचीन शैलपुत्री मंदिर है। इसके अलावा नेपाल में स्थित देवी शैलपुत्री के मंदिर को सिद्धपीठ माना जाता है। नवरात्रि के अवसर पर इन मंदिरों में भारी संख्या में दर्शनार्थी पहुँचते हैं ।

## चाणक्य नीति : किसी व्यक्ति के वास्तविक चरित्र की पहचान करने के ये संकेत

आज के समय में अक्सर लोगों के इरादों को समझना काफी मुश्किल हो गया है। कई बार व्यक्ति कुछ और कहता है और करता कुछ और है, जिससे यह समझना कठिन हो जाता है कि किस पर भरोसा किया जाए और इस पर नहीं। यह स्थिति नई नहीं है। प्राचीन राजदरबारों में भी सच और झूठ की पहचान करना आसान नहीं था। ऐसे में चाणक्य ने बिना अधिक बातचीत किए ही लोगों को समझने की कला विकसित की। उनकी नीति के अनुसार, इंसान की नीयत उसके व्यवहार, उसकी चुप्पी और उसके दोहराए जाने वाले आचरण से प्रकट होती है। जो व्यक्ति इन संकेतों को पहचानना सीख लेता है, वह सजग और समझदार बन जाता है। आइए जानते हैं कि किसी इंसान की फितरत के बारे में किन संकेतों के देखने अंदाजा लगाया जा सकता है।



**स्वार्थ**–चाणक्य के अनुसार, किसी व्यक्ति को समझने का सबसे सही समय वह होता है जब उसके सामने कोई स्वार्थ न हो। जब न पुरस्कार की चाह हो, न प्रशंसा की उम्मीद और न कोई निजी लाभ, तब व्यक्ति दिखावा नहीं करता। ऐसे अवसरों पर उसका असली चरित्र सामने आता है। जो बिना निगरानी के जिम्मेदारी निभाता है, जो नुकसान होने पर भी ईमानदारी नहीं छोड़ता, वही अपनी सच्ची नीयत दिखाता है। यदि किसी की अच्छाई केवल लाभ मिलने तक सीमित है, तो वही उसका वास्तविक स्वभाव है।

**जिम्मेदारी से बचना**– चाणक्य ने टालमटोल को भी एक महत्वपूर्ण संकेत माना। कोई व्यक्ति चाहे कितने भी बड़े वादे करे, लेकिन वह किन बातों से बचता है, यह ज्यादा मायने रखता है। जिम्मेदारी से भागना, स्पष्ट जवाब न देना या कठिन बातचीत से कतराना अक्सर छिपी हुई मंशा की ओर इशारा करता है। इंसान स्वभाव से उन परिस्थितियों से दूर रहना चाहता है जो उसकी योजना या सुविधा के खिलाफ हों। इसलिए बार-बार का टालना केवल कमजोरी नहीं, बल्कि नीयत का संकेत हो सकता है।

**तनाव और संकट**–तनाव और संकट भी व्यक्ति का असली चेहरा सामने लाता है। चाणक्य मानते थे कि दबाव इंसान को बदलता नहीं, बल्कि उसके भीतर छिपे स्वभाव को उजागर करता है। जब हालात चुनौतीपूर्ण हों, तब देखें कि कोई व्यक्ति ईमानदार रहता है या चालाकी अपनाता है, शांत रहता है या आक्रामक हो जाता है। संकट में दिखने वाला व्यवहार ही गहरी आदतों का प्रतिबिंब होता है।

## सुबह जागते ही सबसे पहले हथेलियां देखने की परंपरा

पुराने समय से ही कर (हथेली) दर्शन करने की परंपरा चली आ रही है। जो लोग हथेलियों के दर्शन करके दिन की शुरुआत करते हैं, उन्हें भगवान विष्णु, महालक्ष्मी और देवी सरस्वती की कृपा से सुख-शांति और सफलता मिल सकती है। जानिए इस परंपरा से जुड़ी खास बातें- कर दर्शन की परंपरा से जुड़ी खास बातें... माना जाता है कि रोज सुबह देवी लक्ष्मी, सरस्वती जी और भगवान का विष्णु का ध्यान करने से विचारों में सकारात्मकता बढ़ती है। दिन की शुरुआत भगवान के ध्यान के साथ करने से दिनभर शुभ असर बना रहता है। सुबह जागने के बाद बिस्तर पर बैठे-बैठे ही अपनी दोनों हथेलियों आपस में जोड़ें, आंखें बंद करें। इसके बाद करदर्शन मंत्र का जप करते हुए हथेलियों के दर्शन करें। मंत्र बोलने के बाद दोनों हथेलियों को आपस में रगड़ें और अपने चेहरे पर लगाएं। इस परंपरा के पीछे एक गहरा संदेश भी है। हम हाथों से ही कर्म करते हैं और कर्म करने से ही हमें सफलता मिलती है, हमारा भाग्य बनता है। काम करेंगे तो जीवन में सुख-शांति और सफलता मिलेगी। हाथों का महत्व समझाने के लिए ही ऋषि-मुनियों ने कर दर्शन करने की बनाई है। देवी सरस्वती ज्ञान की प्रतीक हैं, भगवान विष्णु पुरुषार्थ के प्रतीक हैं और देवी लक्ष्मी धन, सुख-सुविधाओं की प्रतीक हैं। जब हम ज्ञान का इस्तेमाल करते हुए पुरुषार्थ यानी काम करते हैं, तब हमें लक्ष्मी यानी धन की प्राप्ति होती है।

## गौतम बुद्ध की बातें बदल सकती हैं आपका जीवन

गौतम बुद्ध की शिक्षाएं केवल धार्मिक ग्रंथों तब ही सीमित नहीं हैं, बल्कि ये हर व्यक्ति के जीवन में प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत भी बन सकती हैं। उनकी बातें न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, बल्कि समाज में शांति और सौहार्द स्थापित करने में भी सहायक साबित होती हैं। बुद्ध की शिक्षाओं के पढ़कर आप समझेंगे कि यह समय, परिस्थिति और स्थान से परे हैं, और हर युग में उपयुक्त बनी रहती हैं। ऐसे में आज हम बात करेंगे उनकी कही गई तीन महत्वपूर्ण बातों के बारे में, जो हमारे जीवन को एक नई दिशा दे सकती हैं और हमें आंतरिक शांति प्रदान कर सकती हैं। गौतम बुद्ध का जीवन दूसरों की भलाई और सेवा के लिए समर्पित था। वह अपने शिष्यों को भी यही सीख देते थे कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए दूसरों की सहायता करनी चाहिए। साथ ही सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए। उनकी शिक्षाएं हमें केवल बाहरी दुनिया को समझने का मौका नहीं है, बल्कि अपने अंदर झांकने और आत्मज्ञान प्राप्त करने का मार्ग भी दिखाती है। गौतम बुद्ध की अमूल्य शिक्षाओं में से बात करते हैं उनके द्वारा कही गई तीन बातों की जो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा ला सकती है और जिंदगी में चल रही उथल-पुथल को शांत करने में मदद कर सकती हैं।



**दुख का कारण और निवारण**– बुद्ध की बताई गई प्रमुख तीन शिक्षाओं में उन्होंने दुख, उसके कारण और निवारण के लिए अष्टांगिक मार्ग सुझाया है। इसमें उन्होंने अहिंसा पर बहुत अधिक जोर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुख हर इंसान के जीवन का हिस्सा है। कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं, जिसे जीवन में कभी कोई पीड़ा न हुई हो, लेकिन बुद्ध यह भी कहते हैं कि दुःख में भी प्रसन्नता और संतोष बनाकर रखा जा सकता है। **दुःख से मुक्ति का रास्ता**– बुद्ध ने अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से दुःख से मुक्ति का रास्ता भी सुझाया। यह मार्ग हमें सिखाता है कि सही दृष्टिकोण, सही सोच, सही कार्य, सही जीवनशैली, सही प्रयास, सही स्मृति और सही ध्यान के जरिए हम अपने जीवन को सकारात्मक बना सकते हैं। उन्होंने अहिंसा पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी जीव के प्रति क्रोध, घृणा या हिंसा का भाव रखना मानवता के खिलाफ है। **सकारात्मक दृष्टिकोण**–दुःख से मुक्ति के लिए आत्मनिरीक्षण एक अनिवार्य साधन है। आत्मनिरीक्षण हमें अपने भीतर की कमियों और गलतियों को पहचानने में मदद करता है और उन्हें सुधारने का अवसर देता है।

## हिंदुओं का नया साल इस दिन से हो रहा है शुरु

भारतीय पंचांग के अनुसार हिंदू नव वर्ष की शुरुआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इसी दिन से विक्रम संवत का नया साल शुरू माना जाता है। साल 2026 में हिंदू नव वर्ष 19 मार्च 2026 से शुरू होगा। इस दिन देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग नामों से मनाया जाता है, जैसे गुड़ी पड़वा, उगादी और चैत्र नवरात्रि की शुरुआत भी इसी दिन से होती है। **क्या होता है 'राजा' और 'गुरु' का अर्थ**–ज्योतिष शास्त्र में हर हिंदू नव वर्ष में ग्रहों के आधार परराजा (शासन करने वाला ग्रह) और गुरु या मंत्री का निर्धारण किया जाता है। इन ग्रहों के प्रभाव से पूरे साल के सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक संकेत बताए जाते हैं। वार का स्वामी ही वर्ष का राजा होता है, ऐसे में गुरुवार से शुरू होने के कारण इस संवत के राजा भी देवगुरु बृहस्पति होंगे। वहीं हिंदू नववर्ष के मंत्री मंगल ग्रह होंगे। **भारी रहेगा ये साल**– संवत की गणना के अनुसार, इस साल सरकार कुछ ऐसा फैसले ले सकती है कि जिससे जनता में व्याकुलता बढ़ेगी। विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों में वाद विवाद और विरोध होने की संभावनाएं हैं। इसके अलावा इस साल आगजनी, दुर्घटनाओं और प्राकृतिक समस्याओं की घटनाएं बढ़ सकती हैं। बारिश कम होने की वजह से फसलों पर असर पड़ सकता है, जिससे महंगाई भी बढ़ने की संभावना है। यानि कुल मिलाकर रौद्र नाम का यह संवत चुनौतियां पैदा करने वाला साबित हो सकता है। **हिंदू नव वर्ष का महत्व**– हिंदू धर्म में यह दिन बेहद शुभ माना जाता है। लोग इस दिन घर की साफ-सफाई करते हैं, पूजा-पाठ करते हैं और नए काम की शुरुआत को शुभ मानते हैं। कई जगहों पर लोग इस दिन नए कपड़े पहनते हैं और भगवान की पूजा करके साल की अच्छी शुरुआत की कामना करते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ
### मंगलवार, 10 मार्च 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शिशिर ऋतौ चैत्र मासोत्तमे कृष्ण पक्षे सप्तमी तिथौ मंगल वासरे 25/55/ अनुराधा नक्षत्रे 19/06/ हर्षण योग 08/22/ भद्रा करणे 12/41/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार**– भद्रा समाप्त घं. 12 मि. 41 पर। शीतला सप्तमी व्रत। बुध वक्री शतभिषा नक्षत्र में घं.07 मि. 59 पर।

**मेष :** उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले साबित होंगे। विशेष प्रयत्नों से ही लाभ होगा। संतान के कारण परिवार में अशांति रहेगी और किसी से शत्रुता हो सकती है।

**वृष :** भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक कष्ट की पूर्ति के लिए लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी हैं। अचानक लाभ संभव है।

**मिथुन :** बुद्धि चतुर से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग है।

**कर्क :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रगति के योग बनेंगे।

**सिंह :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख मय होगी।

**कन्या :** खेद और ग्लानि का वातावरण समाप्त होगा और अपनी स्थिति के अनुसार मान-सम्मान का ख्याल रखे। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा।

**तुला :** विशेष प्रकार के समाचार मिलेंगे आरै मित्रों का सहयोग भी मिलेगा। भाग्य तथा देवी आस्थाओं को श्रेय देंगे। कोष में कमी होगा।

**वृश्चिक :** परिवार जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहित निर्णय में टाल मटोल ठीक नहीं है। नए परिचयों के प्रति आकांक्षा रहेगी।

**धनु :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

**मकर :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है ।

**कुंभ :** व्यर्थ की उलझने रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी होगी। व्यस्तता अधिक होगी।

**मीन :** ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे।

## नींबू और मिर्च को फ्रिज में साथ क्यों नहीं रखना चाहिए?

प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने हाल ही में अपने प्रवचन में नींबू और मिर्च को फ्रिज में एक साथ रखने से बचने की सलाह दी है। उनका मानना है कि इन दोनों को अलग-अलग रखना घर में शांति और सकारात्मकता बनाए रखने के लिए जरूरी है। देवकीनंदन ठाकुर के अनुसार, नींबू और मिर्च दोनों ही तीव्र प्रकृति की चीजें हैं। धार्मिक और पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार, ये दोनों ऊर्जा से जुड़ी वस्तुएं हैं। जब इन्हें एक साथ रखा जाता है, तो यह घर में अशांति और क्लेश का कारण बन सकता है। इसलिए इन्हें अलग-अलग डिब्बे या स्थानों पर रखना उचित माना जाता है। उन्होंने इसे समझाने के लिए उदाहरण दिया कि मिर्च खाने पर शरीर में तुरंत तीखापन महसूस होता है, जबकि नींबू पीने पर खट्टापन तेज लगता है। दोनों की प्रकृति अलग-अलग प्रतिक्रिया देती है और प्रतीकात्मक रूप से घर के माहौल पर भी इसका असर पड़ सकता है।



आजकल अधिकतर घरों में फ्रिज मौजूद हैं और लोग सब्जियां और फल अक्सर एक ही जगह पर रख देते हैं। छोटी टोकरी या डलिया में लोग अक्सर मिर्च और नींबू दोनों एक साथ डाल देते हैं। देवकीनंदन ठाकुर ने ऐसी आदत से बचने की सलाह दी। उनके अनुसार, यदि नींबू और मिर्च को एक साथ रखा जाए, तो कभी-कभी घर में अनावश्यक तनाव, वाद-विवाद और क्लेश की स्थिति बन सकती है। इसलिए सावधानी के तौर पर इन्हें अलग-अलग रखना बेहतर माना जाता है। देवकीनंदन ठाकुर ने प्रवचन में आधुनिक जीवनशैली का भी जिक्र किया। पहले लोग मटके में पानी पीते थे, जो शरीर के लिए प्राकृतिक और आरामदायक माना जाता था। आजकल फ्रिज के आने से यह परंपरा धीरे-धीरे खत्म हो रही है। उनका कहना है कि मटके का पानी शरीर को संतुलित और ठंडक देता है, जबकि फ्रिज का अत्यधिक ठंडा पानी कई बार स्वास्थ्य के लिए परेशानी पैदा कर सकता है।

**धार्मिक और पारंपरिक मान्यताएं**
भारतीय परंपराओं में नींबू और मिर्च को अलग रखने की सलाह घर की सकारात्मक ऊर्जा और शांति से जोड़कर देखी जाती है। कुछ लोग इसे आस्था के रूप में मानते हैं, जबकि अन्य इसे परंपरा का हिस्सा मानते हैं। हालांकि इस बात का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है, फिर भी यह मान्यता जीवन को अनुशासित और संतुलित रखने का संदेश देती है।





# मनरेगा कर्मियों का मानदेय बकाया अधिकारियों को भेजा ज्ञापन



**जफराबाद जौनपुर।** सिरकोनी ब्लाक में कार्यरत मनरेगा कर्मियों ने लंबे समय से मानदेय भुगतान न होने को लेकर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व उपायुक्त श्रम एवं रोजगार,खंड विकास अधिकारी सिरकोनी को ज्ञापन देकर जल्द भुगतान की मांग की है। कर्मियों का कहना है कि जुलाई 2025 से अब तक मानदेय व ईपीएफ का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि होली और दीपावली जैसे त्योहार भी बिना वेतन के गुजारने पड़े, जिससे कर्मचारियों के परिवार पर गहरा असर पड़ा है। कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बकाया मानदेय व ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। साथ ही प्रशासन से इस मामले में शीघ्र कार्यवाही कर समस्या का समाधान कराने की मांग की गई। मौके पर रोजगार सेवक अध्यक्ष दिनेश कुमार राज, एपीओ नीरज शुक्ला, अकाउंटेंट आशीष कुमार सिंह, अजय कुमार श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा, रामकुमार सिंह, संदीप कुमार यादव, अजय कुमार, रूपा देवी, रीना गौड़, बसंत सहीत सभी नरेगा कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेहतर उपज लेने वाले किसान पुरस्कार के लिए कराए पंजीकरण

**जौनपुर।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री व किसान नेता चौधरी चरण सिंह जी की जन्मतिथि 23 दिसंबर को हर वर्ष किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर कृषि व इससे संबंधित क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को राज्य व जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाता है। जनपद के किसान इस योजना में शामिल होने के लिए पंजीकरण कराए। किसानों की फसलों के क्राप कटिंग परिणाम के आधार पर प्रतियोगिता कराई जाती है। खरीफ और रबी फसलों में सर्वोच्च उत्पादकता प्राप्त करने वाले किसानों को जनपद स्तर पर प्रथम पुरस्कार सात हजार रुपए व द्वितीय पुरस्कार पांच हजार रुपए, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्रम देकर मा0 जनप्रतिनिधि व जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। जनपद में इस वर्ष 36 किसानों को पुरस्कृत किया जाएगा। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि 23 दिसंबर को आत्मा योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले किसान सम्मान दिवस में प्रतियोगिता के लिए रबी फसलों के किसानों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। उन्होंने जनपद के किसानों से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपने उपज परिणाम निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर कृषि भवन में जमा कर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है। सर्वोच्च उत्पादकता प्राप्त करने वाले किसानों की सूची मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति से अनुमोदन होने के पश्चात प्रदेश स्तर पर प्रेषित की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर स्थान बनाने वाले कृषकों को राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 75 हजार रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कृषकों को 50 हजार रुपए देकर सम्मानित किया जाता है। प्रदेश स्तर पर कुल 58 कृषकों को सम्मानित किया जाता है।

# गन्ने की बुवाई के साथ कभी गांवों में गूंजते थे बैलों के घुंघरू, अब मशीनों ने बदल दी खेती की तस्वीर

**चन्द्र प्रकाश शुक्ल रिंकू**

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में एक समय ऐसा भी था जब गन्ने की बुवाई शुरू होते ही गांवों का माहौल अलग ही दिखाई देता था। सुबह-सुबह खेतों की ओर जाते किसानों के साथ बैलों के गले में बंधे घुंघरुओं की मधुर आवाज पूरे गांव में गूंजती थी। यह आवाज न केवल खेती की शुरुआत का संकेत होती थी, बल्कि ग्रामीण जीवन की सादगी और परिश्रम की पहचान भी मानी जाती थी। पहले किसान बैलों के सहारे हल चलाकर खेत तैयार करते थे। खेतों में हल की लकीरें पड़ती थीं और किसान अपने पसीने से धरती को सींचते थे। गन्ने की बुवाई के समय गांवों में एक अलग ही रौनक देखने को मिलती थी। किसान परिवार के लोग मिलकर खेतों में काम करते थे। महिलाएं भी खेतों में बीज और खाद पहुंचाने में मदद करती थीं। बैलों की जोड़ी खेतों में धीरे-धीरे चलती थी और उनके गले में बंधे घुंघरुओं की आवाज से पूरा वातावरण जीवंत हो उठता था। समय के साथ खेती के तरीके भी बदलते गए। आधुनिक तकनीक और मशीनों के आने से खेती का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। अब ट्रैक्टर, रोटावेटर और अन्य आधुनिक मशीनों की मदद से खेतों की जुताई और गन्ने की बुवाई बहुत तेजी से होने लगी है। जहां पहले एक खेत तैयार करने में कई दिन लग जाते थे, वहीं अब मशीनों की सहायता से कुछ ही घंटों में काम पूरा हो जाता है। मशीनों ने किसानों की मेहनत को काफी हद तक कम कर दिया है और खेती को आसान बना दिया है। हालांकि इसके साथ ही वह पुराना दृश्य भी धीरे-धीरे गायब हो गया है, जब खेतों में बैलों की जोड़ी और उनके गले के घुंघरू गांव की पहचान हुआ करते थे। नई पीढ़ी अब शायद ही उस दौर को देख पाती है, जब किसान अपने पशुओं के साथ खेतों में मेहनत करते थे और गांव की सुबह बैलों की घंटियों की आवाज से शुरू होती थी। आज तकनीक ने खेती को आधुनिक बना दिया है, लेकिन पुराने समय की वह सादगी, सामूहिकता और बैलों के घुंघरुओं की मधुर ध्वनि अब सिर्फ यादों में ही सुनाई देती है। ग्रामीण बुजुर्ग अक्सर कहते हैं कि मशीनों ने खेती को आसान जरूर बना दिया, लेकिन बैलों के साथ जुड़ा वह अपनापन और परंपरा अब धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है।

## खबर एक नजर

### बंद फाटक के नीचे से निकल रहे बाइक सवार

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** नंदगंज रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक बंद होने के बावजूद कई बाइक सवार अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार जल्दबाजी और लापरवाही के चलते बाइक और साइकिल चालक बंद फाटक के नीचे से वाहन निकालकर ट्रैक पार कर लेते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन के आवागमन के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत फाटक बंद किया जाता है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव हो सके। इसके बावजूद कुछ लोग नियमों की अनदेखी करते हुए जबरन निकलने की कोशिश करते हैं। ऐसी घटनाएं केवल नंदगंज ही नहीं बल्कि अन्य स्थानों पर भी सामने आती रहती हैं, जहां दोपहिया चालक बंद फाटक के नीचे से गुजरकर अपनी और दूसरों की जान खतरे में डाल देते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और रेलवे विभाग से रेलवे क्रॉसिंग पर निगरानी बढ़ाने, लोगों को जागरूक करने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके।

### दहेज उत्पीड़न के मामले पति पत्नी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत जमानियां (गाजीपुर)।** स्थानीय पुलिस ने सोमवार को वांछित दंपति अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उपनिरीक्षक बृजेश्वर यादव ने बताया की डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त रामबचन यादव और उनकी पत्नी देवंती निवासी रामपुरपट्टी सरनाम खां (खांवपुरा) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी को पुलिस टीम ने उनके घर के पास से गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध आगे की विधिक कारवाई की जा रही है।

### जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना के सुरूहूरपुर स्थित एक लॉन में रविवार रात जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राजकुमार जायसवाल ने होली को भाईचारा व प्रेम का प्रतीक बताया, जबकि विशिष्ट अतिथि एसडीओ विद्युत विजय जायसवाल ने समाज को एकजुट रहने व बच्चों को उच्च शिक्षा देने पर जोर दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान प्रतीक जायसवाल समेत समाज के कई पदाधिकारी व बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मानदेय न मिलने पर मनरेगा कर्मियों का प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** रानीपुर ब्लॉक कार्यालय पर सोमवार को मनरेगा कर्मचारियों व ग्राम रोजगार सेवकों ने ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कर्मियों ने चार माह से मानदेय न मिलने पर नाराजगी जताते हुए सहायक विकास अधिकारी (एडीओ आईएसबी) को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मानदेय न मिलने से परिवार आर्थिक संकट में हैं और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने बकाया भुगतान व वेतन की नियमित व्यवस्था की मांग की। इस दौरान बिनोद मौर्य, मंजू, आशीष कुमार, पुष्पा सिंह समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल बनी रोजा इफ्तार पार्टी

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना के विजय स्तंभ चौक के पास व्यवसायी बृजेश जायसवाल ने रविवार शाम रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन कर हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में सैकड़ों रोजेदारों ने इफ्तार किया और एक-दूसरे को आगामी ईद की बधाई दी।इस दौरान प्रदीप जायसवाल, राजेश जायसवाल, शिवम, मनीष, राजकुमार गुप्ता, मनोज कुमार, अनिल कुमार, खुर्शीद आलम, सुरेंद्र कुमार, विनोद कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

### आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 मार्च तक

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** जिला सेवायोजन अधिकारी अरविंद पाण्डेय ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को जिला सेवायोजन कार्यालय मऊ में एक वर्षीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में हिन्दी टंकण, आशुलिपि, कम्प्यूटर, सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी, सचिवीय पद्धति व साक्षात्कार तकनीक आदि शामिल हैं। सत्र 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा। आवेदन 26 मार्च तक जमा किए जा सकते हैं। साक्षात्कार 27 मार्च (एससी/एसटी) व 28 मार्च (ओबीसी) को सुबह 10 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय में होगा।

### महिला आयोग ने की जनसुनवाई

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में राज्य महिला आयोग की सदस्या गीता बिन्द की अध्यक्षता में महिलाओं की समस्याओं को लेकर जनसुनवाई आयोजित हुई। इसमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, संपत्ति विवाद व पुलिस कार्रवाई से जुड़े कुल 11 मामले सामने आए।आयोग ने संबंधित अधिकारियों को मामलों में जल्द रिपोर्ट देने व महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉ. श्वेता त्रिपाठी, सीडीपीओ राधेश्याम पाल, महिला थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### अधिवक्ता परिषद मऊ इकाई ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**स्वंतत्र भारत विस मऊ।** सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के पुस्तकालय भवन में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को अधिवक्ता परिषद काशी की मऊ इकाई की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि कंचन तिवारी, विशिष्ट अतिथि विधि सह परिवीक्षा अधिकारी रेनू पांडेय का महिला अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि सदस्य न्यायपीठ बाल कल्याण समिति कंचन तिवारी ने कहा कि आज जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नही है, जहां महिलाएं राष्ट के विकास मे योगदान नहीं दे रही हैं।वैदिक काल में भी भारतीय महिलाएं गार्गी, अपाला आदि ने अपनी विद्ववता से सबको प्रभावित किया। संगोष्ठी मे सीमा सिंह, शहरबानो गुड़िया, संजू मौर्या, प्रियंका राय आदि महिला अधिवक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ यादव ने संविधान निर्माण में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में महामंत्री मनोज कुमार सिंह, विजय चौरसिया, गोरखनाथ, रूद्रा मिश्रा, अमरेश प्रजापति व निशांत सिंह, नरेंद्र प्रताप सुबोध आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ यादव और संचालन निर्मला यादव ने किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार के लिए जागरूकता वाहन रवाना



**स्वतंत्र भारत विस मऊ।** राष्टीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सोमवार को दीवानी न्यायालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजय कुमार यादव तृतीय ने कहा कि लोक अदालत सुलह-समझौते के माध्यम से वादों के त्वरित निस्तारण का सशक्त माध्यम है।उन्होंने कहा कि %%न्याय चला निर्धन के द्वार%% की भावना के तहत लोक अदालत आम लोगों, विशेषकर गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी मंच है। प्रचार वाहन के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को राष्टीय लोक अदालत में निस्तारित होने वाले मामलों की जानकारी दी जाएगी, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सिविल जज (सीडी) साक्षी सिंह ने कहा कि राष्टीय लोक अदालत की सफलता के लिए सभी न्यायिक अधिकारी एवं संबंधित विभागों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रचार वाहन के जरिए आमजन को अपने मामलों को राष्टीय लोक अदालत में लाकर आपसी सहमति से निस्तारित कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्टीय लोक अदालत में धारा 138 एनआई एक्ट के मामले, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले, विद्युत, जल और सेवा संबंधी मामले, राजस्व एवं सिविल वाद सहित प्री-लिटिगेशन मामलों का भी निस्तारण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय निरंजन चंद्र पाण्डेय, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण चंद्रगुप्त, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम व नोडल अधिकारी राष्टीय लोक अदालत बाकर शमीम रिजवी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ के पी सिंह, सिविल जज (सीडी) अरुणांजली सिंह, अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लीगल डिफेंस काउंसिल, बैंक कर्मी तथा न्यायालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# मंदिर से चोरी किए गए कलश और लोटा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बरसठी जौनपुर।** जनपद जौनपुर के थाना बरसठी पुलिस ने मंदिर से चोरी किए गए सामान के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में थाना बरसठी पुलिस टीम ने ग्राम बघनरी के ग्रामीणों के सहयोग से दो आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में लालबहादुर पाण्डेय पुत्र निरहू निवासी ग्राम बसहरा थाना बरसठी तथा राजकुमार गुप्ता पुत्र शिवशंकर गुप्ता निवासी ग्राम मियाँचक थाना बरसठी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्तों के पास से ग्राम बघनरी स्थित शिव मंदिर और दुर्गा मंदिर से चोरी किया गया कलश और लोटा बरामद किया गया है। इस संबंध में थाना बरसठी में मुकदमा संख्या 47/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 और 317(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव, उपनिरीक्षक पारसनाथ यादव, कांस्टेबल प्रमोद कुमार तथा होमगार्ड राजेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# प्राथमिक विद्यालय कइयां की छात्राओं के योग प्रदर्शन को मिली सराहना

**स्वतंत्र भारत मऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर में स्थित दयाल गेटवे में रविवार को आयोजित प्रगति 2026 *आत्मसम्मान से समानता तक एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस* के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पहुंची जनपद के शिक्षा क्षेत्र रतनपुरा के प्राथमिक विद्यालय कइयां की छात्राओं के योग प्रदर्शन को खूब सराहना मिली। इस दौरान मुख्य अतिथि संदीप सिंह (राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बेसिक शिक्षा), पार्थ सारथी सेन शर्मा (अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश), मोनिका रानी (महानिदेशक स्कूल शिक्षा), जाकिर एडम (चीफ यूनिसेफ उत्तर प्रदेश), गणेश कुमार (निदेशक एससीईआरटी लखनऊ), मुकेश सिंह (उप निदेशक केजीबीबी), जीवेन्द्र सिंह ऐरी (विशेषज्ञ बालिका शिक्षा), श्याम किशोर तिवारी (ए डी बेसिक लखनऊ), सरिता सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा अंजलि ने शिव तांडव स्त्रोत का सस्वर वाचन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। टीम के साथ प्रमुख रूप से अनिल कुमार चौरसिया ,अंजनी कुमार सिंह, आभा त्रिपाठी, अनीता यादव रहीं । एडी बेसिक आजमगढ़ मंडल मनोज कुमार मिश्रा व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मऊ संतोष कुमार उपाध्याय ने टीम के अच्छे प्रदर्शन पर बधाई दिया।

### अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय

**स्वतन्त्र भारत।** गाजीपुर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्टीय महिला के निर्देशानुसार उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये उपने तथा आवेदक/आवेविकाओं को सुगमता की दृष्टिगत से महिला जनसुनवाई हेतु नियमानुसार पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था कराये जाने हेतु राजकीय गेस्ट हाउस सभागार कक्ष में दिनांक 12.03.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे महिला जनसुनवाई/समीक्षा बैठक की जानी है।उन्होने अनुरोध है कि दिनाक 12.03.2026 को ससमय अपने विभाग से संबंधित विभागीय सुचनाओं के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार सोनी ने जनपद वासियों से अपील किया है कि उ0प्र0 राज्य महिला आयोग मा0 अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में दिनांक 12 मार्च, 2026 को समय 11 बजे से महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार/उत्पीड़न की रोकथाम एवं अन्य कोई भी महिलाओं से सम्बन्धित समस्या हो तो, लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में पहुचने का कष्ट करे।

# राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में कइयां का विशेष प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत मऊ।** सोमवार को 36 वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अयोध्या में हुआ। वृहस्पतिवार तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी मंडलों के विजेता प्रतिभागी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में प्राथमिक विद्यालय कइयाँ, शिक्षा क्षेत्र रतनपुरा, जनपद मऊ की बच्चियों ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह के समक्ष शानदार मार्च पास्ट एवं पीटी, लेजिम, डम्बल का विशेष प्रदर्शन किया। विगत रविवार को प्रदेश की राजधानी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में भी भाग लेकर इन बच्चियों ने योगाभ्यास का प्रदर्शन किया था।इस तरह से लगातार दूसरे दिन प्राथमिक विद्यालय कइयाँ की बच्चियों ने बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री के समक्ष प्रस्तुति देकर अपने अभिभावकों, विद्यालय परिवार तथा जनपद वासियों को गौरवान्वित किया है। ए डी बेसिक आजमगढ़ मण्डल मनोज कुमार मिश्रा व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मऊ सन्तोष कुमार उपाध्याय ने टीम प्रभारी अंजनी कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह व विद्यालय परिवार को बधाई दिया है। टीम के साथ प्रमुख रूप से दिवाकर वर्मा, सहेन्द्र सिंह, प्रवीण सिंह, रणन्जय सिंह, रामनिवास मौर्या,राम सिंह, अरविंद यादव, शादाब अली आदि उपस्थित थे।

# सीमा पर शहीद हुए हरिकेश यादव, गांव में शोक की लहर

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** जनपद के मनिहारी क्षेत्र के ग्राम सभा शाहपुर शमशेर खान के वीर सपूत शहीद हरिकेश यादव के सीमा पर शहीद होने की दुखद सूचना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। देश की रक्षा करते हुए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर सर्वोच्च बलिदान दिया, जिस पर पूरे क्षेत्र को गर्व है, वहीं परिवार और ग्रामीणों के लिए यह गहरा दुःख का क्षण है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहीद हरिकेश यादव ड्यूटी के दौरान देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके शहीद होने की खबर जैसे ही गांव और आसपास के क्षेत्रों में पहुंची, लोगों में शोक और गर्व दोनों की भावना देखने को मिली। ग्रामीणों ने कहा कि हरिकेश यादव बचपन से ही साहसी और देशभक्त स्वभाव के थे तथा सेना में भर्ती होकर देश सेवा करना उनका सपना था। बताया जा रहा है कि शहीद हरिकेश यादव का पार्थिव शरीर मंगलवार 10 मार्च 2026 की सुबह उनके पैतृक निवास ग्राम शाहपुर शमशेर खान पहुंचेगा। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहकर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। क्षेत्र के लोगों और नवयुवकों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर वीर शहीद को अंतिम विदाई दें और उनके बलिदान को नमन करें। गांव में शहीद के सम्मान में शोक का माहौल है और लोग उन्हें नम आंखों से याद कर रहे हैं। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि अमर शहीद हरिकेश यादव का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा और उनका नाम क्षेत्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर

पत्रांकः- 818/1काम-सु0अ0वृ0/2025-26 दिनाँकः- 28-02-2026

**अल्पकालीन निविदा ई-निविदा सूचना (प्रथमबार आमंत्रण)**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में निर्माण कार्य हेतु रजिस्टर्ड अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि यह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्रं0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य+स्टेशनरी +जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुलतानपुर | रघुनाथ लाल (कोटा) सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 76.00 | 5.80 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 2. | -तदैव- | कोरो सेमरौना मार्ग से भौसा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 94.00 | 6.70 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 3. | -तदैव- | पिपरी पक्की सड़क से जयन्ती दूबे के घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 61.00 | 5.05 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 4. | -तदैव- | भगवानपुर शिवशक्ति जी के मन्दिर खरगपुर ग्राम तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 81.00 | 6.05 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |

➤ बिल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 10.03.2026 की पूर्वाहन 9:00 बजे से दिनाँक 18.03.2026 की अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 18.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 18.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेक प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.inपर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-3,लो0नि0वि0,
सुलतानपुर

अधीक्षण अभियन्ता,
सुलतानपुर-अमेठी वृत्तलो0नि0वि0,
सुलतानपुर

उ0प्र0 247576 दिनांक- 07.03.2026 Website: www.upgov.nic.in



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अयोध्या

पत्रांक 827/निविदा दिनांक 28.02.2026

**ई निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 827/निविदा दिनांक 28.02.2026 के द्वारा निम्न विवरण के अनुसार ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गयी है, निविदा दिनांक 11.03.2026 से 18.03.2026 को 12:00 बजे तक आनलाईन अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 18.03.2026 को 12:30 बजे आनलाईन खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा वेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं प्रहरी साफटवेयर से आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर राशि (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित | पात्र ठेकेदार की श्रेणी | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| विधानसभा– गोसाईगंज | | | | | | | | | | |
| 1 | अयोध्या | महबूबगंज ऊंचेगांव सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 29.00 | 2.90 | 880.00 | 02 माह | A, B, C & D | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो0अम्बे0 वृत्त लो0नि0वि0, अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0, अयोध्या |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी दरें जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगायी गयी है।
- बिड डाक्यूमेन्ट की धनराशि (निविदा शुल्क) कालम 6 के अनुसार केवल नेट बैंकिग के माध्यम से ऑन लाईन यू0पी0 ई–टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।
- निविदा शुल्क की धनराशि की वापसी नहीं की जायेगी।
- बिड डाक्यूमेन्ट से सम्बन्धित धरोहर धनराशि कालम 5 के अनुसार केवल नेट बैंकिंग के माध्यम से आनलाईन यू0पी0 ई–टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।
- निविदा आनलाईन दिनांक 11.03.2026 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 18.03.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है।
- उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 18.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश सं0 1/2018/3070/78–2– 2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानो के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
अयोध्या

उ0प्र0 247541 दिनांक- 07.03.2026
Website: www.upgov.nic.in

# केन्द्र सरकार ने गैस सिलेण्डर महंगा करके दिया नया तोहफा : आप




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को महंगाई का नया तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में रुपये 60 और कमर्शियल सिलेंडर के दाम में रुपये 120 की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिससे देश की आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ पड़ा है। विनय पटेल ने कहा कि यह महंगाई किसी वैश्विक परिस्थिति की वजह से नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गलत और कमजोर नीतियों का परिणाम है, जिन्होंने जानबूझकर देश को महंगाई की आग में झोंकने का काम किया है। ये बातें विनय पटेल ने प्रेस क्लब अयोध्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दरम्यान कही। प्रदेश प्रवक्ता एवम अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम ने कहा कि ईरान भारत का परंपरागत मित्र रहा है जिसने हमेशा भारत को सस्ती दरों पर तेल उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत के परमाणु परीक्षण के बाद भी आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, 1971 के युद्ध के दौरान भी भारत का विरोध किया था और 1965 के युद्ध में भी पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई के समय भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे। इसके बावजूद देश के नेतृत्व ने राष्ट्रीय स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। अयोध्या जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनिल प्रजापति ने कहा कि यह देश 190 साल तक अंग्रेजों का गुलाम रहा और हमारे क्रांतिकारियों के बलिदान की बदौलत देश को आजादी मिली, लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी ने उस आजादी और स्वाभिमान को अमेरिका के हाथों गिरवी रख दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार उस अमेरिका के साथ खड़ी दिखाई देती है जिसके खिलाफ खुद अमेरिका के लोग भी सड़कों पर उतर रहे हैं। इस बैठक में मोहम्मद इसराइल, गुड़िया राईन, संदीप पटेल, शारजाह मास्टर, गायत्री मिश्रा, कुलभूषण साहू, सत्यप्रकाश मौर्या, दिलीप वर्मा, अखिलेश कुमार, राजीव पाठक, संजय पाठक, राघुनाथ प्रसाद, अलोक दिवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्मिता सहाय श्रीवास्तव रंगोत्सव 2026 में विशिष्ट अतिथि के रूप में हुईं सम्मानित

## अयोध्या के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व वंदना उपाध्याय ने आयोजित किया भव्य समारोह



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** रामनगरी अयोध्या के परमहंस महाविद्यालय के प्रांगण में रामाय ट्रस्ट और श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रंगोत्सव कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग में कार्यरत, मान्यता प्राप्त पत्रकार, शिक्षाविद, समाजसेविका एडवोकेट स्मिता सहाय श्रीवास्तव को विशिष्ट अतिथि के रूप में उनके कार्यों को देखते हुए सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम का आयोजन रामाय ट्रस्ट और महाविद्यालय की प्रबंधिका वंदना उपाध्याय और अयोध्या के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्यायकी ओर से किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंग-बिरंगे माहौल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आपसी मिलन के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजक वंदना उपाध्याय, वह प्रथम महापौर अयोध्या ऋषिकेश उपाध्याय ने कार्यक्रम में विषय प्रकृति के रूप में सम्मिलित स्मिता सहाय श्रीवास्तव जी के कार्यों को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया साथ ही साथ आई हुई अन्य सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए उन्हें रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। श्रीमती श्रीवास्तव ने मंच से अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए, ताकि वे समाज और परिवार दोनों के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में आरटीओ रितु सिंह, अशोका द्विवेदी, रीना द्विवेदी, मनोरमा दुबे, डॉ नीलम सिंह, प्रभा वर्मा उषा मिश्रा, डा मंजूषा पाण्डेय, सरस्वती पाठक, कविता सिंह, मीना पाण्डेय, उर्मिला मिश्रा, प्रज्ञा मिश्रा, सारिका गर्ग, पूजा सनाढ्य, वंदना सिंह, संगीता आहूजा, समिष्ठा, प्रतिभा द्विवेदी, पूर्णिमा तिवारी, मीनू अग्रवाल, श्वेता टंडन, मयूरी तिवारी, डा वंदना सिंह, कंचन जायसवाल, स्मृता तिवारी सहित बडी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी किया।

# दिशांतरण मॉड्यूल पर आधारित प्रशिक्षण का समापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, अयोध्या में डायट उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित दिशांतरण मॉड्यूल पर आधारित उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के प्रशिक्षण का समापन हो गया। इसका उद्देश्य सामाजिक विषय के शिक्षण को केवल रटने तक सीमित न रखकर, उसे तार्किक, रोचक और जीवन से जोड़ने वाला बनाना है। डायट प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार के दिशा निर्देशन में सफल समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में 17 फरवरी से 26 फरवरी तक जिले के सभी ब्लाकों से लगभग 568 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उक्त तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम फेरे के समापन समारोह में डायट के प्रशिक्षण प्रभारी मनोज कुमार ने सभी प्रशिक्षित शिक्षकों को बधाई दी। मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दिशांतरण का अर्थ है– दृष्टिकोण में बदलाव। इस मॉड्यूल के लक्ष्यों में शामिल है। अवधारणात्मक स्पष्टता : इतिहास, भूगोल और नागरिक शास्त्र के कठिन अध्यायों को सरल बनाना। रचनात्मकता : रटने की प्रवृत्ति को खत्म कर गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना। संवैधानिक मूल्य : छात्रों में नागरिक बोध, अधिकार और कर्तव्यों के प्रति चेतना जगाना। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं है, बल्कि एक नए शैक्षिक दृष्टिकोण की शुरुआत है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपनी कक्षाओं को रटने से समझने की ओर ले जाने का केंद्र बनाएं। प्रशिक्षण प्रभारी  ने सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र देते हुए इस प्रशिक्षण के मूलभूत तत्वों को बच्चो तक पहुंचाने के लिए भी प्रेरित किया। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर डॉ विवेक कुमार सिंह, डॉ दिनेश कांत पांडे, सुजीत कुमार सिंह, अभिषेक कुमार मिश्र, अमरेन्द्र कुमार सिंह एवं ओंकार पांडे ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया। नोडल प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षकों का उत्साह और सीखने की ललक सराहनीय थी। प्रशिक्षण प्रभारी मनोज कुमार ने सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किया।

# खेलों से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास : राज्यमंत्री



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन संदीप सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश द्वारा अयोध्या के डाभासेमर स्थित डॉ0 भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल में किया गया। एडी बेसिक अयोध्या कौस्तुभ कुमार सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद द्वारा मुख्य अतिथि और उपस्थित विधायकगण का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया और मुख्य अतिथि को श्रीराम मंदिर और मोमेंटो दिया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभिन्न मंडल के बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि को मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। बच्चों द्वारा स्वागत गीत और अन्य प्रस्तुतियों ने मैदान में उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अयोध्या मण्डल के सुल्तानपुर की अनुश्री द्वारा सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई तथा धाविका अनुश्री द्वारा मशाल दौड़ के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने खेलों में प्रतिभाग करने के लिये युवाओं को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता आयोजन की बेसिक शिक्षा मंत्री ने और एडी बेसिक अयोध्या ने सराहना की। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा सरकार की योजनाओं से ग्रामीण अंचल से निकलकर बच्चे ब्लॉक, जिला मंडल और प्रदेश स्तर पर नाम रोशन करते है। भाजपा जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने क्रीडा प्रतियोगिता अयोध्या में आयोजित करने के लिए बेसिक शिक्षा मंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर एडी बेसिक कौस्तुभ कुमार सिंह, देवीपाटन एडी बेसिक रमापति राम त्रिपाठी, झांसी एडिबेसिक संतोष देव पांडेय और गोरखपुर एडी बेसिक संगीता सिंह, अयोध्या बीएसए लालचंद, संजय तिवारी, बाराबंकी बीएसए नवीन पाठक, अंबेडकर नगर बीएसए शैलेस पटेल, जिला व्यायाम शिक्षक विश्वनाथ सिंह, मंडलीय व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, संदीप सिंह, मो हसन, अनिल सिंह, धीरज शुक्ला, सरवरे आलम, पंकज द्विवेदी, नीरज शुक्ला, विवेक सिंह आदि मौजूद रहे।

# व्यर्थ नहीं जाएगा रहबरे मोअज्जम का बलिदान : तुफैल अब्बास



**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** बसखारी ब्लॉक के मौजा बेलापरसा में शिया समुदाय के सुप्रीम लीडर रहबरे मोअज्जम सैयद अली हसन खामेनेई ताबासराह की हत्या के विरोध में विशाल कैंडिल मार्च का आयोजन कर अमेरिका, इजराइल और पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए गए। अंजुमन अब्बासिया के तत्वावधान में आयोजित कैंडिल मार्च में बच्चे, युवा, बुजुर्ग और बुर्कापोश महिलाएं शामिल हुईं। इमामबाड़े से जुलूस जामा मस्जिद तक गया। जहां पेश इमाम मौलाना तुफैल अब्बास ने मजमे को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के विरुद्ध युद्ध अमेरिका-इजराइल की साम्राज्यवादी नीति का परिणाम और वैश्विक दादागीरी है। इससे अंतर्राष्ट्रीय कानून, राष्ट्रीय संप्रभुता और वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। मौलाना ने याद दिलाते हुए कहा कि ईरान का हजारो साल पुराना भारत से दोस्ताना रहा है। कश्मीर मसले पर भी ईरान भारत के पक्ष खुलकर साथ दिया है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। अंत में कहा कि खामेनेई साहब की शहादत रायगा नहीं जाएगी। उक्त अवसर पर कैफी रिजवी, मौलाना अमीर हसन, मौलाना वसीम अब्बास, मौलाना परवेज कमाल, वजीर हसन, अनीस रजा, तालीम, मोहम्मद हुसैन, राकेश, चौथी यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# रेशम उत्पादन से होगी किसानों की आय में बढ़ोतरी



**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में रेशम उत्पादन एवं क्षमता निर्माण विषय पर पांच दिवसीय प्रौद्योगिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विवि के कुलसचिव डा. पी.एस. प्रमाणिक ने कहा कि रेशम उत्पादन पर क्षमता निर्माण एक महत्वपूर्ण पहल है जो रेशम उद्योग को मजबूत बनाने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद कर सकता है। किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है क्योंकि वे अधिक उत्पादन कर उत्पादों को बेहतर ढंग से बेच सकते हैं। कृषि अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सतत रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने, रेशम उत्पादन के ज्ञान, तकनीकी कौशल और व्यावहारिक समझ को बढ़ाना है। कहा कि किसानों और रेशम उत्पादकों को आधुनिक तकनीकों और प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण देने की जरूरत है। निदेशक प्रशासन डा. सुशांत श्रीवास्तव ने कहा कि रेशम उत्पादन के लिए किसानों को आधुनिक तकनीकियों को अपनाने की जरूरत है। इसके उत्पादन से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं दोगुणी हो सकती हैं। किसानों को अपनी आय को बढ़ाने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए रेशम उत्पादन का कार्य एक बेहतर विकल्प बन सकता है। कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठाता डा. सी.पी. सिंह व निदेशक शोध डा. शभू प्रसाद ने भी अपने विचारों को रखा। कृषि विवि एवं केंद्रीय रेशम बोर्ड भारत सरकार के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. उमेश चंद्रा के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन रुदौली का होली मिलन सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** बार एसोसिएशन तहसील रुदौली के संयोजन में बार सभागार में होली मिलन का भव्य आयोजन बार अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। होली मिलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी रुदौली संतोष कुमार ने कहा कि सभी बार के पदाधिकारी सहित सभी अधिवक्ता बधाई के पात्र हैं जिन्होंने यह सामाजिक सौहार्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया है जैसा सौहार्द्र भाई चारा रुदौली तहसील में दिखाई पड़ा है ऐसा पूरा भारत में कहीं नहीं दिखाई पड़ा है प्रेम व समन्वय यहां सभी लोगों में देखने में मिला है यहां के अधिवक्ता पब्लिक हितों के लिए कार्यरत हैं जिससे बार और बेंच के आपसी संबंध में परस्पर मधुर है हिंदू मुस्लिम सिख इसाई भाई-भाई यह संस्कृति आगे बढ़ाने के लिए अधिवक्ताओं की नैतिक जिम्मेदारी होती है। तहसीलदार रुदौली विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि तहसील में जिस प्रकार से ढोल मजीरे के साथ होली का रंगारंग कार्यक्रम मनाया गया है उसे गंगा जमुना संकृति का परिचायक है जो अपने आप में एक मिसाल है। नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किया। बार एसोसिएशन तहसील रुदौली के अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन एडवोकेट ने सभी का स्वागत किया। नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला महामंत्री अमर सिंह यादव पूर्व अध्यक्ष गण कुलभूषण यादव, प्रमोद कुमार द्विवेदी, रामभोला तिवारी, साहब शरण वर्मा, गोरखनाथ तिवारी, हरी नारायण यादव ने अपने विचार व्यक्त किये। कमरुद्दीन एडवोकेट ने गीत होली खेले अधिवक्ता, से सबको आनंदित किया। उपाध्यक्ष राम मनोरथ वर्मा राधेश्याम एडवोकेट, प्रमोद यादव वेद प्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष बालेंद्र सिंह सहज राम कनौजिया कानूनगो चकबंदी आदमी अपने विचार व्यक्त की हरिनारायण यादव वेद प्रकाश तिवारी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त कर सभी को होली पर्व की बधाई दी। होली मिलन कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सतींद्र प्रकाश शास्त्री ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित अधिवक्ताओं में अब्दुल जब्बार शाह अदनान, इंद्रसैन मिश्र, रामेश्वर पिंटू, दाता राम सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अयोध्या पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** सनातन धर्म रक्षा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चक्रेश महाराज सोमवार को अयोध्या पहुंचे। जहां राष्ट्रीय प्रवक्ता भार्गव मुनीश महाराज की अगुवाई में उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन संकल्प यात्रा लेकर अयोध्या पहुंचे थे। इस अवसर पर होटल ड्रीम लैंड में सनातन धर्म रक्षा महासंघ की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें महासंघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त बैठक को राष्ट्रीय प्रवक्ता भार्गव मुनीश महाराज ने संबोधित करते हुए कहा सनातन धर्म तभी मजबूत होगा। जब सनातन धर्म के 16 संस्कार प्रत्येक जन तक पहुंचेगा। हम सबको सर्वप्रथम संस्कारवान होना होगा। तब जाकर हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, समस्त हिंदू जनमानस और हिंदू राष्ट्र का स्वप्न साकार होगा। इससे पहले प्रान्त प्रचारक आचार्य शिव शंकर, अयोध्या मंडल प्रभारी ओंकार नाथ पांडेय, राम प्रकाश सिह, सन्नी सिंह, अयोध्या जिला अध्यक्ष रोहित सिंह, अयोध्या नगर अध्यक्ष गुड्डू सिंह के नेतृत्व में संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सूबेदार तिवारी, रविनारायण मिश्रा, रोहित मिश्रा, वृजेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. उज्ज्वल सिंह बाबा, उदय राज समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नि:शुल्क कोचिंग के नए सत्र का हुआ शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अयोध्या में सामाजिक सरोकारों के तहत अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के लिए नए सत्र के पंजीकरण एवं उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के शिक्षा सत्र की औपचारिक शुरुआत की गई और नए विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन भी किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और कहा कि समाज के हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव और चित्रगुप्त वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि निखिल श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के साथ-साथ क्षेत्र के कई वरिष्ठ नागरिक और अभिभावक भी उपस्थित रहे। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान लंबे समय से जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने, सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। नए सत्र के साथ संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है, ताकि उनका भविष्य बेहतर बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह देखने को मिला और सभी ने शिक्षा के इस अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# यात्री निवास, अन्नक्षेत्र एवं सत्संग भवन का हुआ लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या धाम में विश्व हिन्दू परिषद की महत्वपूर्ण सेवा परियोजना के अंतर्गत यात्री निवास, चमेली देवी अग्रवाल अन्नक्षेत्र एवं सत्संग भवन का भव्य लोकार्पण किया गया। धर्मनगरी रामसेवक पुरम में विश्व हिंदू परिषद के यात्री निवास एवं चमेली देवी अग्रवाल अन्नक्षेत्र-सत्संग भवन का लोकार्पण अशर्फी भवन पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीधराचार्य महाराज और विनोद अग्रवाल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया। यह महत्वपूर्ण सेवा परियोजना जन सहयोग व समाज के विभिन्न वर्गों के योगदान से पूर्ण की गई है। जो सेवा, समर्पण और समाज की सहभागिता का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। इस पावन अवसर विहिप राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता आलोक कुमार, श्रीरामजन्भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय, विहिप महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा, संयुक्त महामंत्री वेंकट कोटेश्वर राव, संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल, जी. गंगाराजू व रमेश जैन, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता विहिप के अनेक पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, साधु-संत एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह सेवा परियोजना तीन प्रमुख भवनों के रूप में विकसित की गई है, जिसका उद्देश्य अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों को भोजन, आवास और आध्यात्मिक गतिविधियों की समुचित सुविधाएँ प्रदान करना है। चमेली देवी अग्रवाल अन्नक्षेत्र एवं सत्संग भवन में आधुनिक केंद्रीकृत रसोई स्थापित की गई है।जहाँ से प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही एक विशाल भोजन कक्ष बनाया गया है। जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक साथ भोजन ग्रहण कर सकेंगे। भवन के ऊपरी तल पर निर्मित सत्संग भवन की क्षमता लगभग 4 सौ लोगों की है, जहाँ सत्संग, कथा, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। मोरोपंत पिंगले भवन में यात्रियों के ठहरने के लिए कुल 128 सुसज्जित कक्ष बनाए गए हैं। प्रत्येक कक्ष में लगभग तीन श्रद्धालुओं के आरामदायक निवास की व्यवस्था है। यह आवास सुविधा श्रद्धालुओं को नाम मात्र दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं अशोक सिंघल भवन में कुल 12 तीन-बीएचके फ्लैट तथा 8 दो-बीएचके फ्लैट बनाए गए हैं। जो परिवार सहित आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाजनक और किफायती आवास प्रदान करेंगे। लोकार्पण के उपरांत आज से यह संपूर्ण परिसर श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया गया है। यह परियोजना अयोध्या आने वाले लाखों भक्तों के लिए भोजन, आवास और आध्यात्मिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र सिद्ध होगी। उपस्थित संत-महात्माओं एवं अतिथियों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उपक्रम अयोध्या की सेवा और आध्यात्मिक परंपरा को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। आने वाले समय में लाखों श्रद्धालुओं के लिए सहारा सिद्ध होंगे।

# अग्रवाल महिला सभा का होली मिलन व महिला दिवस आयोजित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अग्रवाल महिला सभा द्वारा आयोजित होली और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम कैंट स्थित मैसानिक लाज के प्रांगण में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश जी की वंदना से किया गया जिसको रामाया सिंघल ने प्रस्तुत किया। माही अग्रवाल, शुभी, ममता, सौम्या, शिवांगी, के द्वारा सुन्दर रील की प्रस्तुति दीं गयीं साथ साथ लीना और दीप्ति ने भी एक रील प्रस्तुत की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण धराना पांडे का फाल्गुन की लोकगीत था। धरा पाण्डेय ने महिला दिवस पर अपनी एक कहानी हमें सिखाती हैं कि अगर आपमें प्रतिभा और मेहनत हैं, तो आप किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकते हैं। सारिका अग्रवाल ने गेम खिला कर बच्चे बड़े सबका खूब मनोरंजन कराया। संचालन मोनिका गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के अंत में फूलों की होली के साथ संगीत का समां बंध गया। कोमल और अर्पिता ने नृत्य किया। उषा अग्रवाल, स्नेहलता अग्रवाल, बीना, उमा, विजय लक्ष्मी, छाया, संगीता, ममता मौजूद रहीं। अध्यक्षा प्रीति बंसल, सचिव सीमा अग्रवाल ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेशनल पब्लिक स्कूल, सोदा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज एवं विद्यालय से जुड़ी महिलाओं को उनके योगदान, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उप निदेशक श्री सौरभ शंकर मिश्र एवं प्रधानाचार्या श्रीमती मृदुला सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने महिलाओं के सम्मान में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाएं समाज की आधारशिला हैं और उनके बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें गीत, नृत्य और भाषण शामिल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को महिला सशक्तिकरण के महत्व से अवगत कराया।



देवरिया : सम्मान करते प्रबंधक निदेशक संजय शंकर मिश्र।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मृदुला सिंह बघेल ने कहा कि एक महिला केवल एक बेटी, मां या पत्नी नहीं होती, वह समाज की रीढ़ की हड्डी होती है। आज की महिलाएं अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक और घर की चौखट से लेकर व्यापार की दुनिया तक, हर जगह अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। आज आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक संजय शंकर मिश्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उनके योगदान को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर है। जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहां देवता वास करते हैं लेकिन आज भी हमें समाज में लैंगिक समानता और महिलाओं को बराबरी के अधिकार दिलाने के लिए बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है। एक माँ, बेटी, बहन और पत्नी के रूप में, एक महिला हमारे जीवन को संवारती है और समाज के विकास में अपनी अनमोल भूमिका निभाती है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय ने महिलाओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित महिलाओं को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया तथा सभी ने मिलकर महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवाओं ने पंचायती राजमंत्री का किया स्वागत

**(अतरौलिया) आजमगढ़।** सिकंदरपुर-नरियांव मार्ग के निर्माण कार्य की शुरुआत होने पर सोमवार को क्षेत्र के कनैला चौराहे पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष व प्रदेश के पंचायती राज कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर का युवाओं ने ढ़ोल नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत किया। युवा कार्यकर्ता हनुमान निषाद के नेतृत्व में आयोजित गोष्ठी में मंत्री ने क्षेत्रीय जनता को संबोधित किया और सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जाहिर की। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि सिकंदरपुर-नरियांव मार्ग और अहिरौला-कप्तानगंज मार्ग की हालत कई वर्षों से बेहद खराब थी, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि जब इस समस्या को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा गया तो उन्होंने तुरंत सड़क निर्माण की स्वीकृति दे दी। उन्होंने कहा कि रविवार को भूमि पूजन हुआ और सोमवार से ही निर्माण कार्य शुरू हो गया, जो डबल इंजन सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस दौरान मंत्री ने समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव के हालिया बयानों पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि 2027 के चुनाव को लेकर सपा के दावे महज सपना हैं। तंज कसते हुए कहा कि 'न नौ



मन तेल होगा, न राधा नाचेंगी।' उन्होंने यह भी कहा कि जब शिवपाल यादव स्वयं पांच वर्षों तक लोक निर्माण विभाग पीडब्लूडी के मंत्री रहे, तब उन्हें आजमगढ़ की जर्जर सड़कों की याद क्यों नहीं आई। मंत्री ने कहा कि आज का युवा जागरूक हो चुका है और अब वह केवल झंडा उठाने वाला कार्यकर्ता नहीं रहा, बल्कि उसे शिक्षा, रोजगार और सम्मान चाहिए। उन्होंने दावा किया कि बलिया, मऊ, गाजीपुर और आजमगढ़ जैसे जिलों में पिछड़ों और वंचितों की गोलबंदी से राजनीतिक समीकरण बदल रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन हरीबदन प्रजापति ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# विकसित भारत जिला युवा संसद का हुआ आयोजन

**बलिया।** बताया जाता है कि मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में सोमवार को नगर स्थित श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजेंद्र प्रसाद सभागार में विकसित भारत जिला युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दयाला नंद राय एवं प्रो. अशोक सिंह ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। युवा संसद के अंतर्गत आयोजित भाषण प्रतियोगिता का विषय 'आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सिख' रहा, जिस पर प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।प्रतियोगिता में आकांक्षा मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर राजू कुमार यादव, तीसरे स्थान पर शिप्रा सिंह, चौथे स्थान पर मोनिका गुप्ता और पांचवें स्थान पर महक पांडे रहीं। ये पांचों विजेता प्रतिभागी इसी माह लखनऊ में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता में विधानसभा में प्रतिभाग करेंगे। विजेता प्रतिभागियों को कोषाधिकारी बलिया आनंद दुबे एवं एडीएम ( नमामि गंगे)रजीत राम गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दयाला नंद राय ने कहा कि युवाओं में अपार शक्ति होती है और उनकी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। एडीएम रजीत राम गुप्ता ने कहा कि युवाओं को सदैव अपने लक्ष्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। कोषाधिकारी आनंद दुबे ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र राष्ट्र के उत्थान में सहायक होता है। उन्होंने युवाओं से अपनी क्षमताओं को पहचानकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के आयोजक मेरा युवा भारत के निदेशक कपिल देव ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में वरिष्ठ पत्रकार के. पाठक, डॉ. के.के. सिंह, डॉ. रामकुमार और डॉ. आनंद द्विवेदी शामिल रहे।

# आर्यावर्त संकल्प सोसाइटी की ओर से पीजी कॉलेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



देवरिया : राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम एवं अतिथि गण।

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** भटनी नगर में स्थित पीजी कॉलेज के प्रांगण में सोसाइटी के पदाधिकारियों द्वारा जनपद के करीब 60 महिलाओं को सम्मानित किया गया और महिला के संरक्षा - सुरक्षा का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अर्चना पांडेय जी न्यायिक मजिस्ट्रेट विजेंद्र मणि त्रिपाठी तथा कमल नयन चतुर्वेदी जी लोग उपस्थित रहे।

सोसाइटी की प्रबंधक अनुराधा बरनवाल ने नारियों के हित में आवाज उठाई एवं संचालन शिखा श्रीवास्तव जी ने किया तथा सेक्रेट्री अभिषेक मिश्र ने समस्त आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम स्थल के प्रबंधक कैप्टन जयराम यादव जी ने आगंतुक समस्त महिलाओं का सम्मान रखते हुए अलग अलग क्षेत्र में काम कर रही महिलाओं का भरपूर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के पदाधिकारी विजय रतन श्रीवास्तव, पप्पू मिश्र, रौशन जमीर कल्लू, डॉ शायदा हुसैन, विनोद यादव, अधिवक्ता राजकुमार, अधिवक्ता रवि कुमार मिश्र, अंजना मिश्रा, सतपाल सिंह , चांदनी कौर आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने 4 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**बलिया।** पुलिस अधीक्षक बलिया के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री कृपा शंकर के सफल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बैरिया मो0 फहीम कुरैशी के कुशल नेतृत्व में थाना बैरिया पुलिस टीम को मिली सफलता। प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह, उ0नि0 अजय कुमार मय हमराह पुलिस टीम के साथ बैरिया तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहन की चेकिंग की जा रही थी कि मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि एक गाड़ी सिलवर रंग की टोयोटा कार दया छपरा कि तरफ से आ रही है जिसमे अबैध शराब बिहार बेचने के लिये ले जाया जा रहा है ।

प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम संदिग्ध वाहन का इंतजार कर रही थी कि एक सिल्वर रंग की कार आती हुई दिखाई दी, पुलिस टीम द्वारा रोक कर पुलिस हिरासत में लिया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 87/26 धारा 60(1)/63 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

# महिलाओं को कई संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं लेकिन समाज की सोच में परिवर्तन की जरूरत : रितु शाही

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** स्थानीय फ़ूड जंक्शन रेस्तरां मे विश्व महिला दिवस के पूर्व संध्या पर एक परिचर्चा का आयोजन अर्चना फाउंडेशन के बैनर तले किया गया, जिसका मुख्य विषय कार्यस्थल पर कामकाजी महिलाओं के लिए चुनौतियाँ रखा गया था, जिस पर बारी बारी से सभी महिलाओ ने अपनी बात रखी! कार्यक्रम संयोजक मुख्य अतिथि रितु शाही, प्रियंका वर्मा, अंजू केजरीवाल और कार्यक्रम संयोजक हिमांशु कुमार ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद अंजनी द्विवेदी एवं पूनम मणि ने ईश्वर वंदना की। बतौर मुख्य अतिथि यूपी महिला आयोग की सदस्य श्रीमती रितु शाही ने अपने संबोधन में कहा कि वैसे तो महिलाओ के लिए कई संवैधानिक अधिकार दिया गया है, साथ मे कार्यकारी महिला के अधिकार के लिए अलग कानून भी बनाया गया है लेकिन समाज की सोच मे परिवर्तन लाना होगा। महिला थाने से सब इंस्पेक्टर निशा कुमारी ने मिशन महिला शक्ति के ऊपर चर्चा करतें हुए गुड टच एवं बुरे स्पर्श का अंतर समझाया। बाल विकास समिति की अध्यक्ष सावित्री राय ने कहा कि



हर दिन महिला के लिए खास है, घर की धुरी का आधार एक महिला घर को बना और बिगाड़ सकती है। कार्यक्रम के संयोजक/संचालक हिमांशु कुमार सिंह ने कहा कि आज सबसे बड़ी चुनौती लिंग भेदभाव है। स्त्री और पुरुष मे अंतर किया जाता है। गरिमा पाण्डेय ने कहा कि पुरुष वर्चस्व समाज मे एक महिला को कमत्तर आँका जाता है, जबकि आज कि महिला हर कार्य करने मे सक्षम है।

ऑन स्टाप सेंटर की नीलू जायसवाल का कहना था कि आज पुरुष दम्भ के कारण ही घरलू हिंसा के मामले बढ़ रहें हैं। बाल विकास समिति की अध्यक्ष सावित्री राय ने कहा कि हर दिन महिला के लिए खास है, घर की धुरी का आधार एक महिला घर को बना और बिगाड़ सकती है,प्रियंका वर्मा, अंजनी द्विवेदी, रजनी त्रिपाठी, अनुपम पाण्डेय, अंजली श्रीवास्तव, चांदनी कौर, माया सिंह, सीमा जायसवाल, अर्शिया रहमान, सुमन मालवीय,वर्षा सिंह, आभा श्रीवास्तव, हर्षिता पटेल,गीतांजलि सिंह, पूनम मणि त्रिपाठी,शाइस्ता परवीन, उर्मिला यादव, प्रेमा केडिया, मधु चौरासिआ, डिम्पल, दुर्गावती देवी, सीमा सोनी , दीपिका सिंह, छवि भगवानी, इशिता भगवानी, अंजली अरोरा,कल्पना शुक्ला, अंजना मिश्रा,अंबुजा तिवारी, कविता पाण्डेय, निरुपमा त्रिपाठी दीपिका त्रिपाठी शैल त्रिपाठीआदि लोग उपस्थित थे और अपने विचार व्यक्त किया।

# श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, कलश यात्रा से शुरू हुआ श्री हरिहरात्मक महायज्ञ

**(अतरौलिया) आजमगढ़।** क्षेत्र के पंचपेड़वा आश्रम (बड़का खपुरा) में सोमवार को नव दिवसीय श्री हरिहरात्मक महायज्ञ का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

कलश यात्रा में हाथी, घोड़ा और पालकी आकर्षण का केंद्र रहे। बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बालिकाओं ने सिर पर कलश रखकर श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया। यह महायज्ञ समाधिष्ट संत ब्रह्मलीन बाबा कल्पना दास जी महाराज, पंचपेड़वा बाबा जी तथा ब्रह्मलीन मौनी जी महाराज की प्रेरणा और श्री हनुमान जी की कृपा से पंडित कल्पना दास स्मारक सेवा संस्थान, पंचपेड़वा आश्रम (बड़का खपुरा) में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन लगातार 37वें वर्ष किया जा रहा



है। सोमवार की सुबह आश्रम से कलश यात्रा निकाली गई, जो पटेल स्कूल,रामपूजन चौक, केशरी चौक, दुर्गा मंदिर होते हुए सम्मो माता स्थान और कैलेश्वर धाम तक पहुंची। वहां से जल लेकर श्रद्धालु पुनः आश्रम वापस लौटे। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

आयोजन के दौरान वैदिक विद्वानों द्वारा यज्ञ, हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। वहीं मानस मर्मज्ञ विनोदानंद सरस्वती जी महाराज (प्रयागराज) और संपूर्णानंद महाराज द्वारा संगीतमय कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न संत-महात्माओं के प्रवचन भी होंगे। आयोजन के संयोजक भागवताचार्य पंडित चंद्रेश जी महाराज (पीठाधीश्वर, पंडित कल्पना दास स्मारक सेवा संस्थान) ने बताया कि क्षेत्रीय जनता के सहयोग से यह महायज्ञ विगत 37 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यज्ञ में सहभागिता करें और पुण्य लाभ प्राप्त करें। महायज्ञ की पूर्णाहुति व भंडारा 17 मार्च मंगलवार की शाम को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# अंतर्राष्ट्रीय मंच पर डॉ. एकता सिंह का पुनः परचम आउटस्टेंडिंग प्रजेंटर आवार्ड से सम्मानित

**आजमगढ़।** भारतीय अकादमिक जगत के लिए गौरव का क्षण पुनः आया, जब विश्व विख्यात शिक्षाविद एवं शोधकर्ता डॉ. एकता सिंह को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्था 'The International Institute of Knowledge Management (TIIKM)' द्वारा आयोजित The ~th International Conference on The Future of Women 2026 में 'Outstanding Presenter Award' से सम्मानित किया गया।

यह भव्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 09-10 फरवरी 2026 को बाली (इंडोनेशिया) में आयोजित हुआ...जिसका मुख्य विषय था – 'Feminist Perspectives in Glocal Conte&ts'... विश्व के विभिन्न देशों से आए विद्वानों, शोधार्थियों, नीति-निर्माताओं एवं सामाजिक चिंतकों की उपस्थिति में डॉ. सिंह ने अपने शोध-पत्र का प्रभावशाली एवं तथ्यपरक प्रस्तुतीकरण किया। उनके विश्लेषण की गहराई, वैचारिक स्पष्टता और विषय पर गहन पकड़ ने अंतर्राष्ट्रीय ज्यूरी एवं प्रतिभागियों को अकल्पनीय रूप से मंत्रमुग्ध किया।



डॉ. एकता सिंह पूर्व में भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत हो चुकी हैं।

उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान, शोध-निष्ठा एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों द्वारा समय-समय पर सराहा जाता रहा है। शिक्षा, पर्यावरणीय सुरक्षा, महिला जीवन समीक्षा एवं सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उनका कार्य निरंतर प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है।

उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण और प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि भारतीय शिक्षाजगत की वैश्विक पहचान को भी निरन्तर सुदृढ़ कर रहा है।

शैक्षणिक समुदाय, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मान पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र और देश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। डॉ. सिंह ने इस सम्मान को परम पिता परमेश्वर, अपने सहयोगियों, विद्यार्थियों, अपने देश भारत और अपने गृह जनपद आजमगढ़ के अभूतपूर्व समर्थन को समर्पित करते हुए कहा कि, यह उपलब्धि उन्हें भविष्य में और उत्कृष्ट शोध, शैक्षिक प्रतिबद्धता और सामाजिक रूप से महिला वर्ग के उत्थान के लिए व्यापकता से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी।

# होली मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के गोरखपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय का जन्मदिन और होली मिलन समारोह बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम आजमगढ़ के बाबा विश्वनाथ मैरेज हॉल, बेलईसा में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सहजानंद राय के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट से हुई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने सहजानंद राय को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए, फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।उपस्थित कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लादकर स्वागत किया तथा उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर होली के पावन पर्व की खुशियां भी साझा की गई और सभी ने एक-दूसरे को अबीर-



गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। सहजानंद राय ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया तथा होली के पर्व को आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग को साथ लेकर क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। होली मिलन कार्यक्रम के आयोजक पूर्व प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह,अमित तिवारी,संगीता तिवारी के द्वारा किया गया।

सुशील कुमार सिंह ने कहा कि 'होली मिलन का यह पावन अवसर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है। रंगों का यह पर्व हमें सभी मतभेद भूलकर एकजुट होकर समाज और राष्ट्र की उन्नति के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ।' कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे वातावरण में होली के रंगों के साथ जन्मदिन की खुशियां भी दिखाई दीं। इस अवसर पर कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान,विधानपरिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक, पूर्व सांसद संगीता आजाद,जयप्रकाश निषाद, संतोष सिंह, पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन, पूर्व जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अरविंद जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख अनुराग सिंह सोनू, संतोष यादव, बलवंत यादव, अजय सिंह, प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने नगर पंचायत कछंवा का किया आकस्मिक निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर ।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल राजेश प्रकाश ने आज नगर पंचायत कछंवा में पहुंचकर कार्यालय तथा कार्यालय अधिकारी नगर पंचायत कछवां, संयुक्त विकास आयुक्त के माध्यम से परीक्षण कराए कि लगाए गए हाउस टैक्स निर्धारित नियमानुसार ही है।

## -बरौनी तिराहा से गड़ौली धाम के सड़क मरम्मत की गुणवत्ता की भी जांच

## प्राथमिक विद्यालय बरैनी में चौपाल में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, कलेक्ट्रेट के रिकार्ड रूम में रखे पत्रावलियों का भी किया निरीक्षण

के रिकार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अन्तर्गत कुल प्रापर्टी की संख्या एवं प्रापर्टियो पर निर्धारित हाउस टैक्स व वाटर टैक्स पत्रावली को देखकर विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नगर पंचायत अन्तर्गत कुल 2000 प्रापर्टी है नए सर्वे के अनुसार 1200 प्रापर्टियां बढ़ी है कुल मिलाकर वर्तमान 3200 प्रापर्टी है। मण्डलायुक्त ने कहा कि प्रापर्टियो पर लगाए गए हाउस टैक्स मे से 05 बड़े प्रापर्टियो की पत्रावली लेकर अधिशासी निरीक्षण के दौरान सही बुकलेट न बनाए जाने मण्डलायुक्त द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि अगली बार किसी भी निरीक्षण में बुकलेट में सभी जानकारियां बिन्दुवार उल्लेख होना चाहिए अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत कछंवा मिताली जायसवाल के द्वारा मण्डलायुक्त को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया। मण्डलायुक्त द्वारा अपने कछंवा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान बरैनी तिराहा से



गड़ौली धाम रोड पर किए गए मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण गुणवत्ता आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। मण्डलायुक्त ने प्राथमिक विद्यालय बरैनी में चौपाल लगाकर उपस्थित ग्रामीणो की संमस्याओ को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिए। चौपाल में वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, लगाए गए कुल हैण्डपम्पो के सापेक्ष चालू व खराब हैण्डपम्प, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति, राशन कार्ड व राशन वितरण की स्थिति, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियो से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की। आयुष्मान कार्ड की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि अभियान चलाकर शत प्रतिशत कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन के द्वारा की जा रही जलापूर्ति के सम्बंध मे निर्देशित किया कि की शत प्रतिशत स्थलो पर जहां कनेक्शन हो चुके है पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें। अन्पूर्णा घर के लिए जमीनी विवाद को हल कराने का निर्देश खण्ड विकास अधिकारी मझवां को दिया गया। चौपाल में आयोजित बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा गर्भवती माताओ की गोदभराई कार्यक्रम में पौष्टिक आहार व फ्ल वितरण करते हुए नव निहाल बच्चो को खीर खिलाकर अन्न प्राशन मण्डलायुक्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख मझवां दिलीप कुमार सिंह, ग्राम प्रधान बरैनी के अलावा खण्ड विकास अधिकारी मझवां व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। तत्पश्चात मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट मीरजापुर पहुंचकर अभिलेखागार में रखे गए पत्रावलियो अभिलेखो का परीक्षण किया गया तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय साफ सफाई का निरीक्षण करने के पश्चात सभागार में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 अजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू0ध्रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह के साथ बैठक कर कर्मचारियो से वार्ता की तथा उनके सेवा पुस्तिका, पेंशन तथा अन्य किसी प्रकरण में आने वाली समस्याओ व बकाए आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। मण्डलायुक्त ने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि किसी का बकाया व लम्बित प्रकरण हो तो तत्काल निस्तारण, सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मौके पर उपस्थित उप जिलाधिकारी लालगंज महेन्द्र सिंह, चुनार राजेश वर्मा, मड़िहान अनेग सिंह, सदर गुलाब चन्द्र से वादो के निस्तारण आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संजीव यादव, अजीत सिंह, संतोष कुमार ओझा उपस्थित रहें।

# मनरेगा कर्मियों ने आठ माह से मानदेय नहीं मिलने पर जताया आक्रोश



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड में कार्यरत मनरेगा कर्मियों रोजगार सेवक, कम्प्यूटर आपरेटर, तकनीकी सहायक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम व रोजगार को सम्बोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी को सौंपा है सौपे गए ज्ञापन में बताया है की कार्यरत मनरेगा कर्मियों द्वारा आपके तथा विभाग के निर्देशों के क्रम में जनपद के लक्ष्यओं की पूर्ति में पूर्ण योगदान देते हुए लक्ष्य पूर्ति की गई तथा विभागीय कार्यों के अतिरिक्त एसआईआरध्क्रॉप सर्वे, सहित अन्य कार्यों में भी अपना पूर्ण योगदान दिया गया किन्तु विभागीय शिथिलता के कारण हम मनरेगा कर्मियों को विगत जुलाई 2025 से मानदेय नही मिला है तथा ईपीएफकी देयता भी काफी समय से लंबित है विगत दीपावली में वेतन नही मिल पाया तथा वर्तमान होली में भी वेतन नही मिल पाया जिस कारण मनरेगा कर्मियों की पारिवारिक जिम्मेदारियां वृहद स्तर पर प्रभावित हो गई है गंभीर आर्थिक संकट के कारण मनरेगा कार्मिक विभागीय दायित्वो तथा पारिवारिक जिम्मेदारियों में संतुलन नही बना पा रहे हैमानदेय न प्राप्त होने के कारण उत्तर प्रदेश के ग्राम रोजगार सेवकों तथा तकनीकी सहायको द्वारा आत्महत्या किये जाने जैसी गतिविधिया हो रही है ।इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान सिंह,ऋषफ तिवारी, सुधीर कुमार,अनिल तिवारी, अखिलेश कुमार, रमाकांत, रामपति, भरत दुबे, चंद्र मोहन, सुभाष, राजेंद्र प्रसाद अहमद रजा, पसंद कुमार, सत्येंद्र सिंह, मुद्रीका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# रसोई गैस नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को परेशानी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज क्षेत्र में रसोई गैस वितरकों की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।समय से रसोई गैस नही मिलने से ग्रामीणों को फजीहत झेलनी पड़ रही है। सोमवार को गैस एजेंसियों के बंद रहने पर उपभोक्ताओं को रसोई गैस नही मिल सकी। ड्रमंडगंज के देवहट गांव स्थित रमेश नारायण इंडेन गैस एजेंसी बंद रही। वहीं शाम चार बजे के बाद गैस गोदाम के बाहर मौजूद कर्मचारी शराब का पैक खोलते नजर आए।शराब पीने के लिए पैकेट खोल रहे कर्मचारी ने बताया कि बिना ओटीपी के गैस सिलेंडर नही मिलेगा सोमवार को गैस गोदाम बंद रहता है।ड्रमंडगंज निवासी मधु सोनी,अंतिमा देवी, सच्चिदानंद भूंज खोदाईपुर निवासी, नमिता दुबे, सुनीता देवी आदि ने बताया कि समय से रसोई गैस नही मिलने पर भोजन बनाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के बबुरा कलां स्थित नीरज गैस एजेंसी में भी तीन दिनों से रसोई गैस नही मिल रही जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। वहीं जिम्मेदार अधिकारी रसोई गैस की एजेंसियों पर पर्याप्त उपलब्धता होने का दावा कर रहे हैं जबकि रसोई गैस वितरण केन्द्रों की मौके की जांच की जाए तो हकीकत खुलकर सामने आ जाएगी। रसोई गैस की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीणों ने गैस एजेंसियों पर रसोई गैस उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करवाया है।


**एफ0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग-7 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारुप)**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय, मोहम्मदी जिला खीरी**

**वाद संख्या 8732 सन् 2025**

**वादी ज्ञानेन्द्र कुमार आदि बनाम अरुण कुमार आदि प्रतिवादी**

**अं0धारा-116 उ0प्र0रा0सं0 2006**

अरुण कुमार पुत्र वीरेन्द्र कुमार निवासी साउथ सिटी पुराना आफिस, साउथ सिटी चौराहा के पास बरेली मोड़, शहर व जिला-शाहजहांपुर।

चूंकि उपरोक्त नामांकित .......वादी......... ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के माह 03 दिवस 16 को समय प्रातः 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित सन् के माह दिवस को निकाली गयी।

**ता0 पेशी- 16/03/2026**

**न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मोहम्मदी खीरी**

सी.आर.-2793/ D-CN


# होली मिलन सद्भाव कार्यक्रम में संगठन शक्ति पर दिया गया बल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज बाजार के रामलीला गली स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में विचार परिवार द्वारा होली मिलन सद्भाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विंध्याचल मंडल के संपर्क प्रमुख केशव तिवारी ने आरएसएस के संघचालक हरिश्चंद्र सोनी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह संग मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया।खंड कार्यवाह तारकेश्वर केशरी ने कहा कि होली सामाजिक समरसता और संगठन शक्ति का पर्व है। हम सभी को समाज में सद्भाव और भाईचारे के साथ रहने का संकल्प लेना चाहिए।मुख्य अतिथि केशव तिवारी ने वर्तमान वैश्विक परिवर्तन का उल्लेख करते हुए संगठन शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और संगठन



में नारी शक्ति को जोड़ने पर विशेष बल दिया।पंच परिवर्तन अभियान की चर्चा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विभिन्न सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण से जुड़े कार्यों को विशेष रूप से आगे बढ़ाने की अपील की।इस दौरान भेष नारायण चौरसिया, ओंकार पांडेय,विदित नारायण गुप्ता, डॉ नेहा गुप्ता, मनीषा केशरी, उर्मिला कोरी,ज्ञानेश्वर दुबे,पिंटू केशरी, शैलेश सिंह, डॉ राजकुमार पटेल, पंकज सिंह,विजय पाल, आदित्य तिवारी आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक का लिंक सर्वर फेल, लेनदेन हुआ प्रभावित



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा हलिया का सोमवार लिंक फेल होने से लेनदेन प्रभावित रहा जिससे शाखा पर लेनदेन करने के लिए पहुँचे खाताधारको को बिना लेनदेन किये मायूस होकर खाली हाँथ लौटना पड़ा । लिंक सर्वर फेल होने से ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।लिंक सर्वर फेल होने से खाताधारक जमा-निकासी नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनके घरेलू और खेती के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं । नेटवर्क की खराबी के कारण लेनदेन ठप हो गया है। बैंक प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान जल्द ही कर दिया जाएगा दूर दूर से लेनदेन के लिए बैंक पहुँचे खाताधारक को बिना लेनदेन किये वापस होना पड़ रहा है इतना ही नही लिंक ठीक होने का इंतजार खाता धारक बैंक के फर्स पर नीचे बैठकर इंतजार करना पड़ रहा है।


**न्यायालय अपर जिलाधिकारी नगर (पूर्वी) लखनऊ**

पंत्राक-3016/रीडर/नोटिस/2025 दिनांक 3/12/25

वाद संख्या-डी-20211046000106O

यूनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया (पंजाब नेशनल बैंक) बनाम मैं0 पुष्पा गारमेन्ट

अन्तर्गत धारा-14, अधि० - वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निमाण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002

तारीख पेशी - 19/03/2026

**नोटिस**

1. M/S Pushpa Garments (A proprietorship Firm ) Having its office at 233/4, Vikram Nagar, Para, Lucknow, U.P.-226017, through its proprietor Sri Monu Soni.
2. Shri Monu Soni son of Sri.. (Proprietor of M/S Pushpa Garments) R/O- 233/4 Vikram Nagar, Para, Lucknow, U.P.-226017
3. Smt Jaya Sharma wife of Sri Vijay Raj Sharma...R/O- C-4943, Rajajipuram, Lucknow-226017

उपरोक्त वाद जिलाधिकारी महोदय के न्यायालय से प्राप्त होकर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आप **दिनांक 19.03.2026** को **समय 12.30** बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 14(1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिया जायेगा।

(एम0 पी0 सिंह)
अपर जिला अधिकारी, नगर (पूर्वी) लखनऊ


## समूह सखियों को दिया गया प्रशिक्षण

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर )।** स्थानीय ब्लाक सभागार में समूह सखियों को एप के बारे में तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन सोमवार को 122 समूह की सखियों को प्रशिक्षण दिया गया।बिहार से आए प्रशिक्षक अब्दुल बासित जिलानी व अमित कुमार ने ब्लाक सभागार में मौजूद समूह सखियों को एप के माध्यम से अपने कार्य को अपडेट करने का प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षकों ने बताया कि डिजिटल ट्रांजेक्शन के मध्य की जानकारी एप के माध्यम से दी जा रही है।


**प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज**

**आवश्यक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण की त्रिवेणीपुरम आवास योजना, झूंसी, प्रयागराज के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या-GC-146 (क्षे0-239.40 वर्गमी) श्री प्रभाकर सिंह परिहार पुत्र स्व0 बजरंग सिंह के पक्ष में आवंटित है। आवंटित भूखण्ड का लीजडीड दिनांक 06.08.2001 एवं फ्री-होल्डडीड दिनांक 28.08.2003 को सम्पादित है। भूखण्ड कब्जा दिनांक 07.09.2001 को दिया जा चुका है। श्री प्रभाकर सिंह परिहार पुत्र स्व0 बजरंग सिंह की मृत्यु दिनांक 21.04.2021 को हो चुकी है। मूल आवंटी के मृत्योपरान्त वारिसान श्री रविन्द्र प्रताप परिहार एवं श्री रण प्रताप परिहार पुत्रगण स्व0 प्रभाकर सिंह द्वारा नोटरी शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, लीजडीड एवं फ्री-होल्डडीड की छायाप्रति, आधार कार्ड एवं माता श्रीमती चन्द्रकला देवी पत्नी स्व0 प्रभाकर सिंह का इस आशय का नोटरी शपथ पत्र कि उनके दोनों बेटों का नाम प्राधिकरण अभिलेखों में दर्ज कर दिया जाय। नातान्तण हेतु अनुरोध किया गया है। आवेदक श्री रविन्द्र प्रताप परिहार द्वारा नामान्तरण हेतु आनलाइन विज्ञापन शुल्क रू0 5000.00 दिनांक 18.02.2026 एवं रसीद सं0-1003/75735 दिनांक 25.02.2026 को रू0 15000.00 जमा किया गया है। मृतक के वारिसान श्री रविन्द्र प्रताप परिहार एवं श्री रण प्रताप परिहार पुत्रगण स्व0 प्रभाकर सिंह के पक्ष में नामान्तरण विचाराधीन है। अतएव उपर्युक्त के सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित आपत्ति दाखिल कर सकते हैं अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

जोनल अधिकारी
प्रयागराज विकास प्राधिकरण
प्रयागराज।

पत्रांक-269/ज0स0अ0/वि0प्रा0/2026 दिनांक-09/03/2026

अदालती सूचना ता.पेशी 12.03.2026 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय सिविल जज जू.डि. शाहजहांपुर। नम्बर मुकदमा 259/2024 बच्ची बनाम निशा देवी बनाम नन्हीं पत्नी अमर सिंह निवासी ग्राम बहलोल सराय ताल्लुके जिला हरदोई उ.प्र....प्रतिवादी हरगाह बच्ची वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 12 माह 03 सन 2026ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 27 माह 02 के सन 2026ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार वाद लिपिक सिविल जज जू.डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.-2789/ D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 11.03.2026 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय अपर सिविल जज जू.डि. कोर्ट सं. 37 शाहजहांपुर। मूलवाद सं. 197/2024 जमाल हुसैन आदि बनाम श्रीमती शमीमा आदि बनामः-1-श्रीमती शमीमा पुत्री स्व.श्रीमती नादिरा पत्नी जफर 2-श्रीमती नसीमा पुत्री स्व.श्रीमती नादिरा पत्नी मुबीन निवासीगण मोहल्ला तारीन जलालनगर नगर व जनपद शाहजहांपुर...प्रतिवादी। हरगाह जमाल हुसैन आदि वादीगण उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत बेदखली के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 11 माह 03 सन 2026ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 09 माह 03 के सन 2026ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम/रीडर अपर सिविल जज जू.डि. कोर्ट सं. 37 शाहजहांपुर।

सी.आर.-2789/ D-CN

**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**

I, MARYSAJI M, WIFE OF ARMY NO 2617342N RANK SEP NAME JUSTIN T PRESENTLY RESIDING AT VILL - KALIYAL, ALANCHOLAI - POST, VILAVANCODE -TEH, KANYAKUMARI DIST, TAMIL-NADU STATE, PIN-629101. HAVE CHANGED MY NAME FROM MARYSAJI M TO MARY SAJI -MAS- PER AADHAR card RECORDS. VIDE AFFIDAVIT DECLARATION DATE 02 FEB 2026. ADVOCATE AND NOTARY: KESHAV RAM TIWARI, SHAHJAHANPUR (UP).

सी.आर.-2789/ D-47

**सूचना**

I, SUBHADRABAI KULKARNI, MOTHER OF ARMY-MO JC-442409W RANK SUB NAME NAGESH KULKARNI PRESENTLY RESIDING AT VILL - TARANAL, MUDDEBIHAL - TEH, BIJAPUR - DIST, KARNATAKA - STATE, PIN - 586116. HAVE CHANGED MY NAME FROM SUBHADRA BAI TO SUBHADRABAI KULKARNI AS PER AADHAR CARD RECORDS. VIDE AFFIDAVIT DECLARATION DATE 2-3-26. ADVOCATE AND NOTARY : KESHAV RAM TIWARI, SHAHJAHANPUR (UP).

सी.आर.-2789/ D-47

**सूचना**

I HANAMANTRAYA KULKARNI, FATHER OF ARMY NO JC-442409W RANK SUB NAME NAGESH KULKARNI PRESENTLY RESIDING AT VILL - TARANAL, MUDDEBIHAL TEH, BIJAPUR - DIST, KARNATAKA - STATE, PIN - 586116. HAVE CHANGED MY NAME FROM HANUMANTRAY KULKARNI TO HANAMANTRAYA KULKARNI AS PER AADHAR ECORDS. VIDE AFFIDAVIT DECLARATION DATE 7-3-26. ADVOCATE AND OTARY : KESHAV RAM TIWARI, SHAHJAHANPUR (UP)

सी.आर.-2789/ D-47

**सूचना**

मैं अपने पुत्र अमित मिश्रा के गलत कृत्यों से परेशान होकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, अब मेरा इनसे कोई सम्बन्ध नहीं है ये अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। वीरेंद्र मिश्रा पुत्र श्रीकृष्ण निवासी ग्राम शाहमऊ नौबस्ता थाना माल , परगना- तहसील मलिहाबाद , जिला लखनऊ।

सी.आर.-2792/ L-42

**सूचना**

मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 अनुक्रमांक 2235999374 का प्रमाण पत्र व अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। दृश्या सिंह पुत्री राजेंद्र बहादुर सिंह नि. ग्रा. पूरे बनिया म0, नवाबगंज, पो. हेवतहा नेवढ़िया, जगतपुर-रायबरेली।

सी.आर.- 2791/D-26

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम विद्यालय में त्रुटिवश अर्पण बाजपेई अंकित हो गया है जबकि जन्म प्रमाण पत्र में दिव्यांशू बाजपेई लिखा है। इसलिए दिव्यांशू बाजपेई ही सही नाम है। दिव्यांशु बाजपेई पुत्र रज्जन कुमार निवासी ग्राम सलाहपुर पोस्ट अबगाँवा, थाना व तहसील मितौली, जिला लखीमपुर खीरी।

सी.आर.- 2790/D-36

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2006 अनुक्रमांक 0876333 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। शानिया पुत्री फरहान हुसैन खां नि.मो. महमद हद्दफ, सदर, शाहजहांपुर।

सी.आर.-2789/ D-25

**सूचना**

मैं SATISH KUMAR रैंक नायक आर्मी नं0-15725754Y मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरे पिता जी BABU RAM व माता जी OM WATI का नाम त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है जबकि पिता जी का सही नाम Baburam व माता जी का सही नाम Ombati है।

सी.आर.-2789/ D-30

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें **सिंगल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-सिग/टेंडर/68/2025-26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के एसएसई/सिग/आरआरआई-एलकेओ के अनुभाग में बिजली आपूर्ति व्यवस्था के प्रावधान के साथ-साथ सीमेंस प्रकार के एलईडी ईसीआर और एलईडी के साथ सीमेंस पारंपरिक ईसीआर और वल्वों का प्रतिस्थापन। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,26,91,412.25/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,13,500/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.03.2026, 15:30 बजे। |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/ लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**निविदा सू. सं.: 106-सिग/टेंडर/68/2025-26 दिनांक: 06.03.2026 790/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0**

अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या।

| | |
|---|---|
| वि0आ0सं0 2841 एवं दि0 09.03.2026 | |
| ई-निविदा सूचना : 123 एच (एफ)(कार्य)/2025-26 | |
| कार्य का नाम : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-रूदौली, अयोध्या के अधीन उपखण्ड-सोहावल, रूदौली एवं पटरंगा के क्षेत्रान्तर्गत भविष्य में स्वीकृत होने वाले जमा योजना के रनिंग कार्य। | |
| ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : 3540.00 | धरोहर राशि : रू0 20000.00 |
| ई निविदा की अंतिम तिथि 25.03.2026 | |
| विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी। | |

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बस्ती**

पत्रांक- 3701A/न०पा०प०ब०/2025-26 दिनांक 09.03.2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन अधिनियम नियम, 2016 में उल्लिखित प्राविधानों के अन्तर्गत विहित है कि अपशिष्ट उत्पन्नकर्ता कूड़ा करकट ना फैलाएं अथवा कागज पानी की बोतले पेय पदार्थ के कोनों, टेट्रा पैक्स, फलों के छिलके, रैपर आदि को सड़क पर खुले में या सार्वजनिक स्थानों, नलों में न फेंके और ना जलाएं तथा भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन अधिनियम नियम, 2016 में उल्लिखित प्राविधानों के अन्तर्गत यह भी विहित है कि अपशिष्ट उत्पन्नकर्ता अपने स्रोत पर ही अपशिष्ट को अलग-अलग करें और पृथक किए गए अपशिष्ट को स्थानीय निकाय द्वारा प्राधिकृत अपशिष्ट चुनने वालों या प्राधिकृत अपशिष्ट संग्रहकर्ता को सौंपे। अपशिष्ट उत्पन्नकर्ता द्वारा कूड़े को फेंके जाने या स्रोत पर कूड़े को अलग-अलग न करना दंडनीय अपराध है ऐसा न करने या पकड़े जाने पर निकाय द्वारा आर्थिक शुल्क वसूला जाएगा।

1. खुले में/सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंके जाने पर शुल्क-रू. 100/- एवं पुनरावृत्त करने पर रू. 500/- वसूल किया जाएगा।
2. अपशिष्ट उत्पन्नकर्ता द्वारा स्रोत पर ही कूड़े को न अलग अलग करने पर शुल्क-रू.100.00 एवं पुनरावृत्त करने पर रू. 500.00 वसूल किया जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बस्ती** | **अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बस्ती**

**कार्यालय नगर पंचायत पचपेड़वा, जनपद-बलरामपुर**

पत्रांकः 858/न०पं०पच०/2025-26 दिनांकः 7 मार्च, 2026

**-: अति अल्पकालीन कोटेशन/निविदा सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पचपेड़वा द्वारा संचालित कान्हा गौशाला में संरक्षित पशुओं की चारे की व्यवस्था के दृष्टिगत रखते हुए भूसा, कपिला पशुआहार व चोकर की आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दर अनुबंध के आधार पर मुहरबंद कोटेशन सम्बन्धित दुकानदार/अधिकृत विकताओं/फुटकर विकेताओं/सप्लायर्स/ठेकेदारों से बंद कोटेशन **दिनांक 23.03.2026 को दिन में 12 बजे तक** आमंत्रित किये जाते है। प्राप्त कोटेशन उसी दिन अथवा अन्य किसी दिन कोटेशनदाता की उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोले जायेगें। जिसें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय में सन्निहित होगा।

अतः उपरोक्त दशा में इच्छुक सम्बंधित दुकान/अधिकृत विकेता/फुटकर विकेता/सप्लायर्स अपना-अपना बंद कुटेशन नियत दिनांक व समय पर प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय के बाद प्राप्त कुटेशन पर विचार संभव न हो सकेगा। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय कार्य दिवस में किसी भी दिन सम्पर्क किया जा सकता है।

**नोटः- दरें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमन्य होगी। न्यूनतम दर प्राप्त होने के बाद अनुबंध हो जाने के उपरान्त किसी भी दशा में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जायेगी।**

**(अवनीश कुमार सिंह) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पचपेड़वा, जनपद-बलरामपुर** | **(रवि कुमार वर्मा) अध्यक्ष नगर पंचायत पचपेड़वा, जनपद-बलरामपुर**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

## पश्चिम एशिया संघर्ष और व्यापक हुआ

# ईरान का बहरीन की सबसे बड़ी तेल कंपनी पर भीषण हमला

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच शुरू हुआ युद्ध तेजी से पूरे क्षेत्र में फैल गया है। 28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष ने कुछ ही दिनों में लेबनान, खाड़ी देशों और

### ड्रोन से मचा दी तबाही

वैश्विक ऊर्जा बाजारों तक असर डाल दिया। इसी बीच बहरीन की सरकारी तेल कंपनी ने सोमवार को अपने शिपमेंट के लिए फोर्स मेज्योर की घोषणा कर दी। दरअसल, ईरान के हमले में उसकी रिफाइनरी में आग लग गई थी। बहरीन की सरकारी समाचार एजेंसी ने अप्रत्याशित घटना (फोर्स मेज्योर) की घोषणा की, जो एक कानूनी प्रक्रिया है, जिसके तहत असाधारण परिस्थितियों के कारण कोई कंपनी अपने संविदात्मक दायित्वों से मुक्त हो जाती है। कंपनी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे क्षेत्रीय संघर्ष और हाल ही में उसके रिफाइनरी परिसर पर हुए हमले से कंपनी के संचालन



प्रभावित हुए हैं। उसने इस बात पर जोर दिया कि स्थानीय मांग को अभी भी पूरा किया जा सकता है। बहरीन न्यूज एजेंसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अल मा'मीर में एक सुविधा को निशाना बनाकर की गई ईरानी आक्रामकता के कारण आग लग गई, जिसमें भौतिक क्षति की सूचना मिली है, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है। वहीं, अधिकारियों ने अग्निशमन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## घास काटने वाली मशीन से बर्फ हटा रहा आदमी

**ब्रैंपटन।** कनाडा के शहर ब्रैंपटन से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक शख्स ड्राइववे से बर्फ हटाने के लिए रेगुलर लॉन मूवर का इस्तेमाल कर रहा है। वीडियो में आदमी को ड्राइववे पर बर्फ की पतली परत पर इलेक्ट्रिक या गैस से चलने वाले मूवर को आगे-पीछे करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में आदमी लॉन मूवर से लगातार बर्फ हटाने की कोशिश करता दिख रहा है। मूवर के ब्लेड घूमते हैं लेकिन ज्यादातर गीली बर्फ को हटाने के बजाय बिखेर देते हैं। आदमी की कुछ देर की मशक्कत के बाद बर्फ कुछ हद तक हट भी जाती है। सोशल मीडिया पर लोग इस वीडियो को काफी लाइक कर रहे हैं। इस वीडियो को जर्नलिस्ट क्रिस ब्रुनेट ने शेयर किया है। क्रिस ब्रुनेट ने पोस्ट में लिखा, ब्रैंपटन के एक आदमी का लॉनमूवर से अपने ड्राइववे से बर्फ हटाने का यह वीडियो कैनेडियन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ इन्फ्लुएंसर और अकाउंट्स ने दावा किया कि वायरल वीडियो में दिख रहा आदमी एक इंडियन इमिग्रेंट है।

## 'नेतन्याहू के साथ करेंगे जंग खत्म करने का फैसला'

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में पिछले दस दिनों से जारी संघर्ष ने दुनियाभर में चिंता बढ़ा दी है। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड



### ट्रंप बोले इजरायल को तो तबाह कर देता ईरान

ट्रंप ने रविवार को कहा कि ईरान के साथ युद्ध कब खत्म होगा, इसका फैसला वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मिलकर करेंगे। ट्रंप ने यह बात द टाइम्स ऑफ़ इजरायल से एक छोटे टेलीफोनिक इंटरव्यू में कही। उन्होंने कहा कि अगर वह और नेतन्याहू न होते, तो ईरान इजरायल को पूरी तरह तबाह कर देता।

ट्रंप ने कहा कि ईरान इजरायल और आसपास के देशों को नष्ट करने वाला था। हमने मिलकर काम किया और उस देश को रोक दिया। इसके साथ ही जब उनसे पूछा गया कि क्या युद्ध खत्म करने का फैसला सिर्फ उनका होगा या नेतन्याहू की भी राय शामिल होगी, तो ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है यह साझा निर्णय होगा, थोड़ा-बहुत। हम बात कर रहे हैं।

**सही समय पर लूंगा फैसला-ट्रंप**

इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि इस जंग को खत्म करने का फैसला मैं सही समय पर लूंगा, लेकिन सब कुछ ध्यान में रखा जाएगा। इसका मतलब है कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू अपनी राय रखेंगे, लेकिन अंतिम फैसला अमेरिका के राष्ट्रपति का होगा।

इससे पहले ट्रंप ने दुनियाभर में बढ़ते तेल की कीमतों पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में अमेरिकी राष्टपति ने कहा कि अगर ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करने के लिए कुछ समय के लिए तेल की कीमतें बढ़ भी जाती हैं, तो यह दुनिया की सुरक्षा और शांति के लिए बहुत छोटी कीमत होगी।

## अमेरिकी संसद में एच-1बी प्रतिबंधों को खत्म करने के लिए विधेयक पेश

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा से संबंधित लागू किए गए कड़े प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए अमेरिकी प्रतिनिधि

### ट्रंप के फैसले पर सवाल

सभा में एक नया विधेयक पेश किया गया है। डेमोक्रेटिक सांसद बोनी वॉटसन कोलमैन ने यह विधेयक पेश कर राष्ट्रपति ट्रंप के उस फैसले को निरस्त करने की मांग की है, जिसमें एच-1बी वीजा पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियुक्त करने वाले नियोक्ताओं पर सख्त वेतन शर्तें और भारी शुल्क लगाए गए थे। राष्ट्रपति ट्रंप ने सितंबर 2025 में एक ऐसे फैसले की घोषणा की थी, जिसके तहत एच-1बी वीजा कर्मचारियों के लिए अनिवार्य वेतन स्तर को काफी बढ़ा दिया गया और ऐसे कर्मचारियों को रखने वाले नियोक्ताओं पर एक लाख डॉलर का शुल्क भी लगाया गया। इस फैसले का उद्देश्य कथित तौर पर अमेरिकी श्रमिकों के हितों की रक्षा करना था। हालांकि, डेमोक्रेटिक सांसद कोलमैन का मानना है कि यह अल्पदृष्टि वाली घोषणा अमेरिकी नियोक्ताओं, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और शोध संस्थानों के लिए बड़ी बाधाएं खड़ी कर रही है। ये संस्थान उच्च कौशल वाले पेशेवरों पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं। कोलमैन ने जोर देकर कहा कि एच-1बी वीजा प्रोग्राम कभी भी घरेलू वर्कफोर्स का विकल्प नहीं रहा है, बल्कि यह अमेरिकी और वैश्विक प्रतिभा के बीच एक सेतु का काम करता है, जो देश की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करता है।

**एच-1बी वीजा प्रोग्राम का महत्व**

एच-1बी वीजा प्रोग्राम अमेरिकी नियोक्ताओं को उन विशेष क्षेत्रों में विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जहाँ कुशल श्रमिकों की कमी होती है। विशेष रूप से टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में इस कार्यक्रम की महत्ता सर्वविदित है।

## लेबनान में हड्डियों तक को गला देने वाले केमिकल के इस्तेमाल का दावा

**नई दिल्ली।** मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच ने इजरायल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के एक गांव पर व्हाइट फॉस्फोरस वाले

### इजरायल पर लगा गंभीर आरोप

गोले दागे, जो अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत विवादित और खतरनाक हथियार माने जाते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, संगठन ने सात तस्वीरों को जियोलोकेट और सत्यापित कर यह निष्कर्ष निकाला कि इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के योहमोर गांव के रिहायशी इलाकों में तोपखाने के जरिए व्हाइट फॉस्फोरस का इस्तेमाल किया। यह हमला उस समय हुआ जब इस्राइली सेना ने कुछ घंटे पहले ही गांव के निवासियों और दक्षिणी लेबनान के कई अन्य गांवों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि वह स्वतंत्र रूप से यह पुष्टि नहीं कर पाया कि उस समय गांव में कोई नागरिक मौजूद था या इस हमले में किसी को नुकसान पहुंचा।

**व्हाइट फॉस्फोरस कैसे है हानिकारक?**

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के मुताबिक, घनी आबादी वाले क्षेत्रों में व्हाइट फॉस्फोरस का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन



माना जाता है। यह रासायनिक पदार्थ अत्यधिक गर्म होकर जलता है, जिससे इमारतों में आग लग सकती है और यह मानव शरीर को हड्डियों तक जला सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मामूली जलन के बाद भी पीड़ितों को संक्रमण, अंगों के फेल होने या सांस संबंधी गंभीर समस्याओं का खतरा बना रहता है। ह्यूमन राइट्स वॉच के लेबनान शोधकर्ता रामजी काइस ने कहा कि रिहायशी इलाकों के ऊपर इस्राइली सेना द्वारा व्हाइट फॉस्फोरस का इस्तेमाल बेहद चिंताजनक है और इससे नागरिकों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इस मामले पर इस्राइली सेना की ओर से तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, इससे पहले सेना यह कहती रही है कि वह व्हाइट फॉस्फोरस का इस्तेमाल स्मोक स्क्रीन बनाने के लिए करती है, न कि नागरिकों को निशाना बनाने के लिए।

## महंगे क्रूड ऑयल से कांपी पाक की अर्थव्यवस्था

### आईएमएफ के सामने फिर झोली फैलाएंगे शहबाज

**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का असर अब पाकिस्तान की पहले से लचर अर्थव्यवस्था पर और भारी पड़ता दिख रहा है। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को अब तेल की महंगी कीमतों की नई मार झेलनी पड़ सकती है। इस बात की चेतावनी खुद पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने दी। उन्होंने बताया कि मौजूदा हालात जारी रहे तो देश का मासिक तेल आयात बिल करीब 600 मिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कर्ज और महंगाई से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए यह स्थिति दोहरी आर्थिक चुनौती बनती जा रही है। पाकिस्तानी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को एक बैठक के दौरान वित्त मंत्री ने यह जानकारी दी। वित्त मंत्री ने बैठक में बताया कि अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष और बढ़ता है तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर




प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। ऐसे हालात से पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पर और दबाव बढ़ सकता है। सरकार ने कहा है कि बढ़ती तेल कीमतों से होने वाले आर्थिक असर से निपटने के लिए वैकल्पिक योजनाएं तैयार की जा रही हैं। हालांकि दूसरी ओर एक खबर यह भी सामने आ रही है कि पाकिस्तान इस आर्थिक तंगी और बढ़ते तेल की कीमतों से निपटारा के लिए एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने भीख की गुहार लगा सकता है।

## पूर्व अमेरिकी एनएसए ने ईरान से जंग पर जताई चिंता

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष अब अपने दसवें दिन में प्रवेश कर चुका है। इसके बाद भी ये

- युद्ध का कोई उद्देश्य साफ नहीं
- ट्रंप की रणनीति की आलोचना की

संघर्ष कम होने के बजाय और भयावह रूप लेता नजर आ रहा है। इसी बीच अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन के ईरान के साथ युद्ध को लेकर चिंता व्यक्त की है। साथ ही ट्रंप की ईरान के साथ युद्ध नीति की आलोचना भी की है। उन्होंने कहा है कि युद्ध एक स्पष्ट रणनीतिक उद्देश्य के बिना भटक सकता है, भले ही अमेरिकी सैन्य अभियान सामरिक स्तर पर सफल दिख रहे हों। सुलिवन ने सीएनएन के शो फरेद जकारिया जीपीएस में कहा कि अमेरिकी सेना बहुत कुशल, साहसी और पेशेवर है, लेकिन युद्ध का अंतिम उद्देश्य अब भी साफ नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह युद्ध अमेरिकी सैनिकों के लिए खतरा पैदा कर रहा है, और अब तक सात सैनिकों की जान जा चुकी है। उनका कहना है कि प्रशासन ने युद्ध के लिए कई अलग-अलग वजहें बताई हैं, लेकिन कोई स्पष्ट रणनीति नहीं है, और यह समय के साथ बदलती रहती हैं। सुलिवन ने आगे कहा कि युद्ध के शुरुआती एक हफ्ते से भी ज्यादा समय बाद अस्पष्ट रणनीति एक गंभीर जोखिम है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन की वेनेजुएला में पहले की कार्रवाई से गलत सबक लेने की भी आलोचना की। उनका कहना है कि इससे यह संदेश जा सकता है कि अमेरिका कहीं भी, किसी भी समय सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकता है।

**भू-राजनीतिक खतरे और रूस का फायदा**

इसके साथ ही सुलिवन ने चेतावनी दी कि इस युद्ध के अनपेक्षित भू-राजनीतिक परिणाम हो सकते हैं, जिससे खासकर रूस को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि रूस अमेरिकी सैनिकों के ठिकानों की जानकारी हासिल कर ईरान को मदद दे सकता है। इसके अलावा पूर्व सलाहकार ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू करने का फैसला यूक्रेन के लिए अमेरिका के समर्थन को कमजोर करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह युद्ध भू-राजनीति में खतरनाक मिसाल बना सकता है, और चीन इसे यह सोचकर देख सकता है कि ताइवान पर सैन्य कार्रवाई करने की उसकी क्षमता बढ़ गई है। सुलिवन ने निष्कर्ष निकाला कि युद्ध के बिना स्पष्ट रणनीति के जारी रहने से न सिर्फ अमेरिकी सैनिक खतरे में हैं, बल्कि यह दुनिया भर में बड़े देशों के लिए गलत संदेश भी भेज सकता है।

## यूएस आर्मी ने आईआरआईएस डेना पर हमले से पहले वॉरशिप छोड़ने की दी थी चेतावनी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना ने चार मार्च को श्रीलंका के तट के पास हिंद महासागर में ईरानी वॉरशिप आईएसआईएस डेना पर हमला

### नाविक ने अंत समय में पिता को किया था फोन

किया था। यूएस सबमरीन ने ईरानी वॉरशिप को डुबो दिया था। फारसी भाषा के सैटेलाइट टीवी चैनल और न्यूज नेटवर्क ईरान इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आईआरआईएस डेना के एक नाविक ने बताया कि अमेरिकी सेना ने क्रू को दो बार वॉरशिप छोड़ने की चेतावनी दी।

रिपोर्ट में नाविक के परिवार के एक करीबी सोर्स के हवाले से बताया गया है कि अमेरिका की दो चेतावनियों के बावजूद, आईआरआईएस डेना के कमांडर ने क्रू को जहाज छोड़ने की इजाजत नहीं दी। रिपोर्ट में बताए सोर्स के मुताबिक, नाविक के पिता ने कहा कि कुछ क्रू मेंबर्स ने कमांडर से बहस की थी। नाविक के पिता ने यह भी बताया कि हमले में बचने वाले 32 नाविक असल में वे थे, जो चेतावनी के बाद लाइफबोट पर भागने में कामयाब रहे थे।

ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए वॉरशिप पर हुए हमले की जानकारी दी। विदेश मंत्री ने बताया, फ्रिगेट पर 130 नाविक थे। ईरानी युद्धपोत से डिस्ट्रेस सिग्नल मिलने के बाद जब तक श्रीलंकाई नेवी मौके पर पहुंची, तब तक उसने देखा कि फ्रिगेट डूब चुका था। विदेश मंत्री ने आगे बताया, 32 क्रू मेंबर समुद्र में लाइफबोट पर तैर रहे थे। लंकाई नेवी ने 32 नाविकों को बचाया और उन्हें किनारे पर ले आई। ईरानी नेवी का एक और जहाज आईआरआईएस बुशहर, जिस पर 208 क्रू मेंबर सवार थे, उन्होंने आइलैंड देश में शरण ले ली।

## पाकिस्तान में 20 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मुठभेड़ में करीब 20 आतंकियों को ढेर कर दिया है। खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने पांच अलग-अलग खुफिया अभियानों में 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर ने रविवार को बताया कि ये अभियान 6 और 7 मार्च को चलाए गए थे। सबसे बड़ी कार्रवाई बाजौर जिले में हुई, जहां भीषण गोलाबारी के बाद पांच आतंकियों को ढेर कर दिया गया। इसके अलावा बन्नू, डेरा इस्माइल खान, खैबर और दक्षिण वजीरिस्तान जिलों में हुई मुठभेड़ों में आठ अन्य आतंकी मारे गए। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने रविवार रात पंजाब प्रांत में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के चार आतंकवादियों को मार गिराया। पंजाब पुलिस के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट के अनुसार, पंजाब का डेरा गाजी खान जिला एक बड़े आतंकवादी हमले से बाल-बाल बच गया, क्योंकि फितना अल-खवारिज के चार आतंकवादी सीमावर्ती गांव जोतार के पास गोलीबारी में मारे गए।

## नेपाल संसदीय चुनाव में 14 महिलाओं की जीत

**काठमांडू।** नेपाल में हाल ही में संपन्न संसदीय चुनाव में 14 महिलाएं संसद के लिए चुनी गई हैं, जो कुल सीटों का करीब आठ प्रतिशत से

### आरएसपी ने 13 सीटों पर दर्ज की बड़ी सफलता

थोड़ा अधिक है। इनमें से 13 सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने जीत दर्ज की है, जबकि एक सीट नेपाली कांग्रेस के खाते में गई है। यह आंकड़ा पिछले चुनावों की तुलना में बेहतर माना जा रहा है।

वर्ष 2022 के चुनाव में केवल 9 महिला उम्मीदवार ही जीत पाई थीं, जो कुल सीटों का करीब 5.45 प्रतिशत थीं। नेपाल के संविधान में संसद में महिलाओं के लिए कम से कम 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व का प्रावधान है, लेकिन अब तक राजनीतिक दल इस लक्ष्य को पूरा करने में सफल नहीं हो पाए हैं। प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत इस बार 14 महिलाओं की जीत के साथ उनका प्रतिनिधित्व लगभग 8.48 प्रतिशत तक पहुंचा है। नेपाल की प्रतिनिधि सभा में कुल 275 सीटें हैं। इनमें से 165 सदस्य प्रत्यक्ष चुनाव के जरिए चुने जाते हैं, जबकि 110 सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से संसद में आते हैं। इस बार चुनाव में कई महिला उम्मीदवारों ने बड़े नेताओं को हराकर जीत हासिल की। इंदिरा रनमागर ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए सीपीएन-यूएमएल के नेता और भंग हुई प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देव राज घिमिरे को 48,742 वोटों के अंतर से हराया। रनमागर को 60,110 वोट मिले, जबकि घिमिरे को 11,368 वोट प्राप्त हुए। इसी तरह रुबिना आचार्य ने नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शेखर कोइराला को बड़े अंतर से पराजित किया। आचार्य को 55,513 वोट मिले, जबकि कोइराला को 12,850 वोट मिले।

## अमेरिका में भारतीय छात्र का बंदूक लहराते वीडियो वायरल

### सोशल मीडिया पर उठी डिपोर्ट करने की मांग

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक भारतीय छात्र का हैंडगन चलाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में भारतीय छात्र एक स्टोर के भीतर हैंडगन पकड़े हुए नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद इसने नया विवाद खड़ा कर दिया है और सोशल मीडिया यूजर्स उसके निर्वासन (डिपोर्ट) की मांग कर रहे हैं।

दरअसल, वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि जिस भारतीय छात्र के हाथ में हैंडगन है, उसका नाम अखिलेश चेतला रवि है। वह एच-1 छात्र वीजा पर अमेरिका में है। वह नियमों के विरुद्ध जाकर कैंपस के बाहर एक किराने की दुकान या पेट्रोल पंप पर अवैध रूप से काम कर रहा था। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में अखिलेश चेतला रवि एक हैंडगन पकड़े हुए देखा जा सकता है, जबकि बैकग्राउंड में रेडियो पर गोलीबारी की आवाज सुनाई दे रही है। इस वीडियो का लिंक सबसे पहले रवि के स्नैपचैट अकाउंट से लिंक किया गया था, जिसके बाद यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो क्लिप साझा करने वाली पोस्टों में दावा किया गया कि रवि एफ-1 छात्र वीजा पर संयुक्त राज्य अमेरिका में था और वीडियो में दिखाई गई दुकान पर कैंपस के बाहर अवैध रूप से काम कर रहा था। अमेरिकी वीजा नियमों के तहत, एफ-1 छात्रों के लिए विश्वविद्यालय के बाहर रोजगार पर सख्त प्रतिबंध हैं और उन्हें अनधिकृत काम करने की अनुमति नहीं है।

## नारीत्व को मिला है अपने व्यक्तित्व का सम्मान

**मुंबई।** नारीत्व की खूबसूरती, ताकत और हिम्मत को सलाम करने का दिन है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस। इस मौके पर जी टीवी की लीड अभिनेत्रियों ने महिला होने की खुशी, अपने सामने



आई चुनौतियों को साझा किया। 'गंगा माई की बेटियां' में स्नेहा का किरदार निभा रहीं अमनदीप सिद्धू ने कहा, 'मेरा मानना है कि हर इंसान, चाहे वो महिला हो या पुरुष, उसे उसके अच्छे काम, सकारात्मक सोच और दयालुता के लिए हर दिन सराहा जाना चाहिए।' 'जाने अनजाने हम मिले' में रीत का किरदार निभा रहीं आयुषी खुराना ने कहा, 'महिला दिवस हमें याद दिलाता है कि हम कितनी दूर तक पहुंच चुके हैं और अभी कितना आगे जाना बाकी है।' 'लक्ष्मी निवास' में राधिका का किरदार निभा रहीं अक्षिता मुदगल ने कहा, 'आज महिलाएं अपने व्यक्तित्व के लिए सम्मान पा रही हैं और अपनी शर्तों पर जिंदगी जी रही हैं।' 'जगद्धात्री' में जगद्धात्री का किरदार निभा रहीं सोनाक्षी बत्रा ने कहा कि महिला दिवस पर मैं हर उस महिला का जश्न मनाती हूं जो हिम्मत के साथ आगे बढ़ती है, दूसरों को अपनापन देती है। 'तुम से तुम तक' में अनु का किरदार निभा रहीं निहारिका चौकसे ने कहा, 'इस इंटरनेशनल विमेन्स डे पर मुझे गर्व है कि मैं उन कहानियों का हिस्सा हूं जो मजबूत और आगे बढ़ती महिलाओं का जश्न मनाती हैं।' 'वसुधा' में वसुधा का किरदार निभा रहीं प्रिया ठाकुर ने कहा, 'आज मैं हर उस महिला का जश्न मनाती हूं जो मुश्किल दिनों में भी गरिमा के साथ उठकर आगे बढ़ती है।' मेरी

## उद्देश्य, महिला की हर भूमिका का सम्मान

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस साल की थीम 'गिव टू गेन' इस विचार को सामने लाती है कि जब महिलाएँ प्रेम, साहस, मार्गदर्शन या अवसर देती हैं, तो बदले में उन्हें आत्मविश्वास, अनुभव और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इसी भावना को साझा करते हुए एण्डटीवी के प्रमुख कलाकारों ने अपने अनुभव साझा किए। आगामी शो 'हे भगवान-कितना बदल गया इंसान' में ईना की भूमिका निभा रहीं अक्षया नाइक कहती हैं, 'मेरे लिए 'गिव टू गेन' का मतलब है कि जब हम किसी दूसरी महिला के सपनों का साथ देते हैं, तो हम सब मिलकर मजबूत बनते हैं।' 'घरवाली पेड़वाली' में लतिका का किरदार निभा रहीं प्रियंवदा कांत कहती हैं, 'मेरे लिए 'गिव टू गेन' का मतलब है दया देना, मार्गदर्शन देना और जहाँ संभव हो अवसर देना। जब हम किसी दूसरी महिला को



आगे बढ़ाते हैं, तो हमें भी आत्मविश्वास और एकता मिलती है।' 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा कहती हैं, ''गिव टू गेन' मुझे यह याद दिलाता है कि हम जितना देते हैं, उतना ही अनुभव, साहस और दूसरों को प्रेरित करने की शक्ति भी पाते हैं।' 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' में अंगूरी भाबी का किरदार निभा रहीं शिल्पा शिंदे कहती हैं, 'मेरा मानना है कि एक महिला होने का मतलब है हर भूमिका को पूरे दिल और दृढ़ता के साथ निभाना।

## बाजार दर्पण

